वर्ष 10 अंक 55
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
3 दिसंबर 2024
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 'नौसेना के लिए 26 राफेल-एम जेट, तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बी की... | 06 मुलुगु : नक्सल विरोधी अभियान की सीमा : ऋषभदेव शर्मा | 11 हमने सही मिश्रण ढूंढ लिया है: हार्दिक पंड्या















# लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच धक्का मुक्की, प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोका गया




संभल जाने के लिए अजय राय की मदद हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस से की धक्का मुक्की

**लखनऊ/संभल,** (भाषा) उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल को सोमवार को पुलिस ने हिंसा प्रभावित संभल जाने से रोका, जिसके चलते उसके कार्यकर्ताओं ने राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की।

पुलिस ने रविवार रात को ही राजधानी लखनऊ में पार्टी कार्यालय और उसके कई नेताओं के आवास के बाहर अवरोधक लगा दिए थे। कांग्रेस के यह नेता उसकी प्रदेश इकाई के प्रमुख अजय राय के साथ संभल दौरे पर जाने वाले थे। जब राय के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संभल के लिए कूच करने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें अवरोधक लगाकर रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और उसके कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और पुलिस के साथ उनकी धक्का मुक्की भी हुई।

कांग्रेस पार्टी ने हिंसा प्रभावित जिले में जाने से अपने नेताओं को रोकने की पुलिस कार्रवाई को ₹लोकतंत्र विरोधी₹ करार दिया है।

कांग्रेस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोका गया है। प्रदेश सरकार की इस तानाशाही का राय सहित कांग्रेस के साथियों ने भारी विरोध किया है। इस सरकार और पुलिस की मनमानी से हमारा साहस टूटने नहीं जा रहा। हम संभल में शांति स्थापित करने और लोगों को न्याय दिलाने का प्रयास जारी रखेंगे।" दिल्ली से संभल जा रहे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी उत्तर प्रदेश की सीमा पर रोक दिया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी उन लोगों में शामिल थे जिन्हें पुलिस द्वारा रोका गया। संभल में 19 नवंबर से ही तनाव व्याप्त है, जब अदालत के आदेश पर एक मुगलकालीन मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था। क्योंकि यह दावा किया गया है कि उस स्थान पर पहले हरिहर मंदिर था।

अदालत के आदेश पर शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान 24 नवंबर को संभल में हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। यह सर्वेक्षण उस याचिका से जुड़ा है जिसमें दावा किया गया है कि इस मस्जिद के स्थान पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।

संभल में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को संभल आना था, लेकिन पुलिस प्रशासन हर किसी को संभल आने से रोक रहा है। अहमद ने कहा कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को संभल में शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने, स्थिति का जायजा लेने और शांति की अपील करने के लिए आना था। तौकीर अहमद ने कहा, "इससे पूर्व जिला प्रशासन ने 30 नवंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी थी और इससे पहले ही हमने घोषणा की थी कि हमारा प्रतिनिधिमडंल दो दिसंबर को संभल जाएगा। लेकिन, अब पुलिस प्रशासन हर किसी को संभल आने से रोक रहा है जोकि लोकतंत्र के खिलाफ है।" उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और संभल जिला प्रशासन हिंसा को रोकने में पूरी तरह से विफल रहा है।

इस बीच, लखनऊ के मॉल एवेन्यू इलाके में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात कर अवरोधक लगा दिए गए हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के अन्य नेताओं को संभल के लिए निकलने का प्रयास करते हुए देखा गया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा ने लखनऊ में विधानसभा के बाहर संवाददाताओं को से कहा, "संभल की घटना कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि एक बड़ी घटना है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल तथ्यों का पता लगाने के लिए वहां जाना चाहता था। लेकिन, कल रात से मुझे नजरबंद कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय सहित हमारी पार्टी के नेताओं को संभल जाने से रोका जा रहा है।"

मिश्रा ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की तरफ से पूर्ण अराजकता है। सरकार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू होने का हवाला देकर अपनी विफलता छिपाने की कोशिश कर रही है, और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ से संभल जाने की अनुमति नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि बीएनएसएस की धारा 163 संभल में लगाई गई है, लखनऊ में नहीं। इससे पहले, अजय राय ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "हमने दो दिसंबर को संभल जाने का निर्णय किया था। जनप्रतिनिधियों के संभल में प्रवेश पर रोक 30 नवंबर तक हटाई जानी थी। अब उन्होंने अचानक यह रोक 10 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। सरकार स्पष्ट रूप से अपनी खामियां छिपाना चाहती है।"

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कई पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस कमेटी कार्यालय में ही रात बिताई। राय ने कहा, "यदि हमें रोका गया तो हम गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हम महात्मा गांधी के अनुयायी हैं।"

## न्यायालय ने मतदाता संख्या बढ़ाने पर निर्वाचन आयोग का रुख पूछा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई है।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने निर्वाचन आयोग से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने कहा, ''हम चिंतित हैं। किसी भी मतदाता को वंचित नहीं किया जाना चाहिए।'' पीठ ने आयोग की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाने संबंधी फैसले का औचित्य स्पष्ट करते हुए एक संक्षिप्त हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, ''निर्वाचन आयोग की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा है कि वे एक संक्षिप्त हलफनामे के जरिये स्थिति स्पष्ट करेंगे। हलफनामा तीन हफ्ते के भीतर दाखिल किया जाए।''

सिंह ने कहा कि पीठ ईवीएम को लेकर लगातार लगाए जा रहे आरोपों से वाकिफ है। उन्होंने कहा, ''आरोप लगते रहेंगे। 2019 से मतदान ऐसे ही हो रहा है और मतदाता संख्या बढ़ाने से पहले हर निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक दलों से परमार्श किया जा रहा है।''

# नोएडा: दिल्ली कूच के लिए सीमाओं पर डटे किसानों की पुलिस के साथ झड़प, जाम भी लगा



**नोएडा** (उत्तर प्रदेश), (भाषा) नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में वर्षों से लंबित विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को यहां के किसान दिल्ली कूच करने के लिए सीमा पर डटे हुए हैं।

दिल्ली की ओर कूच करने के प्रयास में उनकी पुलिस के साथ झड़प हुई तथा दिल्ली से सटी सीमाओं पर भीषण जाम लग गया है।

दिल्ली कूच के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य वाहनों पर आए किसानों ने अपने अपने संगठन के बैनर तले, नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्र होकर नारेबाजी की।

पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया और इस दौरान किसानों की उनके साथ झड़प हुई।पुलिस ने उन्हें नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर दो पर रोक दिया है और किसान वहीं बैठ कर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगा रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि यातायात को अन्य मार्गों की तरफ मोड़ दिया गया है जिससे नोएडा से दिल्ली की तरफ जाने के लिए चिल्ला, कालिंदी कुंज, डीएनडी सीमा पर वाहनों की लंबी कतार देखी जा रही है।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉ. रुपेश वर्मा ने दावा किया कि मोर्चा अबकी बार किसानों की मांगों को हर हाल में पूरी करवा कर वापस लौटेगा।

उन्होंने बताया कि किसान अधिगृहित जमीन के एवज में मिलने वाले सात प्रतिशत और पांच प्रतिशत भूखंड के बदले 10 प्रतिशत भूखंड आवंटन की मांग कर रहे हैं। उनकी मांगों में नये भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभों को लागू करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 10 फीसदी भूखंड आवंटन का मसला वर्षों से लंबित है।

## न्यायालय ने प्रदर्शनकारी किसान नेताओं से यह ध्यान रखने को कहा कि लोगों को असुविधा न हो

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से कहा कि वह प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्ग बाधित नहीं करने और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखने के लिए समझाएं। डल्लेवाल किसानों की मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए खनौरी सीमा पर आमरण अनशन पर हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने डल्लेवाल की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निपटारा कर दिया। डल्लेवाल को २६ नवंबर को पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी विरोध स्थल से हटा दिया गया था। पीठ ने कहा, "हमने देखा है कि उन्हें रिहा कर दिया गया है और उन्होंने शनिवार को एक साथी प्रदर्शनकारी को आमरण अनशन समाप्त करने के लिए राजी भी किया।"

## लोकसभा में हंगामे के बीच पेश किया गया तटीय पोत परिवहन विधेयक, 2024

**नयी दिल्ली,** (भाषा) तटीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य वाला एक विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच विधेयक पेश किया।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सदस्य अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे और संभल हिंसा से संबंधित मुद्दे को उठाने की कोशिश कर रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे। विधेयक में भारतीय जहाजों के अलावा अन्य पोतों द्वारा बिना लाइसेंस के तटीय जल में व्यापार करने पर प्रतिबंध लगाने और अंतर्देशीय जहाजों को कुछ शर्तों के साथ तटीय व्यापार में संलग्न होने की अनुमति देने का प्रावधान प्रस्तावित है। इसमें महानिदेशक को कुछ कारकों पर विचार करने के बाद लाइसेंस जारी करने का अधिकार देने की बात कही गई है, जिनमें चालक दल की नागरिकता व जहाज की निर्माण संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं, ताकि भारतीय समुद्री नाविकों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार सृजित किए जा सकें।

# लोकसभा: विपक्ष का हंगामा, बैठक दिनभर के लिए स्थगित



**नयी दिल्ली,** (भाषा) विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की बैठक सोमवार को एक बार के स्थगन के बाद पुनः शुरू होने के करीब आठ मिनट के अंदर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी।

सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर जैसे ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य पिछले सप्ताह की तरह ही आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस सदस्य अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं सपा सांसद संभल हिंसा का मुद्दा उठाते देखे गए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामे के बीच ही कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर भी दिए। बिरला ने इस दौरान नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, ''प्रश्नकाल आपका समय है। कृपया प्रश्नकाल चलने दें और अपनी-अपनी सीट पर विराजें।'' बिरला के बार-बार अपील करने के बाद भी आसन के समीप खड़े कांग्रेस और सपा सांसदों की नारेबाजी जारी रही। हंगामा नहीं थमने पर लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर पांच मिनट पर दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

# संसद में गतिरोध टूटा, दोनों सदनों में होगी संविधान पर चर्चा



**नयी दिल्ली,** (भाषा) सरकार और विपक्षी दलों के बीच बनी सहमति के बाद संसद में संविधान पर चर्चा की तिथियों की घोषणा के साथ ही 25 नवंबर को शीतकालीन सत्र शुरू होने के समय से जारी गतिरोध सोमवार को टूट गया और अब मंगलवार से लोकसभा तथा राज्यसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने की संभावना है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को विभिन्न दलों के सदन के नेताओं के साथ बैठक की जहां गतिरोध खत्म करने में सफलता मिली।

विपक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐलान किया कि लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा होगी तथा राज्यसभा में यह चर्चा 16 और 17 दिसंबर को होगी।

बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल संसद में गतिरोध दूर करने के लिए सहमत हो गए हैं तथा मंगलवार से दोनों सदनों में सुचारू तरीके से कामकाज होगा।

रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि निचले सदन में 13 और 14 दिसंबर को और उच्च सदन में 16 और 17 दिसंबर को संविधान पर चर्चा होगी।

विपक्षी दलों ने संविधान सभा द्वारा संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग की थी। ीजीजू ने उम्मीद जताई कि मंगलवार से संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आशा की जाती है कि ''मोदी सरकार मंगवार से दोनों सदनों को चलने देगी।'' रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 26 नवंबर को लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संविधान पर दो दिवसीय विशेष चर्चा का अनुरोध किया था। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी उस दिन सभापति को ऐसा ही पत्र लिखा था। छह दिन बाद इस अनुरोध को मोदी सरकार ने स्वीकार किया है और कांग्रेस तथा 'इंडिया' गठबंधन की अन्य पार्टियों के अनुरोध के अनुसार चर्चा की तारीखों की घोषणा की गई है।'' उनका कहना है, ''आशा है अब मोदी सरकार कल से दोनों सदनों को चलने देगी।''

गत 25 नवंबर से आरंभ हुए संसद के शीतकालीन सत्र में अब तक गतिरोध बना हुआ था। कांग्रेस सदस्य अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं समाजवादी पार्टी सांसद संभल हिंसा के मामले पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

कांग्रेस भले ही संसद में अदाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा की मांग कर रही थी, लेकिन 'इंडिया' गठबंधन में उसकी सहयोगी तृणमूल कांग्रेस तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों ने इस मामले को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। तृणमूल कांग्रेस ने सत्र के दौरान 'इंडिया' गठबंधन की संयुक्त रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित विपक्ष की बैठकों से भी दूरी बना ली थी। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ कांग्रेस के एजेंडे पर अपनी मुहर लगाने के लिए वहां नहीं हो सकती। पिछले सप्ताह सोमवार से शुरु हुए संसद के शीतकालीन सत्र में अभी तक कोई खास विधायी कामकाज नहीं हो सका है और पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया।




# देशभर की संस्थाओं और राजनेताओं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनकी राष्ट्रभक्ति को याद किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

प्रगतिशील आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी सुरेंद्र पाल सिंह को सैकड़ो लोगों ने दी श्रद्धांजलि__(नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो) हिसार _विगत दिवस प्रसिद्ध सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता श्री सुरेंद्र पाल सिंह की याद में कल हिसार में स्मृति सभा का आयोजन किया गया।





स्मृति सभा में स्वराज इंडिया अभियान के संयोजक योगेन्द्र यादव, पूर्व आयुक्त युद्धवीर सिंह ख्यालिया, पूर्व आईएएस अधिकारी जयवंती श्योकंद, एचएयू के पूर्व छात्र नेता वीरेंद्र सिंह मलिक, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता कामरेड इंद्रजीत सिंह, भगत सिंह से दोस्ती मंच व अंतराष्ट्रीय गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव एडवोकेट राममोहन राय, सीटू नेता कामरेड सतबीर सिंह, जनवादी महिला समिति की नेता शकुंतला जाखड़, आगाज ए दोस्ती यात्रा मंच की संयोजक इंदु धवन और दीपक Kathuria , कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर सुभाष सैनी, कॉलेज टीचर्स यूनियन के महासचिव सुनील कुमार, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के नेता प्रमोद गौरी, किसान सभा के नेता कामरेड फुल सिंह श्योकंद, दिनेश सिवाच, दिलीप सिंह, प्रोफेसर अजीत, राजेंद्र छोक्कर, प्रोफेसर राजेंद्र चौधरी, कामरेड ओम प्रकाश, डॉक्टर बलजीत भ्याण, मियां सिंह, कर्नल जयवीर सिंह, अरुण कैहरबा, दीपक लाम्बा, कुमारी पल्लवी, सबिता मलिक सहित सैंकड़ों गणमान्य नागरिकों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इनके अलावा जनवादी लेखक संघ हिसार, ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन, माता सीता रानी सेवा संस्थान, एसयूसीआई, मेवात विकास सभा, नीडा मुंबई, ईप्टा, फोकलोक सोसाइटी, गांधी ग्लोबल फैमिली, जम्मू महिला चेतना केंद्र, हरियाणा नागरिक विचार मंच, ओमप्रकाश ग्रेवाल अध्ययन संस्थान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, बीआर अंबेडकर सभा की ओर से भी शोक संवेदना व्यक्त की गई।श्री सुरेंद्र पाल सिंह का गत 23 नवंबर को कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझते हुए पंचकूला में निधन हो गया था तथा शैक्षिक शोध के लिए पीजीआईएमएस चंडीगढ़ में उनकी देह को दान कर दिया गया था। वे बेहद संवेदनशील और मानवीय मूल्यों से भरपूर इंसान थे। वे छात्र जीवन से ही प्रगतिशील आंदोलनों में सक्रिय रहे। वे एसएफआई के राज्य महासचिव रहे। वे पेशे से बैंक में अधिकारी रहे। नौकरी से वीआरएस लेकर उन्होंने हरियाणा इंसाफ सोसायटी, स्वराज इंडिया अभियान, भारत जोड़ो अभियान, आरक्षण हिंसा के बाद बने जन आयोग, आम आदमी पार्टी, किसान आंदोलन को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाई। उन्होंने 2014 में अंबाला से आम आदमी पार्टी की टिकट पर लोकसभा चुनाव भी लड़ा। वे बहुत ही अध्ययनशील, जिज्ञासु और हौंसला देने वाले इंसान थे। हमेशा समाज के शोषण और पीड़ित तबकों की बेहतरी के लिए काम करते रहे। वे सब को संभालने वाले, सभी को साथ लेकर चलने वाले तथा सभी की चिंता करने वाले इंसान थे। वे वामपंथी विचारों से प्रेरित थे लेकिन उन्होंने गांधी, अंबेडकर और दूसरे विचारों को भी अपने जीवन में उतारा।

वे जीवन भर एक बेहतर समाज के निर्माण में लगे रहे। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि उन्होंने अपने विचारों को जमीन पर उतारने में विश्वास रखा। लोक साहित्य, लोक इतिहास पर उनकी गहरी पकड़ थी। उन्होंने अनेक पुस्तकें और लेख भी लिखे। हम उन्हें याद करते हुए सलाम करते है। उनकी जीवनसाथी गीता पाल, उनके बेटे नील, बेटी आकांक्षा व अन्य परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

# पुलिस ने दिल्ली जाने से किसानों को रोका, दलित प्रेरणा स्थल पर डाला डेरा

नोएडा, (भाषा) अपनी दस प्रमुख मांगों को लेकर दिल्ली कूच के लिए निकले गौतमबुद्ध नगर के किसानों को दिल्ली की दहलीज में पहुंचने से पहले ही पुलिस ने रोक दिया।



महामाया फ्लाईओवर के रास्ते दिल्ली जा रहे किसानों को नोएडा पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल से आगे नहीं बढ़ने दिया। इस कारण नाराज किसान बीच सड़क पर ही धरना देकर बैठ गए। शाम को पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने शासन स्तर पर किसानों को वार्ता कराने का आश्वासन देकर दिल्ली-नोएडा लिंक रोड को खुलवाया।

हालांकि, किसान दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। रात होते-होते किसानों ने वहां पर डेरा जमा लिया। किसानों ने वहां पर खाना बनाने की व्यवस्था की तथा ठंड से बचने के लिए रजाई कंबल आदि लेकर धरने पर बैठे हैं। किसान वहां पर रागिनी गाकर और जोशीले भाषण से एक दूसरे का मनोबल बढ़ा रहे हैं।

ठंड से बचने के लिए किसानों ने अलाव भी जला लिया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बीते रविवार को वार्ता विफल होने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े संगठनों ने सोमवार को दिल्ली कूच करने की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया।

किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए दलित प्रेरणा स्थल के मुख्य गेट के सामने अवरोधक लगाकर सोमवार सुबह से ही रास्ता बंद कर दिया गया। अपराह्न करीब एक बजे महामाया फ्लाईओवर के रास्ते किसानों का हुजूम दिल्ली की तरफ बढ़ा, जिसे दलित प्रेरणा स्थल के सामने रोक दिया गया।

किसानों ने अवरोधक तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने किसानों को आगे नहीं जाने दिया। शाम करीब पांच बजे तक दलित प्रेरणा स्थल के सामने ही किसानों और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के बीच वार्ता का दौर चलता रहा।

किसान एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि अधिकारियों ने शासन के सचिव स्तर पर वार्ता कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर यदि वार्ता नहीं कराई गई तो किसान फिर दिल्ली में जाकर संसद का घेराव करने के लिए निकलेंगे।

# यूपीएससी कोचिंग शिक्षक अवध ओझा आम आदमी पार्टी में शामिल हुए

नयी दिल्ली, (भाषा) सिविल सेवा कोचिंग शिक्षक और प्रेरक वक्ता अवध ओझा सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए।



ओझा ने कहा कि वह पार्टी की बच्चों के भविष्य पर केंद्रित विचारधारा से जुड़े हैं और उन्होंने शिक्षा के विकास को अपनी सबसे बड़ी महत्वाकांक्षा बताया। ओझा ने केजरीवाल नीत पार्टी में शामिल होने के बाद कहा, ''शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो हमारे परिवारों की आत्मा, हमारे समाज की संरचना और हमारे राष्ट्र की आधारशिला बनाती है। दुनिया भर के सभी महान राष्ट्रों ने शिक्षा को अपनी प्रगति के आधार के रूप में रखा है।''

उन्होंने कहा, '' मैं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे राजनीति के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का मौका दिया।''

आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि ओझा के पार्टी में शामिल होने से शिक्षा प्रणाली में सुधार के उसके प्रयासों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा, ''जब भी हम आम आदमी पार्टी में किसी नए नेता का स्वागत करते हैं, तो हम अक्सर कहते हैं कि उनकी उपस्थिति से पार्टी मजबूत होगी। आज मैं कहना चाहूंगा कि अवध ओझा के राजनीति में आने से देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।''

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, '' आप शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य करने में सबसे आगे रही है और इस मंच के माध्यम से, शिक्षा में ओझा का योगदान देश को और सशक्त बनाएगा और हम मिलकर बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने के लिए काम करेंगे।''

सिसोदिया ने कहा कि यह एक विशेष दिन है और ओझा शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। सिसोदिया ने कहा, ''उन्होंने न केवल लाखों युवाओं को प्रेरित किया है, बल्कि अपने प्रयासों से उनका जीवन भी बदला है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न माध्यमों से उन्होंने जो प्रभावशाली कार्य किया है, यह एक महान शिक्षक के रूप में उनके कद को दर्शाता है।'' आप द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, ओझा ने इतिहास में विशेषज्ञता के साथ 2005 में अपना शिक्षण करियर शुरू किया। उनके पास हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर, एलएलबी, एमफिल और हिंदी साहित्य में पीएचडी सहित कई शैक्षणिक योग्यताएं हैं।

# संभल हिंसा के विरोध में एएमयू के छात्रों ने निकाला मार्च, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

अलीगढ़ (उप्र) (भाषा) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में छात्रों के एक समूह ने संभल में हुई हालिया हिंसा के खिलाफ सोमवार को अपना विरोध जताने और देश में सांप्रदायिक नफरत की कथित बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक मार्च निकाला।

प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को दोपहर बाबे सर सैयद गेट तक मार्च किया और भारत के राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उनसे देश में बढ़ते सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर संज्ञान लेने का आग्रह किया गया। एएमयू छात्रों ने मांग की है कि जिन परिवारों ने अपने सदस्यों को खो दिया है, उन्हें तुरंत न्यायोचित और उचित अनुग्रह राशि प्रदान की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को एक अदालती आदेश के तहत शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी, जिसके परिणामस्वरूप चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग घायल हो गए। पुलिस ने हिंसा के लिए 2,750 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें से अधिकांश अज्ञात हैं।

# ट्रेफिक नियमों के पालन के लिये चलाया जागरुकता अभियान



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

ग्रेनो, रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने इंटरेक्ट क्लब प्रज्ञान स्कूल के बच्चों के साथ चलाया यातायात जागरुकता अभियान।



रो0 मंजीत सिंह ने बताया कि नवंबर माह को ट्रेफिक पुलिस द्वारा यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। रोटरी क्लब द्वारा ट्रेफिक पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत लोगों को पम्पलेट व गुलाब का फूल भेंट कर जागरुक किया।क्लब अध्यक्ष रो0 शैलेश वार्ष्णेय ने बताया जगत फार्म से नॉलेज पार्क की और जा रहे रास्ते पर बिना हेल्मेट, बिना सीट बेल्ट व दोपहिया वाहन पर तीन लोग बैठे हुए लोगों को रोककर पम्पलेट व फूल देकर जागरुक किया।

उन्होंने बताया कि अभियान में पुलिस प्रशासन से ACP पवन कुमार व ट्रेफिक इंस्पेक्टर प्रफुल्ल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।अभियान में रो0 एमपी सिंह, रो0 सौरभ बंसल, रो0 निखिल गर्ग, रो0 अमित राठी, रो0 अमित गोयल, रो0 मनीष डावर, रो0 गुरुचरण सिंह, रो0 रंजीत सिंह मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ देखी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट'

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों के साथ फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी।



प्रधानमंत्री ने संसद के पुस्तकालय भवन स्थित बालयोगी सभागार में विक्रांत मैसी अभिनीत यह फिल्म देखी।

दिग्गज अभिनेता जितेंद्र और राशि खन्ना सहित कुछ अन्य कलाकारों ने भी फिल्म देखी और फिर संवाददाताओं को बताया कि मोदी ने उन्हें बताया कि यह प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली फिल्म है, जो उन्होंने देखी है।

मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी समेत अन्य नेता मौजूद थे।

धीरज सरना द्वारा निर्देशित इस फिल्म में 27 फरवरी, 2002 को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करने का दावा किया गया है, जिसमें एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के बाद अयोध्या से लौट रहे 59 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी।

पन्द्रह नवंबर को रिलीज हुई 'द साबरमती रिपोर्ट' में मैसी के अलावा राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले मैसी ने कहा कि मोदी के साथ फिल्म देखने का अनुभव अलग रहा, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की और लोगों से फिल्म देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके करियर का एक महत्वपूर्ण क्षण रहा।

फिल्म देखने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी ने फिल्म के निर्माताओं के प्रयासों की सराहना की।

जितेंद्र ने संवाददाताओं से कहा कि यह पहली बार है, जब उन्होंने बेटी एकता कपूर के कारण प्रधानमंत्री के साथ फिल्म देखी है।

अपने समय के हिंदी फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेताओं में से एक रहे जितेंद्र ने कहा, उन्होंने (मोदी) मुझसे कहा कि यह प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके द्वारा देखी गई पहली फिल्म है।

अभिनेत्री राशि खन्ना ने भी इसी तरह की टिप्पणी की और अनुभव पर खुशी व्यक्त की।

सत्तारूढ़ भाजपा ने सक्रियता से इस फिल्म का प्रचार किया है और कई राज्य सरकारों ने इसे कर-मुक्त किया।

घटना के समय मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, जिसके बाद सांप्रदायिक दंगे हुए और राज्य पुलिस ने ट्रेन के कुछ डिब्बों में आग लगाने के लिए मुस्लिम भीड़ को दोषी ठहराया था।

पुलिस द्वारा चार्जशीट किए गए कई आरोपियों को बाद में अदालतों में दोषी ठहराया गया था।

इस घटना से बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था, क्योंकि कांग्रेस के सहयोगी एवं तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा गठित जांच आयोग ने दावा किया था कि आग एक दुर्घटना थी। हालांकि, गुजरात उच्च न्यायालय ने इसके निष्कर्षों को रद्द कर दिया था और आयोग को असंवैधानिक करार दिया था।

# वक्फ विधेयक के बहाने मुसलमानों को निशाना बना रहा केंद्रः ममता

कोलकाता, (भाषा) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर सोमवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर मुसलमानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया और संसद में इसके पारित हो सकने पर संदेह जताया।



बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी का घटना और पड़ोसी देश में जारी अशांति पर बात करते हुए उन्होंने इस मामले में केंद्र की कथित निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया।

वक्फ (संशोधन) विधेयक के विरोध में एक प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विधानसभा में ममता ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला करते हुए उस पर ''विभाजन को बढ़ावा देने, संवैधानिक नियमों की उपेक्षा करने और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों, एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी), यूसीसी (समान नागरिक संहिता) और सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) जैसे मुद्दों से गलत तरीके से निपटने का आरोप लगाया।'' उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने इस विषय पर राज्य सरकारों की अनदेखी की है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''केंद्र ने वक्फ विधेयक पर हमसे परामर्श नहीं किया।'' ममता ने प्रस्तावित विधेयक के समय और प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा, ''बजट सत्र फरवरी में है। क्या आप उससे पहले राज्य के साथ इस विधेयक पर चर्चा नहीं करेंगे? क्या इसके लिए समय नहीं है? क्या आप राज्य से परामर्श नहीं करेंगे? हमने एक विज्ञापन देखने के बाद आपत्ति जताई है।'' उन्होंने केंद्र पर मुसलमानों को निशाना बनाते हुए ''विभाजनकारी एजेंडा'' को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। ममता ने कहा, ''इस वक्फ (संशोधन) विधेयक के नाम पर एक ही धर्म को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? मुसलमानों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? क्या आप विभिन्न हिंदू मंदिर न्यासों या चर्च की संपत्तियों के साथ भी ऐसा करने का साहस करेंगे? इसका जवाब है नहीं। लेकिन, एक खास समुदाय को निशाना बनाना आपके विभाजनकारी एजेंडे के अनुकूल है।''

# आबकारी नीति मामला: दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिसोदिया की याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सोमवार को जवाब मांगा, जिसमें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दाखिल आरोप पत्र का संज्ञान लेने संबंधी अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है।



न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने सिसोदिया की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए 20 दिसंबर की तारीख निर्धारित की। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की ऐसी ही एक याचिका भी आगे की सुनवाई के लिए उसी दिन सूचीबद्ध है।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने उच्च न्यायालय से अधीनस्थ अदालत के आदेश को इस आधार पर निरस्त करने का अनुरोध किया कि (उसके) विशेष न्यायाधीश ने केजरीवाल पर अभियोजन संबंधी मंजूरी के बिना आरोपपत्र का संज्ञान लिया। यह अपराध जब कथित तौर पर हुआ था, उस समय केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर थे।

सुनवाई के दौरान, सिसोदिया के वकील ने दलील दी कि आप नेता को अभियोजित करने के लिए यदि ईडी ने मंजूरी प्राप्त की थी तो उसे उच्च न्यायालय में ऐसा कहना चाहिए। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक मंजूरी और हर लोक सेवक अलग-अलग हैं। यदि उन्होंने मंजूरी ली थी तो कृपया बयान दें।' ईडी के वकील ने कहा कि वह इस वक्त बयान देने की स्थिति में नहीं हैं और याचिका पर जवाब देने के लिए वक्त मांगा। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) सोमवार को उपलब्ध नहीं हैं, जो मामले में दलील पेश करते रहे हैं।

ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज दोनों मामलों में नौ अगस्त को उच्चतम न्यायालय ने सिसोदिया को जमानत दे दी थी।

सिसोदिया ने अपनी याचिका में कहा है कि सक्षम प्राधिकार से आवश्यक मंजूरी लिये बिना आरोपपत्र दाखिल किया गया।

सीबीआई और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को यह नीति लागू की थी और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत तक इसे रद्द कर दिया था।

आबकारी नीति लागू करने में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना की ओर से सिफारिश किए जाने के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया । धनशोधन का मामला भी इसी पर आधारित है।

# उच्चतम न्यायालय एक्यूआई में गिरावट का रुझान दिखने के बाद ही प्रतिबंधों में ढील देगा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के चौथे चरण के तहत आपातकालीन उपायों में तब तक ढील देने से इनकार कर दिया, जब तक कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के स्तर में गिरावट का रुझान नहीं देखा जाता।



न्यायमूर्ति अभय एस ओका एवं न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने पांच दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के राज्यों के मुख्य सचिवों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया कि प्रतिबंधों के कारण काम से वंचित निर्माण श्रमिकों को कोई मुआवजा दिया गया है या नहीं।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर को हर साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ता है। पीठ ने वायु प्रदूषण के सभी पहलुओं पर विचार करने और एक स्थायी समाधान खोजने का प्रस्ताव रखा।

पीठ ने प्रतिबंधों को लागू करने में दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस, दिल्ली नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण समिति सहित हितधारकों के बीच ''समन्वय की कमी'' को रेखांकित किया। पीठ ने कहा, ''हम आपके सुझावों पर गौर करेंगे, लेकिन हम तब तक छूट नहीं देंगे, जब तक आप हमें प्रदूषण में कमी का स्पष्ट का रुझान नहीं दिखा देते।'' न्यायालय ने कहा कि वह पांच दिसंबर को विभिन्न पक्षों को सुनेगा कि जीआरएपी के चौथे चरण के तहत प्रतिबंधों में ढील दी जाए या नहीं। पीठ ने कहा, ''बृहस्पतिवार को हम वायु गुणवत्ता सूचकांक पर गौर करेंगे और देखेंगे कि इसमें गिरावट आ रही है या नहीं।'' शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है।

पीठ ने कहा, ''राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी के चौथे चरण का शायद ही कोई कार्यान्वयन हुआ है।'' पीठ ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों को लागू करने, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैनात अधिकारियों की संख्या पर सवाल उठाया।

दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि सरकार जीआरएपी प्रतिबंधों का पालन न करने के आरोपों पर गौर करेगी।

न्यायालय दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के उपायों से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था।

सुनवाई के दौरान पीठ ने निरीक्षण करने के लिए अदालत आयुक्त के रूप में नियुक्त वकीलों द्वारा दाखिल रिपोर्ट से ''बहुत चौंकाने वाली बातें'' उजागर होने का उल्लेख किया। रिपोर्ट में बताया गया कि अदालत आयुक्तों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए न केवल अपनी जान को जोखिम में डाला, बल्कि धमकियों का भी सामना किया।

अदालत आयुक्त की एक रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए, पीठ ने पुलिस को उसकी कार्रवाई का जिक्र करते हुए एक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, ''हम बार के सदस्यों को जोखिम में नहीं डाल सकते, क्योंकि रिपोर्ट से पता चलता है कि उनमें से कुछ को धमकियां दी गई हैं।''

पीठ ने पूछा कि क्या अदालत आयुक्त अपना काम जारी रखना चाहते हैं और जो ऐसा करना चाहते हैं, वे दिल्ली पुलिस द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी को ईमेल भेजें। शीर्ष अदालत ने कहा, ''हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारी है कि बार के सदस्य जो अदालत आयुक्त के रूप में काम कर रहे हैं, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मिले।''

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया गया कि वह अधिकारियों की एक टीम नियुक्त करके अदालत आयुक्तों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करे तथा गैर-अनुपालन के मुद्दे को तत्काल कार्रवाई के लिए संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष उठाए।

# 'नौसेना के लिए 26 राफेल-एम जेट, तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बी की खरीद को लेकर अगले महीने समझौते की उम्मीद'

नयी दिल्ली, (भाषा) नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि भारत अगले महीने 26 राफेल लड़ाकू विमानों के नौसैनिक संस्करण और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बी की खरीद के लिये अलग-अलग अनुबंधों पर हस्ताक्षर कर सकता है।

उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान की नौसेनाओं की गतिविधियों पर करीबी नजर रखी जा रही है। नौसेना दिवस से पहले मीडिया से बातचीत में एडमिरल त्रिपाठी ने यह भी कहा कि सरकार ने दो एसएसएन (परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों) के लिए मंजूरी दे दी है और ऐसी छह नौकाएं बनाने की योजना है।

नौसेना दिवस चार दिसंबर को मनाया जाता है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि पहला एसएसएन 2036-37 तक और दूसरा 2038-39 तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''राफेल मरीन पर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और यह सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति के पास ले जाए जाने से बस एक चरण पीछे है। चूंकि यह दोनों देशों की सरकार के बीच का समझौता है, इसलिए इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा।''

पिछले साल जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-एम जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से स्वदेश निर्मित



विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि इस महीने नहीं तो अगले महीने इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। दोनों (स्कॉर्पीन पनडुब्बी) और राफेल-एम (परियोजना) पर हस्ताक्षर हो जाने चाहिए।''

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, ''हम पीएलए (चीनी) नौसेना, उनके युद्धपोतों और उनके अनुसंधान जहाजों सहित क्षेत्र से बाहर की ताकतों पर नजर रख रहे हैं और जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं और कहां हैं।''

नौसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि देश की नौसैन्य क्षमता को बढ़ाने के प्रयासों के तहत वर्तमान में 62 जहाज और एक पनडुब्बी का निर्माण कार्य जारी है।

चीन द्वारा पाकिस्तान की समुद्री ताकत बढ़ाने में मदद के बारे में नौसेना प्रमुख ने कहा कि इससे पता चलता है कि चीन पाकिस्तान को सैन्य रूप से मजबूत बनाने में दिलचस्पी रखता है।

उन्होंने कहा, ''चीन के सहयोग से पाकिस्तान की नौसेना के कई युद्धपोत और पनडुब्बियां बनाई जा रही हैं, जो दर्शाता है कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत बनाने में रुचि रखता है।''

उन्होंने कहा, ''उनकी आठ नयी पनडुब्बियां पाकिस्तानी नौसेना के लिए महत्वपूर्ण लड़ाकू क्षमता होगी, लेकिन हम उनकी क्षमताओं से पूरी तरह अवगत हैं। यही कारण है कि हम अपने पड़ोसियों से सभी खतरों से निपटने में सक्षम होने के लिए अपनी अवधारणाओं में सुधार कर रहे हैं।''

नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना पाकिस्तानी नौसेना की आश्चर्यजनक वृद्धि से अवगत है। उन्होंने कहा, ''हम पाकिस्तानी नौसेना की आश्चर्यजनक वृद्धि से अवगत हैं, जिसका लक्ष्य 50 जहाजों वाली नौसेना बनना है। उन्होंने अपने लोगों के कल्याण के बजाय हथियारों को चुना है।''

भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि अगले एक वर्ष में कुछ जहाजों को शामिल किया जाएगा और कम से कम एक जहाज को नौसेना में शामिल किया जाएगा।

# दिल्ली दंगे: अदालत ने पांच व्यक्तियों को गैर इरादतन हत्या का दोषी करार दिया

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में पांच व्यक्तियों को गैर इरादतन हत्या और गैर कानूनी तरीके से एकत्र होने का दोषी करार दिया।

इस घटना में, भीड़ ने एक व्यक्ति की बर्बरता से हत्या कर दी थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला सात आरोपियों के खिलाफ दयालपुर पुलिस थाने में दर्ज मामले की सुनवाई कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडे अदालत में पेश हुए।

अदालत ने गत शनिवार को दिये 63 पन्नों के अपने फैसले में, उसके समक्ष मौजूद सबूतों पर गौर किया और कहा कि यह स्थापित हो गया है कि घातक हथियारों से लैस एक दंगाई भीड़ ने 25 फरवरी 2020 को चांद बाग इलाके में पीर बाबा मजार के पास मोहसिन की हत्या की थी।

अदालत ने कहा, ''मामले में विवाद की मुख्य वजह इस सवाल के



इर्द-गिर्द है कि क्या आरोपी व्यक्ति दंगाइयों में शामिल थे, जिन्होंने मोहसिन पर बर्बरता से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई?''

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के चार गवाहों की गवाही में कोई संदेह नहीं है कि पांच आरोपी - अरुण, अमन कश्यप, आशीष, प्रदीप राय और देवेंद्र कुमार - उस दंगाई भीड़ का हिस्सा थे, जिसने मोहसिन पर हमला किया था।

अदालत ने कहा कि लेकिन विशेष रूप से यह साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि इन पांच आरोपियों ने मोहसिन पर हमला किया था।

# सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है 'मेक इन इंडिया': कांग्रेस

नयी दिल्ली, दो दिसंबर (भाषा) कांग्रेस ने विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में गिरावट से जुड़े आंकड़े का हवाला देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि इस सरकार में 'मेक इन इंडिया' सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, ''तीन दिन पहले 2024 के जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जारी हुए विकास दर के आंकड़ों से जीडीपी विकास दर में निराशाजनक गिरावट का खुलासा हुआ। उतना ही ध्यान देने योग्य और चिंताजनक विनिर्माण वृद्धि दर गिरकर आश्चर्यजनक रूप से 2.2 प्रतिशत पर आना भी है। इस बीच, निर्यात वृद्धि दर भी गिरकर 2.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी है।'' उन्होंने कहा कि ये डेटा भारत को विनिर्माण निर्यात के लिए एक नया वैश्विक केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री के एक दशक पुराने वादे की निराशाजनक वास्तविकता को सामने लाते हैं।

रमेश ने दावा किया, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक मेक इन इंडिया के शुरू होने के दस साल बाद भी



भारत का विनिर्माण लगभग स्थिर है और हमारा निर्यात लड़खड़ा रहा है।''

उन्होंने कहा कि भारत के सकल मूल्य वर्धन में विनिर्माण का हिस्सा 2011-12 के 18.1 प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 14.3 प्रतिशत रह गया है तथा विनिर्माण क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों की संख्या 2017 में 5.13 करोड़ थी, जो 2022-23 में गिरकर 3.56 करोड़ रह गई है।

रमेश ने दावा किया कि इस तरह के निराशाजनक नतीजे अंततः विनिर्माण क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने में सरकार की विफलता के परिणाम हैं।

उन्होंने आरोप लगाया, ''मेक इन इंडिया सिर्फ़ 'मेक बिलीव (दिखावा) इन इंडिया' बनकर रह गया है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर देरी से आने वाली उड़ानों के यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली हवाई अड्डे पर तीन घंटे से अधिक विलंब से पहुंचने वाली उड़ानों के यात्रियों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं ताकि वे शीघ्र टर्मिनल पर वापस आकर फिर आगे की अपनी संबंधित उड़ानों में सवार हो सकें।

हवाईअड्डा संचालक दिल्ली-'इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल)' के अनुसार, ऐसे यात्रियों को अपनी-अपनी उड़ानों में दोबारा सवार होने में होने वाली असुविधा और प्रतीक्षा समय को घटाने के लिए, उन्हें सुरक्षा जांच की सामान्य प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी तथा यह प्रक्रिया अलग से की जाएगी, ताकि वे सुरक्षा क्षेत्र (एसएचए) में वापस लौट सकें।

सरकार ने हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रोटोकॉल में ढील दी है, ताकि कोहरे, मौसम या तकनीकी कारणों से तीन घंटे से अधिक विलंबित या रद्द हुई उड़ानों के यात्रियों को विमान से उतरने और टर्मिनल पर वापस लौटने की सुविधा मिल सके।



नियमों में ढील के बाद, डायल ने सोमवार को कहा कि उसने ऐसे यात्रियों के लिए सभी तीन टर्मिनल टी 1, टी 2 और टी 3 पर विशेष घेरे बनाए हैं, जो उन्हें संबंधित टर्मिनल के अंदर वापस जाने की अनुमति देंगे।

डायल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''250 से 450 वर्ग मीटर तक के इन घेरों में एक बार में 55 से 120 यात्री बैठ सकेंगे। इनका उद्देश्य सुरक्षा जांच को सुविधाजनक बनाना है, जिससे यात्री टर्मिनल के सुरक्षा क्षेत्र (एसएचए) में आसानी से फिर प्रवेश कर सकें।''

सामान्यतः एसएचए सुरक्षा जांच के बाद और यात्री के बोर्डिंग गेट पर पहुंचने से पहले का क्षेत्र है। ये घेरे बस बोर्डिंग गेट और टी3 में कुछ एयरोब्रिज, टी2 में 'ट्रांसफर एरिया' और टी1 में बस बोर्डिंग गेट पर स्थित होंगे। ये घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगे।

डायल के अनुसार, नयी व्यवस्था से यात्रियों को सामान्य प्रक्रिया के तहत सुरक्षा जांच से गुजरना नहीं पड़ेगा, जिसमें उतरने के बाद यात्रियों को आगमन स्थल पर ले जाया जाता है और घरेलू या अंतरराष्ट्रीय स्थानान्तरण क्षेत्रों के माध्यम से गुजरना होता है, उसके बाद उन्हें एसएचए में वापस लाया जाता है।

विज्ञप्ति में कहा गया, ''ऐसे यात्रियों को सीधे संबंधित स्थल पर लाने से उतरने और चढ़ने में लगने वाला समय काफी कम हो जाता है। यह समय लगभग 2.30 घंटे से घटकर कुछ ही मिनट रह जाता है।''

डायल इन विशेष क्षेत्रों के भीतर शौचालय और वेंडिंग मशीन जैसी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी काम कर रहा है।

## ईडी ने दिल्ली वक्फ मामले में अमानतुल्लाह की रिहाई के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया

नयी दिल्ली, (भाषा) ईडी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लेने और उन्हें रिहा करने से इनकार करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने प्रवर्तन निदेशालय से मामले में निचली अदालत द्वारा पारित विभिन्न आदेशों को प्रस्तुत करने को कहा। न्यायमूर्ति ओहरी ने कहा, ''मंजूरी का मुद्दा आपके सामने है। आपको पहले इसे मुझे दिखाना होगा। आपको इस मुद्दे (मंजूरी के) पर ठोस रुख अपनाना होगा, न कि इसे अपनी याचिका में आधार के रूप में उल्लेख करना होगा, क्योंकि इस पर विवाद होगा।'' हाल में निचली अदालत ने खान के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धन शोधन के कथित अपराध का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया, क्योंकि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए जरूरी मंजूरी नहीं मिली थी।

# गिर सोमनाथ में ध्वस्तीकरण: न्यायालय ने जवाब देने के लिए याचिकाकर्ताओं को चार हफ्ते का वक्त दिया

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में ध्वस्तीकरण अभियान से जुड़े मामले में राज्य सरकार के हलफनामा दाखिल करने के बाद, याचिकाकार्ताओं को अपना जवाब दाखिल करने के लिए सोमवार को चार हफ्ते का वक्त दिया।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ गुजरात के प्राधिकारों के खिलाफ एक अवमानना याचिका सहित चार अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

अवमानना याचिका, न्यायालय की अनुमति के बिना आवासीय एवं धार्मिक ढांचों को कथित तौर पर अवैध रूप से ढहाये जाने को लेकर दायर की गई थी।

गुजरात में सोमनाथ मंदिर के निकट अतिक्रमण से सार्वजनिक भूमि को मुक्त कराने के लिए कथित तौर पर एक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया था।

सोमवार को सुनवाई के दौरान,



कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी ने न्यायालय से कहा कि राज्य सरकार ने एक जवाबी हलफनामा दाखिल किया है और याचिकाकर्ताओं की ओर से एक प्रत्युत्तर दाखिल करने की जरूरत है।

राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुझाव दिया कि शीर्ष अदालत में दायर याचिकाओं में से एक, गुजरात उच्च न्यायालय के एक अंतरिम आदेश के खिलाफ है। यह आदेश ध्वस्तीकरण को चुनौती देते हुए दायर एक रिट याचिका पर जारी किया गया था।

मेहता ने सुझाव दिया कि पीठ उच्च न्यायालय से उसके समक्ष लंबित मामले पर अंतिम निर्णय लेने का अनुरोध कर सकती है ताकि शीर्ष अदालत तथ्यात्मक निष्कर्ष निकाल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मामले के गुण-दोष के आधार पर शीर्ष अदालत में अपना जवाब दाखिल किया है।

अहमदी के प्रत्युत्तर दाखिल करने की अनुमति मांगे जाने पर पीठ ने कहा, ''सभी मामलों में याचिकाकर्ताओं को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए चार हफ्तों का समय दिया जाता है। मामले को छह हफ्ते बाद निर्धारित किया जाए।''

गुजरात सरकार ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में ध्वस्तीकरण अभियान को उचित ठहराते हुए कहा कि यह सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर लगातार चलाया जा रहा अभियान है।

शीर्ष अदालत ने 17 सितंबर को ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, उसकी अनुमति के बिना, संपत्तियों की तोड़फोड़ पर रोक लगा दी थी। इनमें अपराध के आरोपियों की संपत्तियां भी शामिल हैं।

न्यायालय ने कहा था कि अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी दृष्टांत संविधान की भावना के खिलाफ है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथ, रेल मार्ग, जल स्रोतों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद अनधिकृत संरचनाओं पर लागू नहीं होता है।

# जीएसटी परिषद कर में कटौती की सिफारिश करे तो स्वास्थ्य और जीवन बीमा की लागत कम हो सकती है: सीतारमण

नयी दिल्ली, (भाषा) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि अगर जीएसटी परिषद स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी दर में कमी की सिफारिश करती है, तो पॉलिसी धारक के लिए बीमा की लागत कम होने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि जीएसटी परिषद ने 9 सितंबर की अपनी बैठक में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मुद्दों पर समग्र रूप से विचार करने के लिए मंत्री-समूह (जीओएम) के गठन की सिफारिश की थी।

उन्होंने कहा, ''जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दरों की समीक्षा का मामला जीओएम के समक्ष लंबित है। अगर जीएसटी परिषद द्वारा जीएसटी दर में कमी की सिफारिश की जाती है, तो जीएसटी में कमी के कारण पॉलिसी धारक के लिए बीमा की लागत कम होने की उम्मीद है।'' उनसे प्रश्न पूछा गया था कि क्या स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी में कमी स्वास्थ्य सेवा को अधिक न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक कदम होगा। सरकार यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि बीमा कंपनियां किसी भी जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को दें, न कि उन्हें प्रीमियम में वृद्धि के माध्यम से बनाए रखें, इस प्रश्न के उत्तर में सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण से बीमा की लागत कम होगी। उन्होंने कहा, ''चूंकि जीएसटी दरें बीमा



प्रीमियम के ऊपर लागू होती हैं, इसलिए यदि जीएसटी दर कम की जाती है, तो इससे पॉलिसी धारक को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है, खासकर कई बीमा कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धी बाजार में ऐसा होने की संभावना है, क्योंकि बीमा की लागत उस सीमा तक कम हो जाएगी।''

वर्तमान में, जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के लिए प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी देय है। सीतारमण की अध्यक्षता वाली और राज्यों के वित्त मंत्रियों की सदस्यता वाली जीएसटी परिषद की बैठक 21 दिसंबर को होने वाली है, जिसमें जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी में कमी के संबंध में जीओएम की रिपोर्ट पर चर्चा होने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2023-24 में, केंद्र और राज्य सरकारों ने स्वास्थ्य सेवा और जीवन बीमा पॉलिसियों से 16,398 करोड़ रुपये जीएसटी जमा किया था। इसमें जीवन बीमा से 8,135 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य बीमा से 8,263 करोड़ रुपये प्रास्त हुए। साथ ही, पिछले वित्त वर्ष में जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर पुनर्बीमा से 2,045 करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में जुटाए गए, जिसमें जीवन पर पुनर्बीमा से 561 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य सेवा पर 1,484 करोड़ रुपये शामिल हैं।

जीएसटी परिषद की बैठक 21 दिसंबर को जैसलमेर में होने वाली है, जिसमें जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी के मुद्दे पर विचार किए जाने की उम्मीद है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर मंत्री-समूह की पहली बैठक 19 अक्टूबर को हुई थी।

मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, मंत्री-समूह ने टर्म लाइफ बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले बीमा प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने पर मोटे तौर पर सहमति जताई है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य व्यक्तियों के 5 लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम पर जीएसटी से छूट दिए जाने का प्रस्ताव है। हालांकि, 5 लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवर वाली पॉलिसियों के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लागू रहेगी।

## ईडी अनुसूचित अपराध पर बगैर प्राथमिकी के संपत्ति कुर्क कर सकता है या नहीं, न्यायालय समीक्षा करेगा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय सोमवार को इस महत्वपूर्ण सवाल पर विचार करने के लिए सहमत हो गया कि क्या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पास धन शोधन रोधी कानून के तहत अनुसूचित अपराधों के लिए पूर्व प्राथमिकी के बिना संपत्तियों को कुर्क करने की शक्तियां हैं।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ ईडी द्वारा दायर याचिका पर के गोविंदराज और अन्य को नोटिस जारी किया है जिसमें एजेंसी को अवैध रेत खनन में कथित रूप से शामिल ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोक दिया गया था। ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलों पर ध्यान देते हुए, पीठ ने नोटिस जारी किया और कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा पांच के दो प्रावधानों की सामंजस्यपूर्ण व्याख्या करने की आवश्यकता है।

# केजरीवाल ने दिल्ली में बढ़ते अपराध को लेकर भाजपा, शाह पर निशाना साधा

**ननयी दिल्ली,** (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में ''जंगल राज'' है और यहां के लोगों ने अपराध में इस तरह की बढ़ोतरी कभी नहीं देखी।

पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने नारायणा में एक परिवार से मुलाकात की, जिसके दो सदस्यों की छह महीने के अंतराल में अपराधियों ने हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि हाल में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जबकि उसने स्थानीय अपराधियों से अपनी जान को खतरा होने के डर से पुलिस में शिकायत की थी। केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि छह महीने पहले इस युवक के छोटे भाई की हत्या कर दी गई थी।

उन्होंने कहा, ''दिल्ली के लोगों ने कभी भी ऐसी अराजकता और जंगल राज का दौर नहीं देखा। कोई भी किसी की भी हत्या कर सकता है। जब यह पता था कि जिन लोगों ने



परिवार के एक सदस्य को मारा, वे किसी और को भी मार सकते हैं, तो उन्हें रोकने के लिए कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई?''

केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली के लोगों को सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की जो असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति का मुद्दा उठा रही है तथा भाजपा नीत केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री पर हमला बोल रही है।

केजरीवाल ने कहा कि पूरा नारायणा इलाका स्थानीय अपराधियों के एक ऐसे गिरोह के बारे में जानता है जो निवासियों को आतंकित करते हैं लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने आरोप लगाया, ''कल दिल्ली में तीन हत्याएं हुईं। भाजपा और शाह ने शहर को गुंडों और बदमाशों के भरोसे छोड़ दिया है।''

भाजपा ने केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि वह आप नीत सरकार के भ्रष्टाचार और विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए आपराधिक घटनाओं का हवाला देकर कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठा

दैनिक
नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# किसानों के मार्च से पहले पुलिस के बैरिकेड लगाने की वजह से दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी यातायात जाम

नयी दिल्ली, (भाषा) किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर विरोध मार्च के मद्देनजर पुलिस ने कई बैरिकेड लगा दिए, जिससे सोमवार को दिल्ली-नोएडा सीमा पार करने वाले यात्रियों को भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमा पर जांच की जा रही है और निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पूर्व) सागर सिंह कलसी ने कहा, ''हमने पूर्वी दिल्ली की सीमाओं पर पर्याप्त व्यवस्था की है और दंगा-रोधी उपकरणों सहित सभी एहतियाती कदम उठाए हैं। हम चौकसी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और इलाके में वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए यातायात पुलिस के साथ समन्वय भी कर रहे हैं।''

ग्रेटर नोएडा की निवासी अपराजिता सिंह ने कहा कि चिल्ला बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड से यात्रियों को असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा, ''मुझे उस हिस्से से



गुजरने में लगभग एक घंटा लग गया। पुलिस ने दिल्ली-नोएडा सीमा के दोनों ओर बैरिकेड लगा दिए हैं, जिससे यातायात जाम लग गया है, खासकर नोएडा से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर।''

संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी रेंज) एस.के. जैन ने कहा कि वे नोएडा पुलिस के साथ भी समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''दक्षिण-पूर्वी जिले में हमारी दो प्रमुख सीमाएं हैं - डीएनडी सीमा और कालिंदी कुंज। चूंकि नयी दिल्ली क्षेत्र में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 लागू है और संसद सत्र भी चल रहा है, इसलिए बिना अनुमति के विरोध प्रदर्शन सख्त वर्जित है।'' उन्होंने कहा, ''इसे प्रबंधित करने के लिए, हमने दोनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। उचित बैरिकेड, अवरोधक और हाइड्रा क्रेन तैनात किए गए हैं। हम उन लोगों को रोकेंगे जो जबरदस्ती घुसने की कोशिश करेंगे।'' जैन ने कहा कि फिलहाल राज्य की सीमा पर स्थिति सामान्य है और यातायात की आवाजाही जारी है। नोएडा के एक अन्य यात्री अमित ठाकुर ने कहा कि उन्होंने काम पर जाने के लिए अपनी कार के बजाय मेट्रो का इस्तेमाल किया।




# पुलिस ने तीन शातिर अपराधी तमंचा, कारतूस व चाकू सहित किए गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस**

बदायूं । थाना सहसवान पुलिस द्वारा सोमवार के दिन तीन शातिर अपराधियों को नाजायज हथियार चाकू कारतूस सहित पड़कर जेल भेजा इन अपराधियों पर अन्य जनपदों में मुकदमा दर्ज है। गुलाम नबी पुत्र फरीद कुरैशी निवासी लालपुर गंगवारी थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व जिन्दा दो कारतूस, दानिश पुत्र कलुवा कुरैशी निवासी बाबू कालोनी डासना थाना बेब सिटि जनपद गाजियाबाद के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा शाहनबाज उर्फ शानू पुत्र शाबू निवासी एक मीनार मस्जिद पीर मोहल्ला कस्बा व थाना गुलावटी जनपद बुलन्दशहर हाल निवासी मौ दुधियापीपल पुरानी पैठ थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किये ।

यहां से हुई गिरफ्तारीः कोल्हाई ईदगाह से कब्रिस्तान से कच्चे रास्ते के पास मस्जिद के आगे से।

### यह हुए गिरफ्तार

गुलाम नबी पुत्र फरीद कुरैशी निवासी ग्राम लालपुर गंगवारी थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद, दानिश पुत्र कलुवा कुरैशी निवासी बाबू कालोनी डासना थाना बेब सिटि जनपद गाजियाबाद, शाहनबाज उर्फ शानू पुत्र शाबू निवासी एक मीनार मस्जिद पीर मोहल्ला कस्बा व थाना गुलावटी जनपद बुलन्दशहर हाल निवासी मौ0 दुधियापीपल पुरानी पैठ थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद।

# कई थानाध्यक्षों के कार्य क्षेत्र में फेर बदल

**इन्द्र कुमार बनाये गये फैजगंज बेहटा के प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा को अपराध शाखा भेजा गया**

**नेशनल एक्सप्रेस/आशीष तिवारी**

बदायूं । जनपद के थानों की लंबे समय से कमान संभाल रहे थानेदारों को एसएसपी बृजेश कुमार सिंह ने इधर से उधर कर दिया है। देर रात तबादला करते हुए एसएसपी के द्वारा सूची जारी की गई है।

रविवार की देर रात एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने जनपद दर्जन भर थानेदारों को इधर से उधर कर दिया है। इसमें उझानी इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह को उझानी से थाना सिविल लाइंस का प्रभारी बनाया है। संजय कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन से पीआरओ, कमलेश कुमार मिश्रा को प्रभारी यातायात से प्रभारी निरीक्षक उघैती बनाया।

इन्द्र कुमार प्रभारी सम्मन सेल से प्रभारी निरीक्षक फैजगंज बेहटा, जवाहरलाल वर्मा प्रभारी निरीक्षक फैजगंज बेहटा हटाते हुये से अपराध शाखा भेजा। वही अश्वनी कुमार पीआरओ से प्रभारी निरीक्षक जरीफनगर, नीरज मलिक प्रभारी सर्विलांस सेल से प्रभारी निरीक्षक उझानी, राजेश कुमार थाना उघैती से साइबर थाना, रविकरन सिंह थाना जरीफनगर से अपराध शाखा, देवेंद्र सिंह प्रभारी चौकी लालपुल थाना कोतवाली बदायूं से थाना हजरतपुर, विक्रम सिंह थाना हजरतपुर से थाना उसहैत, विवेक कुमार सिंह थाना उसहैत से पुलिस लाइन भेजा गया है। देर रात एसएसपी डॉ.बृजेश कुमार सिंह ने तबादला सूची जारी की जिसको लेकर पुलिस विभाग में खलबली मच गई जल्द ही कुछ उन्य पुलिसकमीर्यों पर गाज गिर सकती है जो थानों में लम्बे समय से तैनात है ।

## स्थानांतरण पर इंस्पेक्टर को दी विदाई

**नेशनल एक्सप्रेस**

फैजगंज बेहटा/ थाना फैजगंज बेहटा में तैनात इंस्पेक्टर को ट्रांसफर के बाद सोमवार को समस्त स्टाफ ने विदाई दी, तथा नवागत इंस्पेक्टर का स्वागत किया । रविवार रात को एसएसपी ने कई थानों में फेर-बदल किया, जिसमें इंस्पेक्टर फैजगंज बेहटा जवाहरलाल वर्मा को अपराध शाखा बदायूं स्थानांतरण किया गया । उनकी जगह बदायूं में सम्मन सेल प्रभारी इंद्र कुमार को फैजगंज बेहटा प्रभारी बनाया है, जवाहरलाल वर्मा के ट्रांसफर के बाद सोमवार को सटाफ ने फूल-मालाएं पहनाकर उनकी विदाई की तथा क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोगों ने उनकी कार्यकाल प्रशंसा की। वहीं नवागत इंस्पेक्टर इंद्रकुमार का जोरदार स्वागत किया गया, विदाई के मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम राजवीर सिंह, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, आकाश चौधरी, राकेश यादव, पारस कुमार, सचिन चौधरी सहित तमाम स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।



# कांग्रेस प्रदेश सचिव को संभल जाने से प्रशासन ने रोका, किया नजरबंद



**नेशनल एक्सप्रेस**

बदायूँ । कांग्रेस प्रदेश सचिव अजीत सिंह यादव को पुलिस प्रशासन ने संभल जाने से बदायूँ में ही रोक दिया । प्रशासन ने उनके नेकपुर स्थित आवस पर सुबह से ही पुलिस तैनात कर उनको घर पर नजरबंद कर दिया। कांग्रेस प्रदेश सचिव अजीत सिंह यादव ने पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने को गैरकानूनी बताया। उन्होंने कहा कि सूबे की योगी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के संभल दौरे पर उनका साथ देने संभल जा रहे थे। कांग्रेसी देश की एकता ,शांति और सौहार्द का संदेश देने संभल जा रहे थे। कांग्रेस प्रदेश सचिव अजीत यादव ने कहा कि सत्ता के षड्यंत्र से संभल में हुई घटना ने संवैधानिक मूल्यों को तार-तार कर दिया। इस वीभत्स घटना ने देश की एकता, शांति व सौहार्द को गंभीर चोट पहुँचायी है।

# सड़क हादसे में दम्पत्ति समेत तीन घायल







**नेशनल एक्सप्रेस/राघवेंद्र शर्मा**

आसफपुर । खरीददारी करके चन्दौसी से वापस लौट रहे बाइक सवार पति पत्नी की बाइक को विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी समेत दूसरा बाइक सवार घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बिसौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निजामुद्दीनपुर शाह निवासी लक्ष्मण (35) पुत्र देवेंद्रपाल अपनी पत्नी नीरू के साथ जनपद संभल के कस्बा चन्दौसी खरीददारी करने गए थे।

शाम को लगभग पांच बजे दोनों खरीददारी कर वापस अपने गाँव निजामुद्दीन पुर शाह लौट रहे थे।

बताते हैं कि जब लक्ष्मण की बाइक बिसौली आसफपुर मार्ग पर आसफपुर चौकी से आगे स्थित कृषि फॉर्म के पास पहुँची तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनो बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। पुलिस को सूचना देने के बाद भी पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुँची तो राहगीरों ने एम्बुलेंस को फोन कर तीनों घायलों को आसफपुर सीएचसी पहुँचाया। घायलों में दूसरी बाइक सवार की हालत गंभीर है। खबर लिखे जाने तक उसके नाम पते का पता नहीं चल पाया। तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

नेशनल एक्सप्रेस/लालगंज (रायबरेली)। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में वरिष्ठ अनुभव अभियंता/विद्युत व अखिल भारतीय अनु जाति/जनजाती कर्मचारी संगठन के सहायक महामंत्री तुलसी राम बर्मा 30 नवंबर को सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवा निवृत पर कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस उपलक्ष्य में सोमवार को आरेडिका के टीटीसी ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जहां रेल कोच फैक्ट्री मेंस यूनियन के पदाधिकारीयों ने फूल मलाई पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान साथियों के स्वागत और सम्मान से अभिभूत तुलसीराम बेहद भावुक दिखे। कर्मचारियों ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए उनके ईमानदारी पूर्ण व सहज व्यवहार की सराहना की। कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की।

### डिग्री कॉलेज बछरावां में एक दिवसीय रोजगार मेला 4 दिसम्बर को

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में 04 दिसम्बर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन दयानन्द बछरावां डिग्री कॉलेज, बछरावां, रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें निजी क्षेत्र की ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, जी० फोर०एस० सिक्योर सॉल्यूशन इंडिया प्रा०लि०, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि०, पीपल ट्री ऑनलाइन, पुखराज हेल्थ केयर, बुसा मैनेजमेंट मार्केटिंग लि० द्वारा डिप्लोमा, आई०टी०आई०, हाईस्कूल इंटर, स्नातक अभ्यर्थी के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई०डी० मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

### लोहे का जाल बनाते समय छत से गिरा श्रमिक, घायल

नेशनल एक्सप्रेस/लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के दोसड़का के निकट निमार्णाधीन मकान में लोहे का जाल बनाते समय एक श्रमिक अचानक असंतुलित होकर नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। साथी मजदूरों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सरेनी कोतवाली क्षेत्र के गुलाल खेड़ा के रहने वाले राज पुत्र भागीरथ निमार्णाधीन भवन की छत डालने के लिए लोहे की सरियों का जाल बना रहा था। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे आ गिरा। जिससे उसे गंभीर चोटे आ गई। उसे सीएससी में भर्ती कराया गया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल

नेशनल एक्सप्रेस/लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के धुरीखेड़ा मजरे सैमसी गांव के निकट सोमवार की सुबह स्कूल जा रही है छात्रा को ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घर वालों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव निवासिनी राधा (11) रायगढ़ स्थित एक निजी विद्यालय में साइकिल से पढ़ने जा रही थी। तभी गांव के ही निकट सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। उसकी साइकिल ई रिक्शा के पिछले हिस्से में फंस गई। जिससे वह दूर तक साइकिल के साथ सड़क पर घिसताती चली गई। उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य के लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### फायर एनओसी के बिना संचालित हो रहे 65 होटल, गेस्ट हाउस

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली। इसे जागरूकता की कमी कहें या फिर होटल मालिकों की लापरवाही, हादसों के बावजूद यहां सबक नहीं लिया जाता है। शहर में फायर एनओसी लिए बिना ही 65 से अधिक होटल-गेस्ट हाउस धड़ल्ले से चल रहे हैं। शहर के एक प्रतिष्ठित होटल के किचन में आग लगने की घटना के बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने होटल व गेस्टहाउस संचालकों को नोटिस देकर जवाब मांगा है। सभी को आग से निपटने के सुरक्षा मानकों को पूरा कराने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा एनओसी लेने के निर्देश भी दिए गए हैं। शहर में वर्तमान समय में करीब 20 होटल, 45 गेस्टहाउस संचालित हैं। इसमें पांच या छह ही ऐसे हैं जिन्होंने फायर की एनओसी ले रखी है। बाकी बिना फायर विभाग की एनओसी के संचालित हैं। यहां आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। शहर के मुख्य मार्गों पर होटल, मॉल, निजी अस्पताल ऐसे हैं, जो दो मंजिला भवन में संचालित हो रहे हैं। इनमें आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम नहीं है।

# दबंगों का करनी सेना कार्यकर्ताओं पर कहर, वीडियो वायरल

**नेशनल एक्सप्रेस**

बदायूं । कस्बा मुड़िया धुरेकी में एक नामचीन होटल में करणी सेना के पदाधिकारी खाना खाने आए वहां पहले से मौजूद सपा कार्यकर्ता बैठे हुए थे, सपा कार्यकताओं ने अखिलेश यादव के जयकारे लगाएं। वहीं करणी सेना के पदाधिकारी ने भी जय योगी के नारे लगाए। इस मामले का होटल के बाहर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा जिसमें पक पक्ष के समर्थक करणी सेना के पदाधिकरियो पर बेल्ड बरसाते हुए हाईवे तक ले गए जिसमे एक व्यक्ति के हाथ में लाठी भी दिखाई दे रही है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो में देखा जा सकता है किस तरह करणी सेना के पदाधिकारी हाथ जोड़कर सपा समर्थकों से कह रहे है कि हमें माफ करो हमें घर जाने दो लेकिन दूसरे पक्ष दर्जनभर से ज्यादा लोग करणी सेना पर मारपीट को उतारु हो गए।

बताया जाता है दबंग सपा समर्थक थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के निवासी है और अपनी दबंगई पर क्षेत्र में नाम फैमस है यह लोग समाजवादी पार्टी के करीबी नेता बताए जाते हैं। हालांकि वायरल वीडियो में करणी सेना के पदाधिकारी हाथ जोड़कर काफी मिन्नते करते दिख रहे है, लेकिन सपा समर्थकों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया वायरल वीडियो में करणी सेना के पदाधिकारी अपनी गाड़ी में बैठते दिख रहे है वहीं सपा समर्थको ने जाकर दबंगई के बल पर गाड़ी को चारो तरफ से घेर लिया है इसी बीच दोनों तरफ से फायरिंग हो गई। जिसमें सपा समर्थक कुआंडाडा निवासी सतीश यादव 28 वर्षीय के फायरिंग के दौरान गोली लगी। लेकिन अब घटनाक्रम का वीडियो सोशल मिडिया वायरल होने लगा हैं उसमें साफ-साफ दिखाई देता है करणी सेना पदाधिकारी रेस्टोरेंट से बाहर निकल आए लेकिन सपा समर्थक उनके पीछे-पीछे उनकी गाड़ियों तक पीछा करते हुए हमला करने लगे। इसी बीच करणी सेना के एक समर्थक ने हाथ जोड़कर कहने लगा हमें जाने दो हाथ जोड़कर कह रहे हैं और अंदर भी काफी बार हाथ जोड़े हैं हमें जाने दो। लेकिन सपा समर्थक मानने को तैयार नहीं हुए लगातार करणी सेना के पदाधिकारी पर हमला करते रहे जिसमें रेस्टोरेंट कर्मचारी तक सपा समर्थकों के साथ हावी थे।

# वाद विवाद प्रतियोगिता में निशांत और अनुप्रिया ने बाजी मारी

**नेशनल एक्सप्रेस**

लालगंज (रायबरेली)। बैसवारा महाविद्यालय में सोमवार को अर्चिशा वार्षिकोत्सव के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वरदान या अभिशाप विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता क आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में निशांत अग्निहोत्री और अनुप्रिया सिंह क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि वाद- विवाद प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र निशांत अग्निहोत्री को प्रथम स्थान, बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनुप्रिया सिंह को द्वितीय स्थान तो बीए तृतीय सेमेस्टर ज्योतिरादित सिंह व रचना वर्मा को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों मे संवेदनशीलता और विश्लेषण करने की क्षमता में वृद्धि होती है। प्रबंधक देवेंद्र बहादुर सिंह ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। डॉ. सूर्यकुमार मिश्रा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष हैं। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कार्य क्षमता दक्षता आदि को बढ़ाने में मदद मिलेगी, लेकिन हमें इससे उत्पन्न होने वाले खतरों से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक मंडल के सदस्य डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. नवीन विश्वकर्मा, प्रो. निरंजन राय, प्रो. पुष्पा बरनवाल, प्रो. शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रो. बीके भारद्वाज सहित शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी लालगंज नवदीप शुक्ला पहुंचे गौरा रुपई, किया निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस**

लालगंज - आज गौरा रुपई में आन्या ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार की खेती को देखने अपनी पूरी टीम के साथ उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला पहुँचे।वहाँ पहुँचकर प्रगतिशील किसान मुकेश त्रिवेदी, सनत द्विवेदी, से मिलकर सभी प्रकार की हो रही फसलों की जानकारी ली एवं प्रसन्नता जाहिर की आन्या ग्रुप के सदस्य किसान शिवहर्ष ने सभी फसलों के बोने एवं देखरेख का तरीका बताया ,चंद्रप्रताप सिंह (ताना) ने बाजार के विषय मे जानकारी दी । उपजिलाधिकारी महोदय ने सभी किसानों को औ? बेहतर करने के तरीके पर जोर देने की बात कही जिससे अत्यधिक फुनाफा किसानो को हो सके आर्गेनिक खेती पर भी बल दिया साथ ही अन्य किसान भी जागरूक होकर अच्छी खेती कर आय प्राप्त करे उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला के साथ तहसीलदार, शम्भूशरण पांडेय नायाब तहसीलदार सरेनी, किसान सनत द्विवेदी, मुकेश त्रिवेदी, शिवहर्ष ,चन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# डीएम ने निमार्णाधीन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर दिए आवश्यक

**नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद में गोरा बाजार में निमार्णाधीन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह जिसकी क्षमता 100 बेड है, का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यह कार्य माह अगस्त, 2017 से प्रगति पर है।

इसकी पूर्व में मूल स्वीकृत लागत रू0 5.02 करोड़ थी, जिसमें चहारदीवारी का निर्माण सम्मिलित नहीं था। चहारदीवारी के निर्माण की लागत को सम्मिलित करते हुए कार्य की पुनरीक्षित लागत रू0 06.60 करोड़ है। अन्तिम किस्त कार्यदायी संस्था को मार्च, 2024 में प्राप्त हुई थी। कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 31 दिसम्बर, 2024 है।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्मित डारमेट्री में बोर्ड/अल्मारी की कोन-धार तिरछी है, प्रथम तल पर जाने वाली सीढ़ियों की ढाल अधिक होने के कारण उन्हें तोड़कर ठीक कराने, मुख्य भवन के बाहर की तरफ खिड़की के छज्जों की मोटाई एक धार में न होने के कारण ठीक कराने के निर्देश देने के साथ साथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य भवन में रंगाई-पुताई, फिटिंग-फिक्सचर्स लगाने का कार्य प्रगति पर है, वार्डेन आवास, पम्प रूम, गार्ड रूम का फिनिशिंग कार्य भी प्रगति पर है, जोकि पूर्ण करते हुए इन्वेन्ट्री 20 दिसम्बर, 2024 तक जिला प्रोबेशन अधिकारी, रायबरेली को उपलब्ध करा दी जायेगी।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिस्थिति में समस्त कार्यों को पूर्ण कराते हुए इन्वेन्ट्री 20 दिसम्बर 2024 तक जिला प्रोबेशन अधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्य कराये गये कार्यों की गुणवत्ता पर जिलाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

# प्रदेश सरकार ने लाखों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया

**नेशनल एक्सप्रेस**

लखनऊः प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से लगाने के लिए विशेष कार्य कर रही है। प्रदेश के युवाओं/युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रदेश के लाखों युवक और युवतियां विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से लगे हुए है। सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स) को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

आउटसोर्सिंग ऑफ मैनपावर के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उसके अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस, जेम की व्यवस्था लागू किये जाने के संबंध में जेम पोर्टल पर पंजीकृत एवं बिड अवार्डी सेवाप्रदाताओं द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के चयन हेतु व्यवस्था विकसित की गयी है। जिसके द्वारा सेवा प्रदाता मांग के अनुरूप संबंधित विभागों को कुशल मैन पावर की आपूर्ति करते हुए युवाओं को रोजगार से लगा रहे है।

प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के अंतर्गत शासनादेश संख्या 434/36/-5-2020-8(29)/2020 दिनांक 16 जून, 2020 द्वारा कामगारों/श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग के गठन से श्रमिकों के हित सुरक्षित किए गए है।

मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक- 05 दिसम्बर, 2020 से ह्यह्यमिशन रोजगारह्लह्ल अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।

सेवा मित्र के अंतर्गत कौशल प्राप्त कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य स्थानीय सेवायें (प्लम्बर, कारपेंटर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान हेतु सेवा मित्र पोर्टल की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है। सेवा मित्र व्यवस्था की प्रगति में कुशल कामगारों की संख्या 50,756, सेवा प्रदाताओं की संख्या 965 तथा सेवा मित्रों की संख्या 4890 है।

प्रदेश सरकार प्रदेश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध करा रही है। सेवायोजन विभाग द्वारा प्रदेश के बेरोजगारों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इजराइल में निर्माण श्रमिकों की मांग के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा इजराइल सरकार की संस्था पी0आई0बी0ए0 के सहयोग के साथ लगभग 9 हजार निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने हेतु टेस्टिंग की कार्यवाही की गयी है। जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से 9 हजार कुशल श्रमिकों को अब तक इजराइल भेजा जा चुका है। भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत 05 हजार कुशल श्रमिकों को चयन करते हुए इजराइल भेजने के कार्यवाही चल रही है। कुशल श्रमिकों को इजराइल में भवन निर्माण, मॉल प्रबंधन, तकनीकी कार्यों जैसे क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। श्रमिकों को इजराइल में कार्य करने पर रू0 1.25 लाख से रू0 1.50 लाख तक मासिक वेतन मिल रहा है।

प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जा रहा है। बेरोजगारों को कैम्पस प्लेसमेंट व डायरेक्ट हायरिंग के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था एकीकृत पोर्टल पर विकसित करायी गयी है। वर्ष 2017 से अगस्त, 2024 तक कुल 8629 रोजगार मेलों का आयोजन करते हुए 11,03,601 अभ्यर्थियों का चयन कर निजी क्षेत्रों में नौकरियां उपलब्ध कराई गई है।

# महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति किया जागरूक






**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

बहजोई सम्भल। सोमवार को चन्द्रभूषण जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद सम्भल द्वारा बताया गया कि वन स्टॉप सेन्टर, सम्भल स्थित बहजोई में राजेश शंकर राजू, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहजोई की अध्यक्षता में दहेज प्रतिषेद्य विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ने कार्यक्रम में महिलाओं/पुरूषों को सामाजिक कुरीति के रूप में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने और समाज में व्याप्त इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि दहेज लेना या देना या दहेज के लिए उकसाना दहेज प्रतिषेद्य अधिनियम 1961 के अन्तर्गत अपराध है, जिसके लिए 5 साल की जेल अथवा 15,000/- रुपए या दहेज की रकम, जो भी अधिक हो, का जुमार्ने का प्रावधान है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दहेज की मांग पर 6 माह से 2 वर्ष तक की जेल तथा 10,000/- रुपए जुमार्ने का प्रावधान है। विवाह के उपरान्त दोनों पक्षों द्वारा दिए गए उपहार की हस्ताक्षरित सूची अनिवार्य रूप से एक माह के भीतर जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला दहेज प्रतिषेद्य अधिकारी को प्रस्तत की जा सकती है। इसलिए अच्छा तो यही है कि समाज में फैली इस कुरीति को आपसी सामंजस्य से दूर किया जाए।

चन्द्रभूषण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जनपद सम्भल ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, उन्होंने महिलओं के हितार्थ एवं सशक्तीकरण हेतु चलायी जा रहीं सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी के अधिकारों का उल्लंघन होता है, तो उसे निडरता से आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दहेज से कोई ऐसी सम्पत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति अभिप्रेत है जो विवाह के समय या उसके पूर्व या विवाह के पश्चात किसी समय विवाह के एक पक्षकार द्वारा विवाह के दूसरे पक्षकार को या विवाह के किसी पक्षकार के माता-पिता द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा विवाह के किसी भी पक्षकार को या किसी अन्य व्यक्ति को, या तो प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः दी गयी है, या दी जाने के लिए करार की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि दहेज सम्बन्धी शिकायत दहेज की मांग से पीड़ित महिला, स्वंय उसके माता-पिता या अन्य कोई रिश्तेदार या कोई स्वंयसेवी संस्था शिकायत कर सकती है। न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लिया जा सकता है या जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला दहेज प्रतिषेद्य अधिकारी अथवा किसी पुलिस रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय संज्ञान ले सकता है। शिकायत टोल फ्री नम्बर 181 पर कॉल करके अथवा जनपद स्थित वन स्टॉप सेन्टर पर सम्पर्क करके करें। शिकायत स्थानीय पुलिस थाने अथवा 112 पर भी की जा सकती हैं। एकांशु वशिष्ठ, संरक्षण अधिकारी ने बालकों के संरक्षण एवं सुरक्षा से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित जन सामान्य से स्पान्सरशिप एवं कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत पात्र आवेदनों को प्राप्त कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की। कार्यक्रम में नासिर अली, तेजपाल सिंह, तनु चौधरी, साक्षी चौहान, क्रान्ति मौर्य, जितेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, खेमपाल सिंह, सपना मौर्य, नाजिम, त्रिमल सिंह के साथ-साथ आदि महिलाएं/पुरूष उपस्थित रहे।

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी

### यदि 03 दिवस के अन्दर सीसीटीवी कैमरे नही लगवाये तो फर्मो के विरूद्ध की जाएगी कठोर कार्यवाही



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। औषधि निरीक्षक जनपद संभल जयेंद्र कुमार द्वारा धनारी और पाठकपुर में मेडिकल स्टोर में लगे सी सी टी वी कैमरों की जाँच की गई, मेडिकल स्टोर बिना सी सी टी वी कैमरा लगाये भी संचालित पाए गए

जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुसार प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर कम से कम 2 सी सी टी वी कैमरे लगाये जाने अनिवार्य है, जिससे अनाधिकृत व्यक्तियों को नारकोटिक्स की बिक्री पर प्रभावी रूप से रोकथाम की जा सके कबिना सी सी टी वी कैमरा लगाये मेडिकल स्टोर पर कड़ी कार्यवाही करने के आदेश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए हैं। उपरोक्त निदेर्शों के अनुपालन में औषधि निरीक्षक द्वारा धनारी और पाठकपुर के मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया तथा जो मेडिकल स्टोर पर कैमरे लगे नहीं पाए गए उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह 03 दिवस में सी सी टी वी कैमरे लगवाकर उसके सुचना से कार्यालय लो अवगत कराये. अन्यथा की दशा में फर्मो की विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जाँच के दौरान पाठकपुर के मोहित मेडिकल स्टोर, श्री कृष्णा मेडिकल, हरी मेडिकल, श्री राघव मेडिकल, मयंक मेडिकल, एच डी एम् मेडिकल, राणा मेडिकल तथा धनारी के गुप्ता मेडिकल, दुर्गा मेडिकल, श्री कृष्णा मेडिकल, रियाज मेडिकल, एन एस एस मेडिकल, शिव मेडिकल, रजनी मेडिकल पर जाँच की कार्यवाही कर सी सी टी वी कैमरा लगवाने के लिए निर्देशित किया गया।

## दिव्यांग खिलाड़ी दीपेन्द्र सिंह का शासन स्तर पर हुआ चयन



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संभल द्वारा बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यागजन दिवस के अवसर दीपेन्द्र सिंह को मिलेगा राज्य स्तरीय पुरस्कार राज्य स्तरीय पुरस्कार-2024 हेतु सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडी (पुरुष) की श्रेणी में दीपेन्द्र सिंह का शासन स्तर पर चयन हुआ है, जो दिनांक 03 दिसम्बर 2024 को शासन स्तर से लखनऊ में प्रदान किया जायेगा।दीपेन्द्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी (पैराशूटर) हैं, जिन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में प्रतिभाग करते हुए कई गोल्ड सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ एशियन तथा वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किया है तथा देश को गौरवान्वित महसूस कराया है। दीपेन्द्र सिंह ने वर्ष 2022 में टोक्यों पैरालंपिक में प्रतिभाग करते हुए अंतिम 10 खिलाडियों में स्थान प्राप्त किया, वर्ष 2023 में उ०प्र० स्थापना दिवस के अवसर पर पर राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार द्वारा शूटिंग के लिए लक्ष्मण अवार्ड से सम्मानित किया गया, म्यूनिख 2022 वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप जुलाई 2022 साउथ कोरिया में प्रतिभाग करते हुए 01 गोल्ड मेडल तथा दो सिल्वर मेडल की प्राप्ति की। वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ड कप अगस्त 2022 साउथ कोरिया में प्रतिभाग करते हुए दो सिल्वर मेडल का खिताब अपने नाम किये, वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ड कप जून 2022 फांस में प्रतिभाग करने के साथ 01 गोल्ड मेडल प्राप्ति किया। वर्ष 2019 में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप (13-24 फरवरी 2019) में गोल्ड मेडल विजेता रहे तथा वर्ष 2017 में बैंकाक थाईलैन्ड में ओयोजित विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप (5-12 नवम्बर 2017) में प्रतिभाग और गोल्ड मेडल विजेता रहे।

## चोरी के माल के साथ चार चोर पकड़े




**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**

चंदौसी। पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार बिश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी चंदौसी संतोष कुमार के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली चंदौसी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को करेली रोड से चार युवकों को हिरासत में लिया। कोतवाली लाकर उनसे पूछताछ की तो चारों ने चुप्पी तोड़ दी। युवकों ने बताया कि उन्होंने 12 नवंबर की रात सीता रोड स्थित ओमप्रकाश माली की कपड़े की दुकान में चोरी की थी। जिसमें भारी मात्रा में सामान चोरी किया था। साथ ही बताया कि 30 नवंबर की रात गांव कैथल स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के ताले तोड़ सामान चोरी किया था। जिसमें प्रधानाध्यापिका रीनू बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके अलावा गांव पतरौआ के कुछ घरों व कैथल के सचिवालय में खड़े ई-रिक्शे से स्टेपनी व टायर में भी चोरी की थी। युवकों ने अपने नाम आशीष उर्फ टाइगर, जसवीर उर्फ बाबा, सत्य प्रकाश उर्फ सत्तू, मोहित उर्फ पोंटी निवासीगण गांव पतरौआ बताया। पुलिस ने चारों की निशानदेही से चोरी किए सामान से कुछ सामान बरामद किया गया। जिसमें बैटरा, कुछ वर्तन, कपड़े व 1230 रुपये की नकदी शामिल है। उक्त चारों पर कोतवाली चंदौसी में कई मुकदमे में दर्ज है गिरफ्तार करने वाली टीम में अप योगेश कुमार, उप निरीक्षक सोनू चौधरी, कॉस्टेबल प्रदीप कुमार,कांस्टेबल प्रज्वल, विनोद मौर्य,अजय कुमार आरोपियों को गिरफ्तार करने में साथ रहे।

## पीआरवी पुलिस ने 02 वर्ष की गुमशुदा बच्ची को सात मिनट में ढूंढ परिजनों सौंपा




**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**

चंदौसी मे पीआरवी पुलिस के कर्मचारीगणो द्वारा करीब 02 वर्ष की गुमशुदा अबोध बच्ची के परिजनों को ढूंढ कर उसके सुपुर्द करना।सोमवार को थाना चन्दौसी में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमे कॉलर बाबू लाल सक्सेना ने बताया कि एक गुमशुदा अबोध बच्ची रोड के किनारे खड़ी जोर - जोर से रो रही है जो अपने घर का रास्ता भूल गयी है पुलिस की सहायता चाहिए। उक्त इवेंट पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटनास्थल मौ० राज थाना चन्दौसी में जाकर देखा कि एक बच्ची जिसकी उम्र करीब 02 वर्ष है सड़क किनारे खड़ी जोर-जोर से रो रही है पीआरवी कर्मियो द्वारा बच्ची के घर का पता पूछा लेकिन बच्ची ज्यादा छोटी होने के कारण अपना नाम व घर का पता नही बता पा रही थी। पीआरवी कर्मियों ने तत्काल संबंधित थाना चन्दौसी को अवगत कराते हुए अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बच्ची को अपने साथ लेकर मौहल्ले मौहल्ले जा कर पता लगाने हेतु परिजनो की तलाश शुरू की गयी। काफी देर की तलाश करने के दौरान गुमशुदा अबोध बच्ची की माता को ढूंढ कर बच्ची को उसकी माता वर्षा देवी पत्नी बहादुर सिंह नि० मौ० राज थाना चन्दौसी के सुपूर्द किया गया। जिसकी जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा बच्ची की माता एवं परिजनो ने कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया। बताना है कि पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी / नोडल अधिकारी यूपी-112 जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन बहजोई गणेश कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 वेदप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में उक्त सूचना । इवेंट पर यूपी-112 पीआरवी- 1426 के पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सूचना के मात्र 07 मिनट मे गुमशुदा अबोध बच्ची की माता वर्षा देवी पत्नी बहादुर सिंह नि० मौ० राज थाना चन्दौसी को ढूंढ कर उनके सुपूर्द किया गया।

## किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए पाठशालाओं का होगा आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। सोमवार में किसानों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से जनपद संभल में किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें कृषि विभाग के कर्मचारी तथा अधिक उत्पादकता प्राप्त करने वाले कम से कम दो कृषकों द्वारा अपने अनुभवों से ग्राम वासियों को अवगत कराया जाएगा जिसमें रवि की प्रमुख फसल गेहूं सरसों चना मटर मसूर सुगरकेन तथा सब्जी की खेती के बारे में विस्तार से बताया जाएगा कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाएं जैसे यंत्रीकरण सोलर पंप राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन प्राकृतिक खेती तथा उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई की योजना तथा गन्ना विभाग द्वारा संचालित योजनाएं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाएं तथा कृषि विज्ञान केंद्र संभल द्वारा चलाई जाने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा होगी मुख्य कार्यक्रम फार्मर रजिस्ट्री पर जोर रहेगा इसके बारे में सरकार का यह निर्देश प्राप्त हुआ है कि अगर किसान 31 दिसंबर 2024 तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कंप्लीट नहीं करते तो उन्हें आगामी प्रधानमंत्री किसान सम्म्रन निधि का लाभ नहीं मिलेगा इसके लिए कृषि विभाग राजस्व विभाग पंचायत सहायक तथा जन सुविधा केंद्र तथा कृषि सखी के माध्यम से गांव-गांव कैंप आयोजित किए जाएंगे तथा फार्मर रजिस्ट्री( किसान वही) तैयार की जाएगी साथ ही किसानों की फैमिली आईडी भी बनाई जाएगी जिसका किसानों को विभिन्न योजनाओं में बहुत लाभ मिलेगा' जन सुविधा केंद्र को निर्देशित किया गया है की जो नए पंजीकरण किसानों के किया जा रहे हैं (प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि में) पंजीकरण के पहले उनका अनिवार्य रूप से फैमिली आईडी बनाई जाए।

## विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग ने चलाया सदस्यता अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**

चंदौसी। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड नरौली के तत्वाधान में जनसंपर्क सदस्यता अभियान प्रखंड नरौली के खंड अलावलपुर में चलाया गया विश्व हिंदू परिषद के मुख्य वक्ता के रूप में नगर मंत्री बॉबी जाटव मोहम्मदपुर बाबई और विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीमाली नरौली ने धर्मांतरण लव जिहाद धर्म परिवर्तन लैंड जिहाद के बारे में बजरंग दल के नए कार्यकताओं को बताया गया और युवाओं को आगामी योजना और विधर्मी द्वारा फैलाई जा रहे षड्यंत्र के बारे में बताया गया और बांग्लादेश में हिंदुओं पर कट्टरपंथी द्वारा जिहादियों द्वारा हो रहे अत्याचार पर उन्होंने अपनी वक्तव्य से युवाओं में जोश भर दिया तथा आने वाले 12 दिसंबर 2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रखंड नरौली में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शौर्य



जागरण पथ संचलन यात्रा के बारे में विस्तार से बताया जिसमें प्रखंड नरौली के खंड अलावलपुर में मीटिंग के दौरान कुछ नए युवाओं ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की सदस्यता भी ग्रहण की । इस दौरान बजरंग दल नगर संयोजक अमित कश्यप दीपक कश्यप धर्मेश कश्यप अनमोल वाल्मीकि यश कश्यप मुकुल शर्मा अमित श्रीमाली आर्यन आदि मौजूद रहे।

## योग्य एवं अनुभवी अधिवक्तागण की जाएगी नियुक्ति

**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**

चंदौसी सम्भल। सोमवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ संभल स्थित चंदौसी मनोज कुमार यादव द्वारा बताया गया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कच्छल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के निर्देशन में मध्यस्थता के पैनल हेतु कुशल, सक्षम, योग्य एवं अनुभवी अधिवक्तागण की नियुक्ति की जानी है इस हेतु 24 आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी को प्राप्त हुए दिनांक-05.12.2024 को सांय 4.30 बजे जनपद न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में उक्त आवेदकों का साक्षात्कार होना प्रस्तावित है।

## आधार कार्ड सही कराने को लगी लंबी लंबी कतारें

**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**

चंदौसी। सोमवार को आधार कार्ड में संशोधन को लेकर सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों के साथ साथ महिला-पुरुष सुभाष रोड चंदौसी के मुख्य डाकघर पर पहुंच गए। जहां लंबी-लंबी लाइने लगनी शुरू हो गई। सुबह दस बजे डाकघर खुलने पर टोकन का वितरण किया। साथ ही 150 लोगों को आधार कार्ड सही किए गए। बाकी लोग टोकन लेकर अपने घर चले गए और निर्धारित तिथि पर पहुंच डाकघर में अपने आधार की त्रुटियों को सही कराएंगे। आधार कार्ड में कई प्रकार के संशोधन होने है। जिसमें मोबाइल नंबर, पांच वर्ष के अधिक आयु के बच्चों का अंगूठा निशान सहित अन्य खामियां शामिल है। इन्हीं खामियों को दूर कराने के लिए सोमवार को मुख्य डाकघर में आना था। सोमवार की सुबह पांच बजे से विद्यार्थियों व महिला-पुरुष पहुंचना शुरू हो गए। सुबह आठ बजे महिला व पुरुषों की अलग-अलग लंबी-लंबी कतारें डाकखाने के तीनों मार्गो पर लग गई। जिसमें 800 से अधिक लोग शामिल थे। सुबह 10 बजे मुख्य डाकघर खुला तो अधिक भीड़ देखकर टोकन वितरित करने का कार्य किया गया। जिन्हें सोमवार के टोकन मिले वह रुक गए तथा अन्य तिथि के टोकन मिलने वह अपने घर चले गए। इसके बाद शाम तक टोकन मिलने वाले के आधार कार्ड में संशोधन को ठीक करने का कार्य शुरू किया गया। यह लोग भूखे-प्यासे कतार में खड़े होने के मजबूर बने रहे।



## संपादकीय

# कालीन पे शीतकालीन सफर

**दिसंबर** माह की परख में पूरा एक साल, जबकि प्रदेश और प्रदेश की हुकूमत के लिए पूरे होते दो साल तथा तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र की 18 से 21 दिसंबर तक की बैठकें, रिवायत से बढ़कर सियासी पैमाइश करती रहेंगी। हालांकि हिमाचल का मौसम बिगड़ा है और सूने पहाड़ों पर न बर्फ है और न ही बारिश से भरा कोई बादल, फिर भी सन्नाटों को तोड़ता सरकारी जश्न बिलासपुर की आबोहवा में रंग भर देगा। तैयारियों के शोर में कहीं संगठन की चुनावी बिसात से सरकार तक और वफादारी के एतबार तक कड़ी परीक्षा ले रहा है। वैसे सरकार के दो साल अनेक परीक्षाओं के बीच आलाकमान की खिदमत कर रहे हैं, क्योंकि पूरे उत्तर भारत में कांग्रेस के लिए हिमाचल का ताज बहुत अहमियत रखता है और अब देखना यह है कि संगठन के रूप में सरकार के कदम कितने सशक्त होते हैं। बहरहाल बिलासपुर का सालाना जश्न सत्ता की भूमिका में कांग्रेस की चांदनी लिखेगा, जहां गारंटियों का साम्राज्य ब्रांड सुक्खू के नाम पर इक हकीकत है। जाहिर है कांग्रेस सरकार अब हिमाचल में ब्रांड सुक्खू का राजनीतिक सफर भी है, जो सत्ता से आगे निकल कर अपने करिश्मे और किरदार की पेशकश में इस जश्न के कारण बता रहा है। इन दो सालों में कई फासले लांघे गए, तो अपने घर की विरासत में मुख्यमंत्री का पद और तिलक राजनीतिक इम्तिहानों से गुजरा। आंतरिक विरोध से उपजे उपचुनावों की शक्ति से सराबोर सुक्खू सरकार अब दुर्ग की तरह काम करना चाहती है, लेकिन विपक्ष की नाव सत्ता की नदिया में तूफान पैदा करने की हर तरकीब से पहले मौजूद है। यहां अस्त्र और शस्त्र नहीं, सरकार की अपनी चुनौतियों का पाला एक संगठित विपक्ष से है और जिसने यह ठान रखा है कि वर्तमान सत्ता की गिल्लियां हर सूरत उड़ानी हैं। छह मुख्य संसदीय सचिवों की ताजपोशी गंवा चुके मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के सामने अब घर में संगठन की सेहत को अपने तरीके से आजमाने की अगर कोशिश चल रही है, तो राजनीतिक अपनत्व में पद खो चुके नेताओं को सरकार में फिर से अपनाने की जिद्द भी तो है।

सुक्खू ने जो चाहा वो किया, इसलिए परीक्षाओं के दौर अनवरत हैं। राज्य की तंगहाली पर चुनावी गारंटियों की फेहरिस्त महंगी है, लेकिन इन्हें पूरा करने की फकीरी प्रयासरत है। इसी बीच ऋण के बल पर प्रदेश को हांकने की मजबूरी में अच्छे फैसलों के सियासी संदर्भों को कुशल बनाए रखने के लिए पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। घाटे के सार्वजनिक उपक्रमों, अनावश्यक सरकारी संस्थानों और दफ्तरों की ढीली चूलों को कसने की हिम्मत तो है, मगर राजनीतिक जलेबियां हिमाचल की आर्थिक सेहत को कमजोर बना कर विभ्रम में रहना चाहती हैं। इस दौरान सरकार ने राजस्व विभाग पर पड़ी पपडियां उतारने की कोशिश की तो वर्षों से रुके इंतकाल के मामले निपट गए। जाहिर है ऐसी इच्छाशक्ति के नैन नक्श पर सरकारों की तारीफ होती है, लेकिन विभागीय आलस्य की कंद्राओं में अभी रोशनी होनी बाकी है। मसलन सुक्खू सरकार का एक बड़ा फैसला अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाओं को लेकर आया, तो मरीजों की भी बांछें खिल गईं, लेकिन आए दिन ओपीडी की कतारों को मालूम हो जाता है कि उनकी पर्चियों पर हस्ताक्षर करने के लिए अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों का अभी भी टोटा पड़ा है। यह दीगर है कि सर्दियों में शिमला से नीचे उतर कर सरकारें जब निचलने हिमाचल में आती हैं, तो सत्ता के स्पर्श मात्र से लोगों की आशाएं गलबहियां करने लगती हैं। इसी रास्ते पर बिलासपुर में जश्न का दूसरा साल इस्तकबाल कर रहा है, तो तपोवन में शीतकालीन सत्र के भीतर अपेक्षाओं की गूंज तो बाहर सरकार के समक्ष फरियादों के गुलदस्ते इंतजार कर रहे हैं। कैसा होगा इस बार का शीतकालीन सफर, इसे सीमित सत्र कुछ हद तक तो बता ही पाएगा, लेकिन जरूरत है उस शीतकालीन प्रवास को सुदृढ़ करने की जो शिमला की धडक़नों को कांगड़ा में आकर शीतकालीन राजधानी के रूप में अंगीकार करता रहा है।

# भारत की ऋषि और कृषि संस्कृति के संवाहक : श्री पद्मेश गुप्ता

आज जहां हमारी वर्तमान पीढ़ी विदेश में जाने के लिए लालायित रहती हैं। सॉफ्टवेयर के चक्कर में अमेरिका की बड़ी-बड़ी कंपनियों का धक्का खा रही हैं। मगर जीवन की इस आपाधापी का क्या फायदा ? घर से भी दूर और जीवन से अति दूर ! जीवन का वास्तविक उद्देश्य क्या है ? शुद्ध वायु और शुद्ध भोजन प्राप्त करते हुए अपने जीवन की आयु का समापन करना। इस दिशा में उनका गो विज्ञान केंद्र किसी वरदान से कम नहीं है।

'बोलो तो सब सुनेंगे' पॉडकास्टिंग चैनल पर हमारे देश के प्रमुख उद्योगपति पद्मेश गुप्ता जी की सुप्रसिद्ध कंपेयर श्रद्धा जी के साथ खुले मंच से सीधी वार्ता सुनकर मुझे लगा कि वर्तमान समय में हमारे देश के युवा पीढ़ी के लिए उनसे बढ़कर और कोई प्रेरणास्पद व्यक्तित्व शायद ही होगा। एक तरफ पद्मेश जी बहुत बड़े उद्योगपति है तो दूसरी तरफ उतने ही परम गो-भक्त और गो-वत्स भी। उद्योगपति के गुण उन्हें विरासत में मिले अपने दादाजी सेठ महादेव प्रसाद जी गुप्ता जी के व्यक्तित्व से; जो 1972 से पहले कभी जंगलों के ठेकेदार हुआ करते थे। बाद में तो जंगलों का राष्ट्रीयकरण हो गया। अपने संत जैसे माता-पिता जी से उन्हें समाज-सेवा की प्रेरणा मिली।

एक समय ऐसा भी था कि उन्होंने कोयले से संबंधित राष्ट्रीय पॉलिसी बनाने में अहम भूमिका निभाई। नागपुर के आदर्शवादी, शिक्षाविद, उद्योगपति और राजनीतिज्ञ श्री बनवारी लाल पुरोहित की छत्र-छाया में उन्हें यह कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उस समय कोयले के क्षेत्र में तरह-तरह की समस्याएं आ रही थी, सुप्रीम कोर्ट ने कॉल ब्लॉक के आवंटन रद्द कर दिए थे, यद्यपि उस दौरान मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं बने थे, मगर बनने की अग्र-पंक्ति में तैयार खड़े थे। कोयले की अनियमितताओं पर सबसे ज्यादा आवाज उठाने वाले उनके गुरु बनवारी लाल पुरोहित जी को मोदी जी ने कोल पॉलिसी बनाने का कार्य सौंपा तो उन्होने पद्मेश जी को यह दायित्व प्रदान किया, जिसका उन्होंने सफलता पूर्वक निर्वहन किया। कोयला मंत्रालय ने उनके द्वारा दी गई सारी सिफारिशें ज्यों-की-त्यों मंजूर कर दी। इसका खुलासा खुद बनवारी लाल जी ने योगगुरु रामदेव बाबा के एक आयोजन में खुले मन से किया था। खनिजों का आवंटन पहले एलोकेशन के आधार पर होता था, यानी किसी मंत्री या प्रधानमंत्री की सिफारिश से एलोकेशन हो जाता था, मगर उनके सुझाव के अनुसार आक्शन को लागू कर दिया गया तो सरकारी खजाने में काफी धनराशि का संग्रह अपने आप होने लगा। पद्मेश जी ने न केवल कोल वाशरीज़, बल्कि उन्होंने अपने पावर प्रोजेक्ट भी लगाए थे। कभी सिंगापुर में उन्हें 'बेस्ट ट्रेडर्स' का पुरस्कार मिला था तो कभी उनकी कैबिनेट में उन्हें 'मोस्ट प्रेफर्ड बिजनेसमैन' के सम्मान से भी नवाजा गया था। कभी ऐसा भी समय था कि उनके पास बैंकर्स लाइन लगाकर बैठते थे। यहाँ तक कि बड़ी से बड़ी फाइनेंस कंपनियां गोल्डमैन सेकरलाइट जैसी मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेती थी। उस जमाने में पद्मेश गुप्ता जी ब्रांड हुआ करते थे। विदेशों में भी उनकी गहरी धाक थी। विदेशों में नेशनल गेस्ट के रूप में उनकी आवा भगत होती थी। रेड कारपेट बिछाकर स्वागत किया जाता था, चाहे चीन हो या सिंगापुर। उस समय उनके सितारे बहुत बुलंद थे, मगर एक ऐसा समय भी आया जब उनके मार्केट में धीरे-धीरे कमी आने लगी। मगर पद्मेश जी आध्यात्मिक व्यक्ति हैं, इसलिए हर परिस्थिति में स्थितप्रज्ञ बने रहे। क्या सुख ! क्या दुख ! क्या लाभ ! क्या हानि ! आज कोई भी राजनेता हो, चाहे बीजेपी का, चाहे कांग्रेस का या चाहे शिवसेना का उनकी गौ भक्ति देखकर हृदय से उनका सम्मान करते हैं। उनके जीवन में उद्योग धंधा और समाज सेवा हाथ से हाथ मिलाकर चलें। गौ सेवा की ओर उनका झुकाव का कारण उनके बचपन के पारिवारिक संस्कार थे। नागपुर के सीताबड़ में रहते समय उनके घर में 11 गाएँ बांधी जाती थी। उनकी माता खुद गायों की सेवा करती थी। चारा खिलाने से लेकर पानी पिलाने तक सारे कार्य खुद करती थी। इस वजव से मां के गो सेवा भाव के संस्कार उनके चरित्र में आना स्वाभाविक था। फिर भी यह उनका बड़प्पन हैं कि वे कहते है कि गो-सेवा 'स्वांत सुखाय' कराते हैं। उनके रग रग में बसी गो-सेवा की प्रवृत्ति आगे जाकर उनके जीवन में देवलापार में गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र के रूप में परिणित होती है।



विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस का भी उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ। आज देवलापार में 900 गाएँ हैं, जिन्हें उन्होंने कसाई घर में मृत्यु के मुँह में जाने से बचाया है। भले ही, वे गायें दूध नहीं देती है, मगर फिर भी प्रति गाय 5000 से 6000 की कमाई का अवसर अवश्य प्रदान करती है। बैलों की जगह तो ट्रैक्टरों ने ले ली है, मगर गायों का स्थान तो दुनिया की कोई मशीन नहीं ले सकती है। उनके गोबर से अगरबत्तियां और मूत्र से गोमूत्र अर्क बनाया जा रहा है, जो लिवर सिरोसिस और कैंसर की बीमारी में काम आता है। आज 172 देश में उनके पेटेंट अप्रूव्ड हैं। यही नहीं, कृषि के क्षेत्र में भी वे ऑर्गेनिक खेती की वकालत करते हैं। इस संदर्भ में उदाहरण देते हैं कि पंजाब ने कभी रसायनिक उर्वरक के बल पर हरित क्रांति में उल्लेखनीय योगदान अवश्य प्राप्त किया है, मगर धीरे-धीरे वहाँ की धरती दूषित होती गई और वह रासायनिक केमिकल सीधे लोगों का आहार का हिस्सा बनने लगे। परिणामस्वरूप उन्हें कैंसर जैसी भयानक व्याधियों से ग्रस्त करने लगी। यहां तक की ऐसी नौबत भी आई, जब पंजाब ने कैंसर रोगियों के लिए एक स्पेशल ट्रेन 'कैंसर ट्रेन' के नाम से चलानी शुरू की। पद्मेश जी कहते हैं कि उनके यहाँ गोमूत्र अर्क प्रसिद्ध वैद्या नंदिनी भोजराज की देखरेख में बनता है, इसलिए सर्वोत्तम गुणवत्ता का है।

आज उनका गो विज्ञान केंद्र पार्श्ववर्ती 140 गांव के आदिवासियों को रोजगार देने में भी अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। वे पंचगव्य औषधीय बना रहे हैं, वर्मी कंपोस्टिंग खाद तैयार कर रहे हैं। इस तरह उन्होंने नॉर्मल इकोनॉमिक्स को काऊ इकोनॉमिक्स में परिवर्तित कर दिया। आज जहां हमारी वर्तमान पीढ़ी विदेश में जाने के लिए लालायित रहती हैं। सॉफ्टवेयर के चक्कर में अमेरिका की बड़ी-बड़ी कंपनियों का धक्का खा रही हैं। मगर जीवन की इस आपाधापी का क्या फायदा ? घर से भी दूर और जीवन से अति दूर ! जीवन का वास्तविक उद्देश्य क्या है ? शुद्ध वायु और शुद्ध भोजन प्राप्त करते हुए अपने जीवन की आयु का समापन करना। इस दिशा में उनका गो विज्ञान केंद्र किसी वरदान से कम नहीं है।

मगर हमारे देश में दुर्भाग्य की बात है कि हमारे देश में स्किल डेवलपमेंट के नाम पर तरह-तरह के प्रशिक्षण दिए जाते हैं, मगर गोपालन या पंचगव्य बनाने का प्रशिक्षण बिलकुल नहीं। पद्मेश जी के अनुसार गाय कोई साधारण जानवर नहीं है, बल्कि समुद्र मंथन से निकली हुई एक देवी शक्ति है। गोबर पुते घरों में मच्छर नहीं होते हैं, इस तरह गोबर से मच्छरों को मारने वाले विदेशी कंपनियों के 5000 करोड रुपए के व्यवसाय पर अंकुश लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अनुसार अगर हमारे गांव समर्थ होंगे तो हमारा देश समृद्ध हो जाएगा। मगर गांव तभी समृद्ध होगा, जब हमारा गोवंश सुरक्षित रहेगा। तभी हमारे गांव मजबूत होंगे और गांव वाले शहरों की ओर पलायन नहीं करेंगे। जब हम अपने द्वापर युग की ओर झाँकते हैं तो पाते हैं कि भगवान कृष्ण के पीछे गाय खड़ी होती है। आज राधा के बरसाने में 65000 गायें रंभाती हैं, मगर कभी इसी जगह राधा के पिता वर्ष भानु के पास 20 लाख गाय होती थी।

पद्मेश जी देश के सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर विश्वास रखते हैं, न कि किसी क्षणायु विकास पद्धति पर। उदाहरण के तौर पर गुजरात की महिलाओं द्वारा सरकारी आंदोलन के तहत अमूल जैसे वैल्युएबल ब्रांड की स्थापना करना सस्टेनेबल डेवलपमेंट के अंतर्गत आता है। गो-विज्ञान असीम सागर की तरह है। बड़ी-बड़ी हस्तियों में नितिन गडकरी जी, रिटायर्ड चीफ जस्टिस बाबे साहब देवलापार के गोमूत्र का नियमित रूप से सेवन करते हैं। उनके प्रोडक्ट ऑनलाइन उपलब्ध हैं। अमेरिका के एनजीओ 'सेवा इंटरनेशनल' ने उनके प्रोडक्टों को अमेरिका में मार्केटिंग करने के लिए तैयार है। इसी तरह नागपुर के डेनमार्क में रहने वाले गजानंद साखरे ने तो वहां इन प्रोडक्टों का आउटलेट भी खोल दिया है। इस तरह नागपुर के 'लोकल' को पूरे विश्व में 'वोकल' कर दिया है। आज देवलापार पर्यटन केंद्र जैसे बदल गया है। वहाँ वृंदावन जैसा माहौल हैं। गायों के झुंड जगह-जगह चार रहे हैं। जगह-जगह पर स्पीकर, जगह-जगह पर बांसुरी की धुन और जगह-जगह ग्रामीण हाट लगे हुए हैं। इस अनुसंधान केंद्र में 53 तरह की गायों की प्रजातियां मौजूद है, जिसे देखने के लिए, पंचगव्य खरीदने और प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाने के लिए विश्व भर के लोग आ रहे हैं। दूसरे शब्दों में गो-विज्ञान का व्यवसायीकरण हो रहा है। अगर जीवन में आपको कभी भी गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र देवलापार आने का अवसर मिले तो यह आपके लिए, हमारे लिए और देश के लिए सौभाग्य की बात होगी। इस केंद्र का परिवेक्षण करने के बाद भारत की ऋषि और कृषि संस्कृति को अपनाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने घरों को लौटना चाहिए, तभी हमारा देश खुशहाल होगा और दिन दुगुनी रात चौगुनी प्रगति करेगा।

## 3 दिसंबर : इतिहास की अहम घटनाएं

1959 सिंगापुर के वर्तमान ध्वज को अपनाया गया था, छह महीने बाद सिंगिंगापुर ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर स्व-शासन बन गया।

1960 म्यूजिकल कैमलॉट (जूली एंड्रयूज और रिचर्ड बर्टनप्रीक्टर्ड), जो जॉन एफ कैनेडी की प्रेजिडेंसी के साथ संबद्ध हो जाएगा, ब्रॉडवे पर खोला गया।

1967 कार्डियक सर्जन क्रिस्टियान बर्नार्ड ने दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में ग्रोट शुतुरहॉट्स में लुई वाशकेन्स्की पर पहला मानव हृदय प्रत्यारोपण किया।

1967 इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो नजरबंद किये गए।

1976 आयरलैंड के 6 वें राष्ट्रपति के रूप में पैट्रिक हिलेरी को निर्विरोध चुना गया।

1979 दो दिवसीय जनमत संग्रह के परिणामों के अनुसार, इस्लामी गणतंत्र ईरान के वर्तमान संविधान को अपनाया गया था।

1992 अत्यधिक मौसम की स्थिति के दौरान, तेल टैंकर एजियन सियरन ने गैलिसिया, स्पेन के तट पर घेर लिया, जिसमें 67,000 टन हल्का कच्चा तेल फैला था।

1997 121 देशों के प्रतिनिधियों ने ओटावा संधि पर हस्ताक्षर करके एंटी-कर्मियों भूमि खदानों के उपयोग पर हस्ताक्षर किए।

1999 मार्सैंड के वातावरण के गायब होने से पहले नासा ने मार्स पोलर लैंडर (चित्रकार के चित्र) के साथ संपर्क खो दिया था।

2005 पाकिस्तान के सूचना मंत्री का दावा है कि पाकिस्तानी सेवाओं ने अफगानिस्तान की सीमा पर लड़ाई में अल-कायदा के ऑपरेशनल कमांडर अबू हमजा राबिया की हत्या कर दी है।

2006 मार्क रावलोमनाना, मौजूदा नेता को मेडागास्कर चुनावों में मेडागास्कर के राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने की उम्मीद है।

2007 नवंबर 2007 का यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल इंटेलिजेंस एस्टीमेट सुनिश्चितता और ''उच्च आत्मविश्वास'' के साथ बताता है कि ईरान ने 2003 के पतन में अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को समाप्त कर दिया था और संभवतः तब से इसे फिर से शुरू नहीं किया है।

2008 जिम्बाब्वे में डॉक्टरों और नर्सों द्वारा हैजा के प्रकोप के खिलाफ एक विरोध मार्च जिम्बाब्वे गणराज्य पुलिस के हस्तक्षेप से दबाया जाना था।

2009 चीन के पांच और लोगों को उत्तर-पश्चिमी चीन के शिनजियांग के mrÜmqi में जुलाई के दंगों में उनकी संलिप्तता के लिए मौत की सजा दी गई है।

2009 सोमालिया के मोगादिशु में एक आत्मघाती बम विस्फोट में 25 लोगों की जान चली गई, जिसमें संक्रमणकालीन संघीय सरकार के तीन मंत्री भी शामिल थे।

2011 इक्वाडोर के अमेज़ॅन बेसिन में पागल चमगादड़ों के काटने से पिछले कुछ हफ्तों में लगभग 8 बच्चों की मौत हो गई थी।

2012 जनरल मोटर्स के पूर्व कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति बचत की कथित गड़बड़ी पर स्टेट स्ट्रीट कॉर्प की एक इकाई के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमति दी गई है।

2012 फिलीपींस में 'भूफा' तूफान से कम से कम 475 लोगों की मौत।

2013 अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन में न्यूयॉर्क के शोधकर्ताओं ने पाया है कि ल्यूकेमिया उपचार का एक संशोधित रूप, रेडियो इम्यूनोथेरेपी अव्यक्त एचआईवी कोशिकाओं को नष्ट कर सकता है, शायद इसके लिए एक इलाज प्रदान करता है।

2014 ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा 2014 में भ्रष्टाचार परिकल्पना को जारी किया गया है, जिसमें डेनमार्क ने सबसे ऊपर की रैंकिंग हासिल की है और उत्तर कोरिया और सोमालिया ने सबसे कम रैंकिंग हासिल की है।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# मुलुगु : नक्सल विरोधी अभियान की सीमा

**हाल** ही में तेलंगाना के मुलुगु जिले में एक मुठभेड़ में भद्रु और मंगु जैसे प्रमुख माओवादियों सहित सात नक्सली मारे गए। इसे नक्सलवाद विरोधी अभियान की एक बड़ी सफलता कहा जा सकता है। तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के आपस में सटे होने के कारण माओवादी विद्रोहियों का एक राज्य में वारदात करके दूसरे राज्य में जा छिपना जगजाहिर है। उन्हें इस तरह सीमा का फायदा उठाने से रोकने के लिए अंतरराज्यीय सहयोग ज़रूरी है। अतः यह मुठभेड़ राज्य और केंद्रीय बलों के बीच समन्वित कार्रवाई की अहम भूमिका को उजागर करती है। यह अभियान जहाँ राज्य की नक्सलवाद से निपटने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, वहीं यह उन गहरी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं की ओर भी इशारा करता है, जो इस आंदोलन के बने रहने के लिए ज़िम्मेदार हैं।

भारत में माओवादी आंदोलन, मुख्य रूप से लाल गलयरे (रेड कॉरिडोर) में सक्रिय रहा है, जिसमें पूर्व, मध्य और दक्षिण भारत के कुछ हिस्से शामिल हैं। इसे प्रायः ऐतिहासिक उपेक्षा, व्यवस्था द्वारा हाशिये पर धकेले जाने और दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में शासन की विफलता का परिणाम माना जाता है। उल्लेखनीय है कि घने जंगलों और छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे माओवादी गढ़ों के निकट होने के कारण तेलंगाना माओवादी गतिविधियों के लिए एक रणनीतिक केंद्र भी रहा है। खनन परियोजनाओं के कारण आदिवासियों का विस्थापन, भूमि सुधारों की कमी और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच न होना जैसे कारकों ने असंतोष को बढ़ाया है, जिससे माओवादी भर्ती के लिए उपजाऊ जमीन तैयार हुई है। इन समस्याओं को हल करने के प्रयासों के बावजूद, लगातार सरकारें प्रभावित समुदायों के साथ विश्वास की कमी को पाटने में असफल रही हैं। माओवादी नेताओं ने इस कमी का फायदा उठाते हुए खुद को उत्पीड़ितों के रक्षक के रूप में पेश किया है। हालाँकि, हिंसा, जबरन वसूली और बाल सैनिकों का उपयोग उनकी सामाजिक न्याय की लड़ाई के दावों को कमजोर करता है। मुठभेड़ में भद्रु और मंगु जैसे शीर्ष माओवादी नेताओं का खात्मा तेलंगाना पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के लिए निश्चित रूप से एक सामरिक सफलता है।

ऐसे अभियान विद्रोह के नेतृत्व ढाँचे को तोड़ने और उनके कैडर को हतोत्साहित करने के लिए बेहद ज़रूरी हैं। हथियारों और दस्तावेजों की जब्ती से सुरक्षा बलों को माओवादी रणनीतियों के बारे में अहम जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य के अभियानों में सहायक होगी। लेकिन, ऐसी सफलताओं की अक्सर भारी कीमत भी चुकानी पड़ती है। नक्सल विरोधी अभियानों में सुरक्षा एजेंसियों की क्षति के अलावा मानवाधिकार उल्लंघन और नागरिकों के हताहत होने की घटनाएँ कभी-कभी स्थानीय आबादी को अलग-थलग कर देती हैं, जिससे वे माओवादियों के प्रति सहानुभूति रखने लगते हैं। यही वजह है कि सुरक्षा बलों उच्चतम पेशेवर मानकों का पालन करने और निर्दोष जिंदगियों को खतरे में न डालने की उम्मीद की जाती है। लेकिन केवल सैन्य अभियान से नक्सल समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद नहीं की जा सकती। दरअसल, नक्सलवाद के मूल कारणों — गरीबी, भूमिहीनता, और बुनियादी सुविधाओं की कमी — को लगातार विकासात्मक प्रयासों के माध्यम से हल करना होगा। माओवाद प्रभावित जिलों के लिए सरकार की एकीकृत कार्य योजना (आईएपी) ने आशाजनक परिणाम दिखाए हैं, लेकिन इसके क्रियान्वयन और निगरानी की निरंतरता ज़रूरी है। इसके साथ ही, सामाजिक संगठनों, आदिवासी नेताओं और पूर्व माओवादियों के साथ जुड़ाव बढ़ाकर विश्वास को मजबूत करने और पुनर्वास को बढ़ावा देने की अहमियत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

इसलिए, हिंसा के खिलाफ राज्य की दृढ़ता बेशक सराहनीय है, लेकिन इसे प्रभावित समुदायों की मूलभूत शिकायतों को हल करने वाली नीतियों के साथ जोड़ना होगा। शिक्षा, आजीविका कार्यक्रमों और भूमि अधिकारों के माध्यम से आदिवासियों को सशक्त बनाना माओवादी आंदोलन की वैचारिक नींव को कमजोर करने में मदद कर सकता है।

# गैस कांड के 40 साल; विकास की दौड़ में पिछड़ा भोपाल

**भो**पाल शहर में 3 दिसंबर की 1984 की सुबह को जब लोग नींद में से उठे तब तक यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) संयंत्र से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस लीक के कारण 5,479 लोग मारे जा चुके थे और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री काली परेड औद्योगिक परिसर का हिस्सा थी और यह वर्तमान पुराने शहर के बाहरी इलाके में थी।



अशोक भाटिया

घटनाक्रम के अनुसार 2 दिसंबर 1984 की मध्य रात से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की हवा जहरीली हो रही थी। रात होते ही और 3 तारीख लगते ही ये हवा जहरीली तो रही, लेकिन साथ ही जानलेवा भी हो गई। कारण था यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का लीक होना। गैस के लीक होने की वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना। इससे टैंक में दबाव बन गया और वो खुल गया। फिर इससे निकली वो गैस, जिसने हजारों की जान ले ली और लाखों को विकलांग बना दिया, जिसका दंश आज भी दिखाई पड़ता है। 2-3 दिसंबर की रात भोपाल के लिए वो रात थी जब हवा में मौत बह रही थी। फैक्ट्री के पास ही झुग्गी-बस्ती बनी थी, जहां काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोगों को तो नींद में ही मौत आ गई। जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया।

इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। बताते हैं कि उस समय फैक्ट्री का अलार्म सिस्टम भी घंटों तक बंद रहा था, जबकि उसे बिना किसी देरी के ही बजना था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है ? और इसका इलाज कैसे करना है ? उस समय किसी की आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था, तो किसी का सिर चकरा रहा था और सांस की तकलीफ तो सभी को थी। एक अनुमान के मुताबिक, सिर्फ दो दिन में ही 50 हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। जबकि, कइयों की लाशें तो सड़कों पर ही पड़ी थीं। भोपाल गैस त्रासदी की गिनती सबसे खतरनाक औद्योगिक दुर्घटना में होती है। इसमें कितनों की जान गई ? कितने अपंग हो गए ? इस बात का कोई सटीक आंकड़ा नहीं है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस दुर्घटना में 3,787 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 5.74 लाख से ज्यादा लोग घायल या अपंग हुए थे। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए एक आंकड़े में बताया गया है कि दुर्घटना ने 15,724 लोगों की जान ले ली थी। इस हादसे का मुख्य आरोपी था वॉरेन एंडरसन, जो इस कंपनी का CEO था। 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें सरकारी विमान से दिल्ली भेजा गया और वहां से वो अमेरिका चले गए। इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आए। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया था। 29 सितंबर 2014 को फ्लोरिडा के वीरो बीच पर 93 साल की उम्र में एंडरसन का निधन हो गया। गैस लीक होने के 8 घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था, लेकिन 1984 में हुई इस दुर्घटना से मिले जख्म 38 साल बाद भी भरे नहीं हैं। गैस पीड़ितों के लिए बने सबसे बड़े और एकमात्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बीएमएचआरसी के हाल ये हैं, कि यहां कई विशेषज्ञ डॉक्टर नौकरी छोड़ कर निजी अस्पतालों में ऊंची तनख्वाहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बार-बार विभाग बदलने और डॉक्टरों के सेवा नियमों में बदलाव के चलते यहां से डॉक्टरों का 2012 से पलायन शुरू हो गया था। अब तक नियमित और संविदा मिलाकर 23 सुपर स्पेशलिस्ट यहां से जा चुके हैं। 1998 में बने इस अस्पताल को बनाने के पीछे मकसद था कि गैस पीड़ितों को सबसे अच्छा इलाज मिलेगा, लेकिन हकीकत यह है कि कैंसर सर्जरी, कैंसर मेडिसिन, किडनी रोग, यूरोलाजी और उदर विभागों में तो एक भी डॉक्टर नहीं है। किडनी मरीजों की डायलिसिस की जा रही है, लेकिन किडनी का कोई विशेषज्ञ नहीं है। अस्पताल में करोड़ों रुपए की मशीनें खरीद ली गयीं, पर चलाने वाले ही नहीं हैं। भोपाल ग्रुप फॉर इनफॉरमेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा का कहना है कि बीएमएचआरसी में न तो डॉक्टर हैं और न ही जांच और इलाज की पर्याप्त सुविधाएं। जिस अस्पताल का काम गैस पीड़ितों का सही इलाज और शोध करना था, वहां गैस पीड़ति इलाज और दवा के अभाव में असमय मर रहे हैं।




गैस पीड़ितों के हाल इससे ही समझे जा सकते हैं कि उनके अस्पताल, इलाज, मुआवजे के लिए सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लंबी लड़ाई लड़ने वाले गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन के नेता अब्दुल जब्बार को ही समय पर इलाज नहीं मिल पाया। 2 वर्ष पूर्व बीएमएचआरसी में बेहतर इलाज न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई। उसी बीएमएचआरसी में जो गैस पीड़ितों के लिए ही बना है। जब्बार देश-विदेश में गैस पीड़ितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का प्रमुख चेहरा थे। गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट ने मीडिया को अपने अध्ययन के हवाले से बताया कि बीते 15 साल में गैस पीड़ितों में बीमारियां 3 गुना ज्यादा बढ़ी। गैस पीड़ितों में किडनी, लिवर, लंग्स, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी तमाम बीमारियां बढ़ गई। ट्रस्ट के सतीनाथ षडंगी और संभावना क्लीनिक के डा. संजय श्रीवास्तव ने 15 साल में 27 हजार 155 गैस पीड़ितों के इलाज के दौरान सामने आये आंकड़ों के आधार पर ये दावा किया। उन्होंने अपने विश्लेषण में पाया है कि यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैस से पीड़ित लोगों में स्वस्थ लोगों की तुलना में वजन और मोटापे की समस्या 3 गुना ज्यादा है। इसके अलावा थायराइड की बीमारी की दर लगभग 2 गुना ज्यादा है। गैस त्रासदी के शिकार होने की वजह से पीड़ितों के शरीर के अंदरूनी और बाहरी तंत्र को स्थाई रूप से नुकसान पहुंचा है।

40 साल पहले हुई इस गैस त्रासदी ने कई महिलाओं की कोख को आबाद नहीं होने दिया। जहरीले रसायन का असर ऐसा था कि बार-बार महिलाओं का गर्भपात हो जाता था। यह बात कई शोधों, अध्ययनों और सर्वे रिपोर्ट्स के माध्यम से जाहिर हो चुकी है। सन्-2012 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी यूनियन कार्बाइड कारखाने में दफन जहरीला रासायनिक कचरा राज्य की सरकारें हटवाने में आज तक नाकाम रहीं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निष्पादन किया जाए, लेकिन कारखाने में दफन 346 टन जहरीले कचरे में से 2015 तक केवल एक टन कचरे को हटाया जा सका। इस काम का ठेका रामको इन्वायरो नामक कंपनी को दिया गया है। लेकिन कचरा अभी तक क्यों नहीं हटाया जा सका, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। इस कचरे के कारण यूनियन कार्बाइड के आसपास की 42 से ज्यादा बस्तियों का भूजल जहरीला हो चुका है। पानी पीने लायक नहीं है, लेकिन किसी को फिक्र नहीं है। गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट के प्रबंधक, न्यासी सतीनाथ षडंगी ने 1 दिसंबर मंगलवार को त्रासदी की 36वीं बरसी की पूर्व संध्या पर दावा किया कि परिसर में पड़े जहरीले कचरे का दुष्प्रभाव भोपाल रेलवे स्टेशन तक पहुंच गया है। यूनियन कार्बाइड कारखाने और स्टेशन की दूरी डेढ़ से दो किलोमीटर है। दो साल पहले तक जहरीले कचरे से आसपास की 48 बस्तियों के भूमिगत जल स्त्रोत प्रभावित हुए थे। लेकिन इसका भूमिगत दायरा बढ़कर भोपाल स्टेशन तक जा पहुंचा है। इससे उन रहवासियों के लिए दिक्कतें होंगी, जो इस इलाके के भूमिगत जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2010 में सुधार याचिका लगाई थी, जो पांच न्यायाधीश वाली संविधान पीठ के पास है। इस पर विगत 11 अक्टूबर को हुई सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से जनवरी 2023 में होने वाली सुनवाई में तथ्यों के साथ बहस करने का भरोसा दिया है। दुनिया की बड़ी औद्योगिक त्रासदी में शामिल भोपाल गैस कांड पर सुप्रीम कोर्ट में 38 वर्ष बाद शुरू हुई सुधार याचिका पर सुनवाई ने गैस पीड़ितों में न्याय की उम्मीद जगा दी है। दो व तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात हुई इस त्रासदी में हजारों परिवारों ने अपना सब कुछ दिया था। इन परिवारों की अब तीसरी पीढ़ी भी त्रासदी का दंश झेलने का मजबूर है। सरकार ने गैस पीड़ितों के लिए स्वास्थ्य से लेकर तमाम सुविधाएं समय-समय पर मुहैया कराने के प्रयास किए, लेकिन लचर व्यवस्था के चलते प्रयास नाकाफी रहे। ज्यादातर पीड़ति परिवारों के पास रोजगार के साधन नहीं रहे। ये रोज कमाते और रोज खाते रहे। त्रासदी के बाद पीड़ितों को दिए गए मुआवजे को गैस पीड़ति संगठन नाकाफी बताते रहे और उनकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई।

बताया जाता है कि इस आपदा के कारण, भोपाल राज्य की राजधानियों के विकास की दौड़ में पिछड़ गया। भोपाल में कोई नया औद्योगिक और बड़ा व्यवसाय विकास नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप शहर के विकास की गति धीमी हो गई। गैस त्रासदी के समय, भोपाल की आबादी लगभग 8. 5 लाख थी। बताया गया कि लगभग 5. 2 लाख लोग, जिनमें 2 लाख बच्चे और लगभग 3,000 गर्भवती महिलाएं शामिल थीं, उस समय 36 वार्डों में रह रहे थे, जिन्हें बाद में ''गैस प्रभावित'' घोषित किया गया। आपदा के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और प्रदूषण के बने रहने के डर से बड़ी संख्या में लोग शहर छोड़कर चले गए। लेकिन समय के साथ, शहरीकरण और आर्थिक अवसरों जैसे कारकों से प्रभावित होकर जनसंख्या स्थिर हो गई और बढ़ने लगी। 1991 तक, जनसंख्या में वृद्धि हुई, जो धीरे-धीरे वापसी और निवासियों के आने का संकेत देती है। बताते है कि संदूषण की चिंताओं के कारण गैस रिसाव स्थल के आसपास के क्षेत्र में विकास धीमी गति से हुआ, क्योंकि लोग गैस रिसाव के असर को लेकर सतर्क थे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर खेलकूद व संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना । ब्लॉक संसाधन केंद्र,जसराना परिसर में तहसील जसराना के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न दिव्यांगताओ के बच्चों की खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने चित्रकला, चम्मच दौड़ ,कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कुल 46 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूपेन्द्र सिंह (खण्ड शिक्षाधिकारी जसराना ) ने दीप प्रज्वलन कर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। ततपश्चात फीता काटने के उपरांत जलेबी दौड़ की शुरूआत हरी झंडी दिखाकर की। कुर्सी दौड़ (बालक) में प्रथम स्थान- योगेश, द्वितीय स्थान- सचिन ,तृतीय स्थान- जितिन ने प्राप्त किया।

कुर्सी दौड़ (बालिका) में प्रथम- उपासना,द्वितीय- दिव्या ,तृतीय- कृति चम्मच दौड़ में (बालक) प्रथम- कार्तिक,द्वितीय= बीरू एवं तृतीय- लखन,चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- अनामिका,द्वितीय स्थान- वर्षा

तृतीय स्थान- उपासना का रहा।

जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- लखन,द्वितीय स्थान- जितिन,तृतीय स्थान- प्रशांत ने प्राप्त किया। विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मुकेश राजपूत जिला महामंत्री यूटा द्वारा किया गया। स्पेशल ऐजुकेटर्स दिनेश सिंह, अमरेश सिंह, अनिल सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, सर्वेश कुमार ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा खेलकूद सम्पन्न कराए। खेलकूद कार्यक्रम की व्यवस्था ब्लाक व्यायाम शिक्षक कौशलेन्द्र सिंह, शारीरिक शिक्षा अनुदेशक अनिल,विनीत,किरन ,राम विलास एवं संकुल शिक्षक निर्देश कुमार, उमेश चंद्र, प्रिंस कुमार, श्यामवीर, हरेंद्र कुमार, नीरज यादव, ममता, ललिता,मुकुट सिंह,देशराज, सत्यवीर सिंह ,समस्त बीआरसी स्टाफ आदि शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# हैरान ना हो साहब, ये दिल्ली नहीं टूण्डला का सुभाष चौराहा है

## विधायक तक खुद जाम में, आम जनता किससे करे फरियाद, यातायात पुलिस को सुभाष चौराहे से है एलर्जी





जाम में फंसे टूंडला विधायक

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर(रामपाल चौधरी)**

फिरोजाबाद/टूण्डला। सौंदर्यीकरण के वादे के बीच फसें सुभाष चौराहे की स्थिति आम नहीं है। हर तरफ जाम ही जाम है। अगर आप समय से पहुचना चाहते है तो दो घंटे अतिरिक्त लेकर घर से निकलें। क्षेत्रीय विधायक को अपनी माँ के शव को पैतृक गांव ले जाते वक्त खुद जाम का सामना करना पड़ा। अब जब विधायक जी जाम में फसें है तो आप तो आम व्यक्ति है। पूरा मामला टूण्डला के सुभाष चौराहे का लगभग दस बजे का है। क्षेत्रीय विधायक अपनी माँ के शव को लेकर अपने पैतृक गांव जा रहे थे। तभी चौराहे पर पहुचते ही जाम का सामना करना पड़ा। आखिरकर विधायक को खुद जाम से गाड़ी को निकलवाना पड़ा। लेकिन जिम्मेदार तो सोए हुए है। यातायात पुलिसकर्मी महीने में एक दो दिन ही टूण्डला चौराहे पर तैनात होते है। आप किसी भी दिन आम जनता को जाम से जूझते देख सकते है।

जाम रोकने में प्रशासन असमर्थ है। आपको बता दें कि एन एच आई द्वारा ओवर ब्रिज के बगल में खुदाई कर दी है जिससे वाहन ब्रिज के नीचे बने कट में से नहीं निकल पा रहा है। जिससे सुभाष चौराहे पर जाम की समस्या बढ़ गई है।आम जनता तो जाम से त्रस्त है ही आप एम्बुलेंस को भी जाम में अक्सर खड़ा पाएंगे। टूण्डला स्टेशन कई क्षेत्रों को जोड़ता है। जहाँ से प्रतिदिन हर रोज हजारों यात्री सफर करते है। लेकिन साहब अगर आपको समय से ट्रेन पकड़नी है तो घर से टूण्डला चौराहे के लिए एक घंटा जाम के लिए अवश्य लेकर चलें। क्योंकि साहब टूण्डला आए है तो जाम में खड़ा होना पड़ेंगा। सुभाष चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस का होना अनिवार्य है लेकिन जब कोई वीआईपी आता है तभी ट्रैफिक पुलिस दिखाई देती है। आखिर कब टूटेंगी प्रशासन की नींद जिससे जनता को राहत मिल सके ।

## न्यूज ब्रीफ

### आठ जुआरी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने 08 जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जुआरियों के कब्जे से 38250 रुपए बरामद हुए है। जनपद में जुआरियों व सटोरियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में रसूलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लालपुर मण्डी के मैदान में जुआ खेल रहे 08 जुआरियों नीरज राठौर, सौरभ राठौर, शिवकुमार गुप्ता, ललित मोहन, रोहित कुमार, जैनुद्दीन, संजीव कुमार और जुबैर खान को मौके से गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से 38250 रुपये बरामद हुए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा।

### चौथे दिन भी तहसील में जारी रहा अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन



नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/जसराना। दो अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर आंदोलित अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान अ?धिवक्ताओं ने अपनी मांगों को बुलंद किया। न्यायिक कार्य नहीं होने से वादकारी एवं काश्तकार परेशान दिखाई दिए। अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह चौहान पर थाना जसराना में दो एवं थाना मक्खनपुर में एक मुकदमा दर्ज हैं। उन पर फर्जी तरीके से बैनामा लिखने का आरोप है। वहीं अधिवक्ता सचिन यादव के खिलाफ थाना एका पुलिस ने 110 जी के तहत कार्रवाई की गई है। दो अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज होने से पिछले कई दिनों से अधिवक्ता आंदोलित हैं। वहीं पिछले तीन दिनों से चला रहा धरना प्रदर्शन चौथे दिन सोमवार को भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा जब तक दोनों का नाम नहीं निकल जाता तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।

### एके कॉलेज में छात्र छात्राओं को दिए गए टैबलेट

नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद । आदर्श कृष्ण महाविद्यालय में आज सोमवार को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम शिकोहाबाद अंकित कुमार वर्मा रहे ।इस दौरान कॉलेज के विभिन्न संकाय के 24 छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने प्राचार्य के साथ मिलकर टैबलेट दिए ।इस अवसर पर एसडीएम अंकित वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा छात्र छात्राओं को टैबलेट मुहैया कराए जा रहे हैं । टैबलेट पाने वाले



छात्र छात्राओं को चाहिए वो इसका पढ़ाई में पूरी तरह से सदुपयोग करें क्योंकि टैबलेट से हम गूगल के द्वारा विभिन्न शिक्षा से जुड़ी सामग्री हासिल कर सकते हैं। प्राचार्य डॉक्टर दीदार सिंह यादव ने कहा कि आज का दौर सोशल मीडिया तथा डिजिटल का समय है। जिन बच्चों को टैबलेट दिए गए हैं वो इसके द्वारा पढ़ाई की विभिन्न पाठ्य सामग्री को प्राप्त करने में मदद लें ।इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश चंद्र यादव, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे. दीदार सिंह यादव, नोडल अधिकारी प्रोफेसर संजय कुमार यादव, डा जगदीश यादव, डॉ. विजेंद्र यादव, डॉ. सफी मोहम्मद, डॉ संजीव यादव, कार्यालय अधीक्षक एसएए क्यू रिजवी, अमित यादव, संदीप यादव आदि मौजूद रहे ।

### दो बाइक आमने-सामने से टकराई, एक व्यक्ति हुआ घायल

नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । थाना सिरसागंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर गांव सैदलपुर के पास दो बाइक सवार आपस में टकरा गए । जिससे एक लोग बुरी तरह घायल हो गया। नेशनल हाईवे गांव सैदलपुर के पास एक बाइक सवार सिरसागंज की ओर से रॉन्ग साइड जा रहा था , तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। राहगीरों ने बाइक सवार को उठाया ।जिसमें सिरसागंज की ओर से जा रहे व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची नेशनल हाईवे एंबुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य के सिरसागंज लेकर आई , जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। लोगों ने बताया घायल व्यक्ति इटावा का है। जो अभी बोलने की हालत में नहीं है। जिसे अधिक चोट लगी है।


## वैधानिक सूचना

मेरी LIC पॉलिसी संख्या 263238483 में मेरा नाम राज कुमार अंकित है, जो गलत है ।जबकि मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम राजू अंकित है, जो सही है। अब मैं भविष्य में राजू पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम नगला बल्ल पोस्ट जायमई तहसील सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के नाम से जाना जाऊंगा।


# पदाधिकारियों ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश उपाध्याय का स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



टूण्डला। नगर के सब्जी मंडी स्थित अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के प्रदेश कार्यालय पर पहुचे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश उपाध्याय एवं प्रदेश अध्यक्ष रामवीर सिंह मलिक का साफा और फूल मालाएं पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश उपाध्याय ने कहा कि आज बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर बहुत ही बड़े स्तर पर अत्याचार हो रहे हैं।जोकि बहुत ही चिंताजनक है। हमारे हिन्दू मठ, मंदिरों को तोड़ा जा रहा है।इस्कॉन मंदिर के महंत स्वामी चिमनन्यादास द्वारा अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने पर उनको जबरन जेल में डाल दिया जाता है। और इस्कॉन मन्दिर ट्रस्ट द्वारा उक्त संत से दूरी बना ली जाती हैं। यह बहुत ही निराशाजनक है। अतिशीघ्र अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ समूचे देश में बांग्लादेश के खिलाफ आन्दोलन करेगा और महामहिम राष्ट्रपति से बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार पर रोक लगाए जाने की मांग करेगा। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां, प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, उदय प्रताप सिंह वर्मा, स्वप्निल जैन, भवानी सिंह, जितेन्द्र पचौरी, डॉ गौतम सिंह, सुधीर कुमार सिंह, राजीव मल्होत्रा, कुलदीप पोनियां, सुनील गुप्ता, गोपाल शर्मा, सेकी राणा, देवांशू प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।**

सिरसागंज । थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कठफोरी में 40 वर्षीय एक महिला ने घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कल्पना पाल पत्नी रघुवीर सिंह उम्र करीब 40वर्ष निवासी कठफोरी थाना सिरसागंज ने सोमवार शाम 4 बजे के करीब घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतिका कल्पना के भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी बहन ने फांसी क्यों लगाई है। इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, फिलहाल उसकी मौत हो गई है और पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया है।

# मकान बंटवारें में गोली से माहिला की मौत

●घर में किचन की मांग कर रही थी महिला

●ससुर पर लग रहा गोली मारने का आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर ।**



फिरोजाबाद। सोमवार को थाना शिकोहाबाद क्षेत्रांगत चार भाइयों के बीच मकान के बंटवारे को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि एक महिला की गोली लगने से मौत हो गई। घटना में ससुर पर गोली मारने का आरोप लगा है। महिला घर में अपने लिए अलग किचन की मांग कर रही थी। एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया के अनुसार अभी तक की जांच में पता चला है कि किचन को लेकर परिवार में झगड़ा हुआ था। ससुरालीजन फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। सूत्रो के अनुसार उमा देवी के ससुर राजकुमार चौहान ने किचन मांगने पर गुस्से में आकर गोली चला दी। जिससे महिला की मौत हो गई। शव को छोड़कर आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया और इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना स्थल का फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया।

# कम्पनी से टोटीं चोरी करने के आरोपी तीन चोर गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने चोरी के माल सहित पकड़ कर जेल भेजा।

वादी प्रदीप बाबू ने थाना पर तहरीर दी थी कि कम्पनी में रखी पीतल की टोटी किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में टूण्डला पुलिस ने चैकिंग के दौरान थाना पर दर्ज चोरी के मुकदमें से सम्बन्धित तीन वांछित विनय यादव पुत्र रामोतार निवासी सलेमपुर नगला खार थाना टून्डला, सत्यप्रकाश पुत्र मुन्शीलाल निवासी सलेमपुर नगला खार थाना टून्डला और जे0पी0 यादव पुत्र सतीश चन्द्र निवासी सलेमपुर नगला खार थाना टून्डला को चोरी के माल साथ गिरफ्तार किया गया। चोरों के कब्जे से 864 पीतल की चोरी की हुई टोटी बरामद हुई है। तीनो चोरों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा ।

# हनुमान सेना ने सौंपा तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



टूंडला। सोमवार को हनुमान सेना के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार टूंडला को ज्ञापन सौंपा है। हनुमान सेना के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि भारत के सीमावर्ती राज्य बांगलादेश में सरकार के तख्ता पलट के बाद से हिन्दुओ पर हो रहे नरसंहार व हिन्दुओ कि माँ बहन के साथ लगातार होने वाले बलात्कार व हत्याओं के विरुद्ध भारत के प्रत्येक हिन्दू ही नहीं बल्कि सारे विश्व के हिन्दुओ में रोष व्याप्त है। बांग्लादेश के संत चिन्मय दास की एयरपोर्ट से गिरफ्तारी व उनके उपर बांग्लादेश को अन्यायी व क्रूर सरकार द्वारा देश द्रोह का मुकदमा लगाया जाना भी बेहद चिंता का विषय है। हम सभी का राष्ट्रपति से निवेदन है कि वो बाग्लादेश सरकार से सम्बंध में डॉजियर जारी कर क्रूर बांग्लादेशी सरकार से हिन्दुओ की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की कृपा करे। ज्ञापन देने वालों में रोहित चौधरी प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सेना युवा वाहिनी, कृष्णवीर जादौन, शिवा वशिष्ठ, प्रभात उपाध्याय, अमित सिंह, कृष्ण चौधरी, पुष्पेंद्र पचहरे, हरवीर सिंह, अजीत, टीटू, गुलशन यादव, अक्षत, सुभाष, अनूप, पवन, विक्रम सिंह, विवेक, सचिन, मानवेंद्र सिंह, अभिषेक धाकरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# कक्षा पांच की छात्रा बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।**




जसराना। मिशन श?क्ति अ?भियान के तहत प्राथमिक विद्यालय जसराना द्वितीय में कक्षा पांच की छात्रा को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। इस दौरान एक दिन की पढ़ाई की जिम्मेदारी छात्रा द्वारा निभाई। वहीं बच्चों ने अध्यापकों के साथ भारतीय स्टेट बैंक की शाखा जसराना का भ्रमण किया। इस दौरान मौजूद अ?धिकारियों ने बच्चों को बैंक में खुलने वाले खातों के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

प्राथमिक विद्यालय जसराना द्वितीय की बालिकाओं को भारतीय स्टेट बैंक शाखा जसराना का भ्रमण कराया गया। बैंक परिसर में पहुंची छात्राओं को शाखा प्रबन्धक रामजीत सिंह ने बालिकाओं की गहिला सशक्तिकरण का महत्व समझाया और जानकारी दी। 10 वर्ष से कम उम्र की बालिकाएं अपने अभिभावक के साथ तथा 100 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं अपना एकल बचत खाता खुलवा सकती हैं किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इस दौरान कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहने की आवश्यकता है। विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा पूर्वी गुप्ता को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। नयी प्रधानाध्यापिका ने मध्याहन भोजन एवं अध्यापको को उपस्थिति की जांच की। विद्यालय प्रांगण एवं कक्षा कक्षों की साफ सफाई को परखा। ब्लाक स्तरीय नोडल शिक्षिका रुक्मिणी वर्मा ने बालिकाओं को गुड़ टच एवं बेड टंच का बारीकी से महत्व समझाया। इस दौरान प्रधानाध्यापक प्रेमपाल सिंह, रिचा यादव, शबाना, श्रीमती सुषमा शर्मा, सुमन कुमारी, रिचा यादव का पूर्ण सहयोग रहा। प्रधानाध्यापक प्रेमपालसिहं ने सभी का आभार प्रकट करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबरें फटाफट

### दहेज हत्या के वांछित आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा



सहारनपुर। थाना देवबंद पुलिस टीम ने दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। बता दें कि गत 29 नवम्बर 2024 को शादिया के साथ पति व उसके परिजनों ने दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ति करने तथा मांग पूरी न होने पर हत्या कर देने के सम्बन्ध में मृतका के भाई शाहरूख ने थाना देवबंद पर सऊद व उसके परिजनों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। आरोपी पति तभी से फरार चल रहा था। आज थाना देवबंद प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दहेज हत्या में वांछित चल रहे आरोपी सऊद पुत्र इन्तसार निवासी ग्राम गोपाली थाना देवबंद, जिला सहारनपुर को ग्राम गोपाली से गिरफतार किया गया। गिरफतार आरोपी के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### घर में घुसकर अज्ञात व्यक्तियों ने बुजुर्ग महिला व उसके बेटे से की लूट

बेहट/सहारनपुर। थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कादरपुर में 90 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला एवं 60 वर्षीय उनके बेटे जो अपने घर पर अकेले रहते थे के घर पर कुछ अज्ञात व्यक्ति आए और बुजुर्ग महिला के कानों से कुण्डल व बेटे से 52 हजार रुपए कैश की लूट को अंजाम देकर फरार हो गए। लूट करने की सूचना पर बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। बेहट पुलिस द्वारा लूट की घटना को खोलने के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि जल्दी ही लूट की घटना को अंजाम देने वाले पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इसके लिए कई टीमों का गठन किया गया है और शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

### खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित




गजरौला। ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में क्रीड़ा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हुए खेलों के विजेता खिलाडियों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलों में पारंगत होने के लिये निरंतर अभ्यास करते रहें। जितना अभ्यास किया जायेगा, उतना ही खेलों में सुधार आएगा। कार्यक्रम में खेल प्रभारी अनिल राणा, पीटीआई प्रदीप कुमार शर्मा, उमेश कुमार, हरीश वर्मा, इंद्र सिंह, प्रभास कुमार यादव, लोकेंद्र सिंह, पप्पू कुमार यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार शर्मा ने किया।

### छत पर खेल रहे मासूम बच्चे को बंदर ने नोचकर किया घायल



गंगोह। क्षेत्र में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है,जो रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बंदरों व आवारा कुत्तों के हमले से आए दिन मासूम बच्चे और बुजुर्ग घायल हो रहे हैं। ताजा घटना सोमवार को मौहल्ला गुलाम औलिया के कलंदर चैक के पास हुई, जहां एक पांच वर्षीय मासूम बालक हमजा पुत्र हारून अपने घर की छत पर खेलते समय बंदरों के हमले का शिकार हो गया। हमजा को बंदरों के झुंड ने घेरकर उसके चेहरे पर गहरी चोट पहुंचाई। उसे तुरंत गंगोह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। परिवार ने बताया कि यह दूसरी बार है जब हमजा पर बंदरों ने हमला किया है। करीब डेढ़ महीने पहले भी इसी तरह की घटना में उसे गंभीर चोटें आई थीं, जिसका ईलाज करनाल के कल्पना चावला हॉस्पिटल में हुआ था।

# मेयर ने किया वार्ड 46 व वार्ड 49 में नलकूपों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव



### शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए निगम कर रहा भगीरथ कार्यःमहापौर

सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 46 के राघवपुरम में 35 हॉर्स पावर नलकूप के रिबोर और वार्ड 49 के चिलकाना रोड पर 15 हॉर्स पावर के मिनी नलकूप के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इन दोनों नलकूपों का कार्य पूरा होने से करीब बीस हजार लोगों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति हो सकेगी। प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लक्ष्य क्रियान्वित करते हुए नगर निगम नगरायुक्त संजय चैहान के निर्देशन में महानगर में 31 स्थानों पर मिनी नलकूपों की स्थापना तथा जल निगम द्वारा दस स्थानों पर 35 हॉर्स पावर के नलकूपों के रिबोर करने का कार्य कर रहा है। अनेक स्थानों पर मिनी नलकूपों की स्थापना के कार्य का शुभारम्भ महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा किया जा चुका है। आज उसी कड़ी में वार्ड 49 के चिलकाना रोड़ स्थित पुलिस चैकी के निकट 15 हॉर्स पावर के मिनी नलकूप के कार्य का शुभारम्भ महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार, उप सभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद मयंक गर्ग, मनोज प्रजापति, मंसूर बदर, समीर अंसारी, आसिफ अंसारी के अलावा पार्षद प्रतिनिधि जफर अंसारी, इजहार मंसूरी, गुलजेब खान तथा क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दीकी और अली मस्जिद के इमाम आदि मौजूद रहे। वार्ड 46 के राघव पुरम में 35 हॉर्स पावर के नलकूप के रिबोर कार्य का भी महापौर डॉ. अजय कुमार ने नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम सहारनपुर लगातार शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के अलावा पानी के अपव्यय को रोकने और जल संचय की दिशा में भगीरथ कार्य कर रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद ज्योति अग्रवाल सहित उक्त पार्षदगण तथा क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

## पदोन्नत होकर उपनिरीक्षक से निरीक्षक बनने वालों को एसएसपी ने लगाये स्टार, दी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सहारनपुर। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर रोहित सिंह सजवाण व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन द्वारा उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये उपनिरीक्षक के कंधों पर स्टार लगाकर बधाई दी गयी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए सभी निरीक्षकों को बधाई दी। साथ ही अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले पीड़तिों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिये। सभी पीड़तिों की बात सुनकर उन्हें न्याय दिलाना चाहिये, जिससे जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े।

# छात्राओं को दी व्यापार से संबंधित जानकारी




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गजरौला। नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को भंडारण मे स्टोक स्तर व स्वास्थ और सुरक्षा उपाय विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 व 10 की छात्राओ को रिटेल विषय मे खुदरा व्यापार से सम्बंधित जानकारियां प्रदान करके मार्गदर्शन किया। सोमबार को इंडस एड्यूटेन प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट कोआर्डिनेटर इमरान खान के निर्देशन मे व्यावसायिक शिक्षा के अध्यापक विजयपाल सिंह एवं नगर कॉमर्स शिक्षक मनोज कुमार ने स्टोर मैनेजमेंट, स्टोर हैडलिंग एवं संगठित संगठित रिटेल के बारे मे जानकारी दी गई। नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के असि.प्रोफेसर डॉ.संयम ने स्टोर मैनजमेंट, स्टोर हैंडलिंग एवं स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को कॉमर्स विषय में और अच्छी पकड़ बनाने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कॉमर्स विषय बहुत ही अच्छा विषय है, इसे जितना सीखेंगे उतनी ही विद्वता हासिल करेंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य नीतू सिंह, विजय लक्ष्मी, सीमा रानी, माधुरी सिंह, सोनम, विकास आदि मौजूद रहे।

# विद्युत मीटर रीडर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



### अधिकारियों ने स्थापित नेट मीटर के सम्बन्ध में मीटर रीडर्स को दी विस्तृत जानकारी

सहारनपुर। यूपीनेडा के सहारनपुर परियोजना अधिकारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत प्रदेश में पच्चीस लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रो की स्थापना कराई जानी है। लाभार्थियों को लाभ प्रदान कराने हेतू बिजली के बिलों में सोलर से उत्पादित बिजली का समायोजन होता रहे। इस हेतू मीटर रीडर्स की एक महत्वपूर्ण भूमिका है,जिनको प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम एक दिसम्बर 2024 को उक्त प्रशिक्षण में अनुभवी वेण्डर्स, जिनको मीटर रीडिंग की पूर्ण जानकारी हो को भी आवश्यक रूप से आमंत्रित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान कराकर प्रशिक्षित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पीएम सूर्य घर योजनान्तर्गत यूपीनेडा, सहारनपुर द्वारा विकास भवन सभागार,सहारनपुर में ई0 एस.के. अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर की अध्यक्षता में विद्युत मीटर रीडर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा द्वारा सर्वप्रथम मुख्य अभियन्ता तथा उपस्थित समस्त अधिकारी व वेण्डर्स का स्वागत करते हुए पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत स्थापित हो रहे रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की जानकारी प्रदान करते हुए स्थापित नेट मीटर के सम्बन्ध में मीटर रीडर्स को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गयी। संजय गहलोत, मै0 राघव इण्टरप्राईजेज द्वारा बिजली बिलों में सोलर से उत्पादित बिजली का समायोजन हेतू मीटर रीडर्स को मीटर रीडिंग के सम्बन्ध में आयात-निर्यात एवं नेट बिल तैयार करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। ई0 कार्तिक गुप्ता, सहायक अभियंता (मीटर) ईडीडी-1 सहारनपुर द्वारा सिक्योर, एलएनटी व स्मार्ट मीटर आदि कम्पनी के नेटमीटर से विद्युत बिल तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। इम्पैनल्ड वैण्डर्स हर्ष डाबर रितिका इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा का उपयोग भविष्य के लिए उपयुक्त बताया गया तथा रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाये जाने हेतू बल दिया गया।

### जिला कारागार में बंद संभल हिंसा के आरोपितों से मिले सपा के विधायक व पूर्व सांसद

**मुरादाबाद।** मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर संभल हिंसा में जेल भेजे गए आरोपितों से मुलाकात करने के लिए समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को मुरादाबाद जिला कारागार पहुंचा। इस प्रतिनिधि मंडल में समाजवादी पार्टी संसदीय दल के पूर्व नेता डॉ. एसटी हसन और विधायक शामिल थे। संभल हिंसा में जेल में बंद आरोपितों से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों और नेताओं ने पर्ची लगाकर अनुमति मांगी थी। मुरादाबाद जिला कारागार के सीनियर सुपरिटेंडेंट पीपी सिंह ने बताया कि 15 लोगों को जेल में मुलाकात की परमिशन दी गई है। इन सभी ने जेल में 5-6 लोगों से मिलने के लिए पर्ची लगाई थी। इन्हें नियमानुसार अनुमति दी गई है।

## खाद नहीं मिलने पर भड़के भाकियू कार्यकर्ताओं ने सहकारी समिति पर जड़ा ताला



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मंडी धनौरा। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने खाद ना मिलने पर सहकारी समितियों पर ताला लगाकर जमकर नारेबाजी की इस दौरान भारतीय किसान यूनियन असली मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने बताया कि फसल बोने के मौके पर ना तो बीज मिल रहा है और ना ही खाद मिल रही है काफी दिनों से किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा है जिसकी वजह से किसानों में भी आपस में लड़ाई झगड़ा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में शराब की दुकान पर शराब की कमी नहीं है लेकिन सरकार किसानों के लिए खाद की व्यवस्था नहीं करा पा रही है भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने दो बजे तक समितियों पर खाद ना पहुंचने पर 2 बजकर 15 मिनट पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी थी लेकिन आला अधिकारियों के समझाने पर भारतीय किसान यूनियन असली ने धरना समाप्त कर दिया।

# पेपर मिल गेट व भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान के सामने पड़ने वाली फाटक पर रोजाना जाम से यात्री हलकान

### जिला प्रशासन को चाहिये फाटक के पास पड़ने वाले खम्बों पर लगाये सूचक बोर्ड

नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव



सहारनपुर। पेपर मिल रोड़ स्थित स्टार पेपर मिल गेट के सामने रेलवे फाटक पर रोजाना जाम की समस्या से राहगीरों को जूझना पड़ रहा है। जहां ऐसे भी कई यात्री देखे गये हैं जिन्हें पेपर मिल रोड़ पर बने पुल के विषय में जानकारी नहीं है। जिस कारण वह सीधे न चलकर रेलवे फाटक से ही गुजरते हैं। यदि जिला प्रशासन द्वारा रेलवे फाटक के करीब रेलवे द्वारा लगाये गये खम्बो पर सूचक बोर्ड लगा दिये जायें तो कई यात्रियों को पुल के बारे में जानकारी अवश्य होगी और वह रेलवे फाटक पर भीड़ का कारक न बनकर अपने गन्तव्यों को समय से पहुंच सकेंगे। लेकिन साल भर बीतने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा सूचक बोर्ड नहीं लगाया गया। सूचक बोर्ड न लगा होने के कारण बहुत से यात्रियों को यह मालूम ही नहीं है कि आगे पुल से क्रॉस होकर भी टपरी, नागल एवं देवबंद जाया जा सकता है। सूचक बोर्ड लगने से जहां यात्रियों का सफर सुगम होगा वहीं स्टार पेपर मिल मुख्य गेट के सामने फाटक पर लगने वाला जाम भी काफी हद तक कम हो सकेगा।

# पुलिस द्वारा महिलाओं को दी जा रही विभिन्न हैल्पलाईन नम्बरों की जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



सहारनपुर। मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-05) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं व बालिकाओं को सहारनपुर पुलिस लगातार जगह-जगह पर जाकर जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चैपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। जिससे महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है। साथ ही महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाईन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के साथ पम्पलेट वितरित किये जा रहे हैं।

बता दें कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद सहारनपुर के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों व एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चैपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाईन नंबर वूमेन पॉवर लाईन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाईल्ड लाईन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाईन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच-बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साईबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

# उत्तराखण्ड सीएम ने वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंच नवयुगत दम्पत्ति को दिया आशीर्वाद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



नागल/सहारनपुर। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागल क्षेत्र के ग्राम सरसीना में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वरिष्ठ समाजसेवी मतलूब अहमद के निवास पर पहुंचकर नवयुगल दम्पत्ति को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भव्य स्वागत किया गया तथा गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उन्हें बुके भेंट किये गये। अपने नितान्त निजी पारिवारिक कार्यक्रम के चलते सीएम ने मीडिया से दूरी बनाई रखी। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने मतलूब अहमद के पुत्र शारिक मलिक व पुत्री सानिया के अलावा पारिवारिक लोगों से भी मुलाकात की। विदित हो कि मतलूब अहमद व पुष्कर सिंह धामी के पारिवारिक सम्बन्ध है। इस दौरान उनके साथ संजय टोलिया, श्याम अग्रवाल, अमर सिंह रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. कलीम अहमद, ठा. अश्विनी सिंह, पूर्व विधायक नरेश सैनी, दिलशाद प्रधान, प्रतीश देशमुख, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नानौता सुधीर कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पपिन चैधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष चैधरी मुजफफर अली, रविन्द्र चैधरी, एडवोकेट काका, रोहित चैधरी, सुनील चैधरी, मनसब अली परवेज, शाहनवाज़ मलिक, याकूब अली, शमीम मलिक, अलीम अहमद, वासिल मलिक, शोयब मलिक, अनस मलिक आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती जी, यूनाइटेड नेशंस एलायंस ऑफ सिविलाइजेशन के 10वें ग्लोबल फोरम में प्रमुख स्पीकर के रूप में आमंत्रित

## शांति हेतु एकजुट विश्वास को पुनःस्थापित करना और भविष्य को पुनः आकार देना, मानवता के लिए दो दशकों के संवाद पर विचार हेतु 10वां ग्लोबल फोरम - यूनाइटेड नेशंस एलायंस ऑफ सिविलाइजेशन का आयोजन

■परमार्थ निकेतन की डा. साध्वी भगवती सरस्वती जी ने भारत की ओर से यूनाइटेड नेशंस एलायंस ऑफ सिविलाइजेशन के 10वें ग्लोबल फोरम में दो विशेष सत्रों को सम्बोधित किया

■संवैधानिक समाधान ही प्रदान करता है सुरक्षा व स्थिरता: साध्वी भगवती सरस्वती





नेशनल एक्सप्रेस

ऋषिकेश, कासकैस, पुर्तगाल, 2 दिसम्बर। यूनाइटेड नेशंस एलायंस ऑफ सिविलाइजेशन के 10वें ग्लोबल फोरम का आयोजन ह्यशांति हेतु एकजुटह्न विश्वास को पुनःस्थापित करना, भविष्य को पुनः आकार देना थीम पर आधारित है। इस वर्ष, फोरम ने दो दशकों के संवाद और सहयोग का उत्सव मनाया, जिसमें विश्व के प्रमुख नेता और गणमान्य अतिथियों ने सहभाग किया। फोरम का आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में होता है, और इस बार यह 20वीं वर्षगांठ और 10वीं समिट के रूप में मनाया गया।

परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती जी ने भारत की ओर से यूनाइटेड नेशंस एलायंस ऑफ सिविलाइजेशन के 10वें ग्लोबल फोरम में दो विशेष सत्रों को सम्बोधित किया।

इस आयोजन में राष्ट्रपति मासेलो रेबेलो डी सौसा (पुर्तगाल), संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस, महामहिम डॉन फिलिप (स्पेन के राजा), तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान, संयुक्त राष्ट्र के अंडर-सेक्रेटरी-जनरल और यूएनएओसी के उच्च प्रतिनिधि मिगुएल एंजल मोराटिनोस, और अन्य कई पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्रियों ने सहभाग किया।

इस वर्ष फोरम ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा - अपने-अपने पवित्र पूजा स्थलों के संरक्षण पर केंद्रित रही। साध्वी भगवती सरस्वती जी ने इस प्रमुख सत्र में अपने विचारों को साझा किया। ज्ञात हो कि दो वर्ष पहले मोरक्को के फेज में हुई पिछली समिट में भी उन्होंने मुख्य सत्र में संबोधित किया।

सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के बीच संवाद को बढ़ावा देना, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना, और शांति, विश्वास और सहयोग को पुनः स्थापित करना था। इस आयोजन के माध्यम से, वैश्विक नेताओं ने समाज में शांति और सद्भाव की दिशा में अपने समर्पण को दोहराया।

साध्वी भगवती सरस्वती जी ने फोरम के मुख्य उद्घाटन समारोह में सहभाग कर भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और भारतीय ज्ञान-विज्ञान से ओतप्रोत अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

साध्वी भगवती जी ने अपने संबोधन में कहा, ह्यधार्मिक स्थलों की सुरक्षा हमारे समाज की नींव है जो हमें वैचारिक पोषण प्रदान करती है। सनातन धर्म और संस्कृति की जड़ें सहिष्णुता, समरसता और करुणा के सिद्धांतों में गहराई से बसी हुई हैं। हमें इन सिद्धांतों को अपनाते हुए आगे बढ़ना होगा। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा मात्र एक कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान भी है।

उन्होंने आगे कहा, भारत की परम्परा और सनातन परम्परा ने सदैव संविधानपूर्वक समाधान ढूंढने का प्रयास किया है और उन्हीं सिद्धान्तों पर यह राष्ट्र आगे बढ़ रहा है। वास्तव में संवैधानिक समाधान ही सुरक्षा व स्थिरता प्रदान करता है। सनातन धर्म हमें यह सिखाता है कि प्रत्येक प्राणी, प्रत्येक मनुष्य और प्रत्येक स्थान का सम्मान करें। हमारे पवित्र स्थल न केवल हमारी धार्मिक आस्था व विश्वास के प्रतीक हैं, बल्कि वे हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान भी हैं इसलिये इनकी सुरक्षा केवल हमारी जिम्मेदारी ही नहीं है, बल्कि हमारा ध्येय भी होना चाहिए। हम इन पवित्र स्थलों की पवित्रता और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। हमें एकजुट होकर इन स्थलों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि ये स्थल हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित रहें और इन स्थलों के माध्यम से हमारी प्राचीन ज्ञान परम्परा, आस्था, संस्कार व संस्कृति जीवंत व जागृत बनी रहे। उन्होंने आह्वान किया, आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम इन पवित्र स्थलों की सुरक्षा करेंगे और समाज में शांति, सद्भाव और मानवता को बढ़ावा देंगे। यह केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज और भविष्य की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे प्रत्येक कदम से हम एक समृद्ध और सद्भावपूर्ण समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। राष्ट्रपति मासेलो रेबेलो डी सौसा ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, यह फोरम हमें एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है कि हम अपनी विचारधाराओं को साझा करें और एकजुट होकर विश्व के सामने शांति और सद्भाव का संदेश प्रस्तुत करें।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने अपने संबोधन में कहा, ह्नदो दशकों के संवाद और सहयोग ने हमें यह सिखाया है कि शांति और सुरक्षा के बिना विकास संभव नहीं है। हमें अपनी साझी विरासत की रक्षा करनी चाहिए और सभी धार्मिक स्थलों को सुरक्षित रखने के लिये मिलकर प्रयास करना होगा। फोरम का समापन एक शानदार समारोह के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न देशों के नेताओं और प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए और भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस आयोजन के माध्यम से संदेश दिया कि संवाद और सहयोग के माध्यम से हम एक शांतिपूर्ण और समरसता से युक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस वर्ष का ग्लोबल फोरम न केवल दो दशकों के संवाद और सहयोग का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे समाज के भविष्य के लिए एक नई दिशा का संकल्प भी है जिसने दिखा दिया कि अगर हम एकजुट होकर प्रयास करें, तो हम अपने समाज को शांति, सुरक्षा और समरसता की दिशा में ले जा सकते हैं। 10वीं संयुक्त राष्ट्र सभ्यताओं के गठबंधन ग्लोबल फोरम-2024 का आयोजन पुर्तगाल के कासकैस शहर में किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का हो निस्तारण: जनपद न्यायाधीश

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। सोमवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार यादव द्वारा बताया गया की उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के निर्देशन में जनपद न्यायालय संभल में दिनांक 14.12.2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण के संबंध में जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में बैठक आहूत की गयी। उपरोक्त बैठक के अवसर पर अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी, कमलेश कच्छल, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,अशोक कुमार यादव-क्क्ष् प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज यादव, अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन / नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद संभल प्रदीप वर्मा, प्रभारी निरीक्षक मॉनिटरिंग सेल संभल, सत्यप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे। जिला जज द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया कि दिनांक 14.12.2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किया जाए।

# यूपी: बसपा को आई पार्टी को छोड़ देने वाले पुराने नेताओं की याद

### मायावती ने कहा- फिर से जोड़िए उन्हें

नेशनल एक्सप्रेस




लखनऊ। लगातार चुनावों में कमजोर प्रदर्शन कर रही बसपा को अपने पुराने नेताओं को याद आने लगी है। बसपा सुप्रीमों ने उन्हें एक बार फिर से जोड़ने को कहा है। बहुजन समाज पार्टी को फिर से अपने पुराने नेताओं की याद आने लगी है। पार्टी अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों की बैठक में 15 जनवरी से पार्टी संगठन का विस्तार करने का निर्देश देने के साथ पुराने कर्मठ नेताओं को भी दोबारा जोड़ने को कहा है। बसपा सुप्रीमो के निर्देश के बाद ऐसे नेताओं के लिए पार्टी में वापसी का रास्ता खुल गया है। बसपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने इस बाबत कहा कि बसपा सुप्रीमो की चिंता वाजिब है। बीते करीब एक दशक में पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, जबकि अन्य दलों से बसपा में आने वाले नेताओं की संख्या न के बराबर है। उनका कहना है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद बसपा का विस्तार होने की संभावना थी, लेकिन बसपा सुप्रीमो ने सपा से गठबंधन तोड़ने का फैसला हड़बड़ी में ले लिया, जिससे पार्टी की इस मुहिम को नुकसान पहुंचा। वहीं इसका फायदा सपा को मिला और वह बसपा के कई बड़े नेताओं को अपने पाले में करने में कामयाब हो गई। बाद में सपा ने इन नेताओं को टिकट देकर चुनाव में भी उतारा। अब बसपा को अपनी इस गलती का अहसास हो रहा है, जिसकी वजह से पुराने नेताओं को मनाने की कवायद शुरू होने जा रही है। बसपा छोड़कर जाने वाले नेताओं ने दूसरे दलों को खूब मजबूत किया। इनमें ब्रजेश पाठक, लालजी वर्मा, रामअचल राजभर, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, स्वामी प्रसाद मौर्य, बाबू सिंह कुशवाहा, नकुल दुबे, लालजी निर्मल, केके गौतम, इंद्रजीत सरोज, सुनील चित्तौड़, बृजलाल खाबरी, अफजाल अंसारी समेत सौ से अधिक बड़े नेता शामिल हैं। इनमें से कई राज्य सरकार व राजनीतिक दलों में अहम पदों पर हैं। सुनील चित्तौड़ जैसे कर्मठ नेता वर्तमान में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो बसपा के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है।

# चूड़ी मजदूर का शव यमुना में मिला

### सूदखोरों से परेशान होकर लगाई थी यमुना में छलाग

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर

फिरोजाबाद। चूड़ी मजदूर ने कर्जदारों से परेशान होकर बुधवार को यमुना में छलांग लगा दी थी। सोमवार को उसका शव यमुना में उतराता हुआ मिला है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

पूरा मामला थाना क्षेत्र दक्षिण का है। आनंद कुमार निवासी महावीर नगर ने बुधवार को ईधोंन पुल के पास यमुना में छलांग लगा दी थी। गोताखोर लगातार बुधवार से उसकी तलाश कर रहे थे।काफी प्रयासों के बाद उसका शव यमुना में उतराता हुआ मिला है। आनंद के पुत्र का कहना है कि उसके पिता ने कर्जदारों से परेशान होकर यमुना में छलांग लगाई है। उन्होंने मकान गिरवी रखा था। वह मकान नहीं लौटा रहे थे। बेटे का कहना है कि वह घर से थाने में दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने की बात कहकर घर से निकले थे। जाते समय वह मां को रुपए दे गए थे। कुछ देर के बाद पिता ने मां को फोन किया। पिता ने मां से कहा कि मेरी तरफ से आखिरी राम राम। उसके बाद वह नहीं मिले। पूछताछ करने पर कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने यमुना में छलांग लगा दी है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बाजारों में मंदी के चलते मसाले के रेट में गिरावट

### दालों में भी नहीं है जान, भारी गिरावट, आगे भी तेजी के आसार नहीं

अक्टूबर के मुकाबले दिसंबर माह में भी दालों के रैटों में भी लगातार गिरावट जारी है जो अरहर की दाल 180 रुपए किलो थी वह वर्तमान में 160 रुपए किलो बिक रही है। मलका लाल 90 के स्थान पर 85 रुपए ,चने की दाल 120 के स्थान पर 100 सफेद चना छोला 180 के सामने 160 रुपए, मीडियमछोला 160 रुपए प्रति किलो के स्थान पर 120 ,राजमा 180 रुपए से घट कर 140 रुपए तक पहुंच गया है। मूंग छिलका भी 140 से घटकर 115 रुपए बिक रही है ।जबकि उड़द की दाल 120 रुपए प्रति किलो के रेट पर टिकी हुई है। क'रण वही है ऑनलाइन व्यापार और बड़े-बड़े मॉल के खुलने से स्थानीय बाजारों में जान नहीं है केवल तीज और त्योहारों के मौके पर उपभोक्ता बाजारों में सामान खरीदने आते हैं, बाकी दिन फोन से ऑनलाइन माल मंगा लेते हैं इससे किराना के व्यापारियों में रोर भी है और कारोबारों में भारी शीतलता भी है ।



**डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, प्रदेश जीएसटी प्रभारी व्यापार मंडल हल्द्वानी, कुमाऊं मंडल महामंत्री किराना व्यापार मंडल**

# जनता दल यूनाइटेड बबेरू कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन

### मुख्य अतिथि जनता दल यूनाइटेड की महिला नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने काटा फीता

नेशनल एक्सप्रेस



बांदा।- सोमवार को बबेरू में जनता दल यूनाइटेड कार्यालय का उद्घाटन किया गया।मुख्य अतिथि शालिनी सिंह पटेल ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।वही इस दौरान उन्होंने कहा की जनता दल यूनाइटेड का कारंवा तेजी से बढ़ रहा है उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से कहा की आप सभी लोग पार्टी की विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाए और पार्टी को मजबूत बनाए।अन्य राजनीतिक पार्टी छोड़कर लगभग 20 लोगों ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता भी ली है।उधर पार्टी से बबेरू नगर पंचायत चुनाव अध्यक्ष पद के घोषित प्रबल दावेदार रविन्द्र कुमार भारतीय की जगह जेडीयू से मोहनलाल धुरिया को बबेरू नगर पंचायत चुनाव में प्रत्याशी बनाया है।

इस मौके पर बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी जदयू के मोहनलाल धुरिया ने बताया कि जिस तरह बिहार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिव्यांगों के लिए कई योजना बनाकर दिव्यांगों को लाभ दे रहे हैं और दिव्यांगों का सम्मान कर रहे हैं और जिस तरह बांदा जनपद सहित पूरे उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में जदयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल कार्य कर रही हैं शोषित, पीड़ित, वंचित, महिला किसान ,युवा, दिव्यांगों के लिए लड़ाई लड़ रही है आज हम नीतीश कुमार और शालिनी पटेल के कार्यों से प्रभावित होकर के अपने समर्थकों सहित जेडीयू की सदस्यता लिया है और मैं हमेशा पार्टी के प्रति समर्पित रहूंगा और पार्टी का जो संविधान है उस संविधान का भी पालन करूंगा मैं अपने आप को बहुत खुश नसीब समझता हूं कि मुझ जैसे दिव्यांग को नीतीश कुमार ने टिकट दिया पूरे देश के दिव्यांगों की तरफ से नीतीश कुमार शालिनी पटेल का धन्यवाद करता हु और बांदा जनपद के व बबेरू नगर पंचायत के सभी जेडीयू के पदाधिकारी व सभी जनता जनार्दन से अपील करता हूं की मुझ जैसे दिव्यांग को एक बार सेवा का मौका जरूर दें । जदयू जिला संरक्षक सुख निधान सिंह,महिला जिलाध्यक्ष निहारिका मंगल, बांदा जेडीयू जिलाध्यक्ष व्यवसायिक प्रकोष्ठ प्रशांत मंगल, रविंद्र कुमार भारतीय,रामभवन पटेल जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, जिला सचिव बाबूलाल चौधरी,बबेरू नगर अध्यक्ष सुनील कुमार सोनी,, कमासिन ब्लॉक अध्यक्ष जदयू लवलेश भास्कर आदि उपस्थित रहे। रीता सिंह, अली बक्स रुखसाना कैलाश सुभद्रा मंजू देवी करीब आधा सैकड़ा लोग सम्मिलित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया नजरबंद

नेशनल एक्सप्रेस



बिजनौर। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिजनौर शेरबाज पठान को पुलिस ने उनके आवास पर नजर बंद कर दिया। सोमवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिजनौर शेरबाज पठान के नेतृत्व मे कांग्रेस का प्रतिनिधि मण्डल सम्भल पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहा था कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय दुपहर को सम्भल पहुंच रहे थे।

उनके साथ ही बिजनौर कांग्रेस जिला अध्यक्ष को भी पहुंचना था पुलिस को इसकी खबर लग गई ओर पुलिस ने उनको सम्भल जाने से रोकने के उद्देश्य से उनका आवास घेर लिया थाना प्रभारी पुष्कर सिंह मेहरा ने दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ शेरबाज पठान को उनके आवास पर ही नजर बंद कर दिया कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया है। कांग्रेस ने कहा है कि पीड़ित परिवारों से मिलकर हमें वहां की स्थिति की रिपोर्ट पार्टी आला कमान को सौंपनी थी, लेकिन प्रशासन ने हठधर्मिता दिखाते हुए गैर कानूनी ढंग से वहां जाने से रोक दिया गया जिससे लगता हैं कि देश मे लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं बची ओर देश हिटलर शाही से चल रहा है। कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन के इस कृत्य की कड़ी निंदा की है।




खबरें फटाफट

## छात्रों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर और मोजे का किया वितरण



कानपुर। रोटरी क्लब कानपुर सूर्य के द्वारा चुन्नीगंज स्थित नगर निगम के बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली लड़कियों को ठंड के देखते हुए को स्वेटर और मोजे का वितरण किया गया इससे पहले भी इस स्कूल में भी किताबें कॉपियां और पेंसिल पेन का वितरण किया जा चुका है वही सचिव आरके सफर ने बच्चों से आवाहन किया कि जिस हिसाब से सरकार तथा रोटरी क्लब सुविधा प्रदान कर रही है उनको लगन के साथ पढ़कर स्कूल अपने शहर का नाम करना चाहिए। इस अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष ओम प्रकाश डालमिया,अध्यक्ष विकास अग्रवाल,सचिव आरके सफर,सुधीर गर्ग,गीता डालमिया,मृदुल प्रहलाद,नीलू अग्रवाल,प्रीति गुप्ता,रंजन सफर आदि लोग उपस्थित थे।

# जरीबचौकी का जाम खत्म करने को सबसे पहले जीटी रोड होगी अतिक्रमण मुक्त



## पुलिस कमिश्नर ने खुद सड़क पर उतरकर मौका-मुआयना किया

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर नगर में जरीबचौकी चौराहे का जाम खत्म करने को लेकर पुलिस कमिश्नर ने खुद सड़क पर उतरकर मौका-मुआयना किया। इस दौरान डीसीपी ट्रैफिक और डीसीपी सेंट्रल भी मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर ने सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाने और पुलिस को अलर्ट रहने की हिदायत दी है। इससे कि चौराहे के जाम को खत्म किया जा सके। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि कानपुर को जाम मुक्त बनाने के लिए शहर के प्रमुख 10 चौराहों का जाम खत्म करने के लिए काम किया जा रहा है। इसमें जरीबचौकी, टाटमिल चौराहा, अफीमकोठी चौराहा, फजलगंज और विजय नगर समेत अन्य चौराहे शामिल हैं। इसी क्रम में आज सोमवार को जरीबचौकी चौराहे का डीसीपी ट्रैफिक और डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौराहा और जीटी रोड पर अतिक्रमण की समस्या सामने आई है। इसके साथ ही क्रॉसिंग की वजह से चौराहे पर जाम लगता है।

इस वजह से सबसे पहले संबंधित विभागों के साथ बैठक करके चौराहा और जीटी रोड का अतिक्रमण साफ करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही जरीब चौकी चौराहा पर पुलिस की ड्यूटी को और बेहतर करने का निर्देश दिया है।

## उप्र में एक सप्ताह बाद बढ़ेगी सर्दी, पहाड़ों पर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। उत्तर प्रदेश में हवाओं की दिशाएं पछुआ तो चल रही हैं, लेकिन सर्दी में खास इजाफा नहीं हो पा रहा है। यहां तक कि तापमान सामान्य से अधिक ही चल रहा है। रात को अगर छोड़ दिया जाये तो दिन में सर्दी का कुछ खास असर नहीं दिख रहा है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि एक सप्ताह बाद पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिससे पहाड़ों पर बर्फबारी होगी और पछुआ हवाएं गंगा के मैदानी इलाकों को सर्दी से सरोबार करेंगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि उत्तर भारत में सर्दी का मौसम आने में सामान्य से देरी हो रही है। इसका कारण है कि अभी तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ है। इसके सक्रिय होने और हिंद महासागर से ठंडी हवाएं आने के बाद ही उत्तर प्रदेश और दिल्ली समेत अन्य राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। अनुमान है कि 7-8 दिसंबर के आसपास पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। हवाओं के तेज दबाव से जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी होने की संभावना है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई पर भी हल्की बारिश हो सकती है। ये बर्फबारी और बारिश पूरे उत्तर भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगा। ऐसे में उत्तर प्रदेश में एक सप्ताह बाद तेज सर्दी पड़ने के आसार दिखाई दे रहे हैं।

## विश्व दिव्यांग दिवस" के अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, पुखरायां में कैम्प का आयोजन



कानपुर। देहात आलोक सिंह के निर्देशन में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि 03 दिसम्बर 2024 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं दिव्यांगजन पेंशन, दुकान निर्माण संचालन योजना, कृत्रिम अंग ,सहायक उपकरण योजना, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन योजना आदि से दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने हेतु एक कैम्प का आयोजन जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, कालपी रोड, पुखरायां, कानपुर देहात में आयोजित किया जा रहा है। जनपद के दिव्यांगजन अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, एक फोटो व मोबाइल नं० सहित प्रातः 10:30 बजे से 02:00 बजे के मध्य जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, कालपी रोड, पुखरायां, कानपुर देहात में पहुँचकर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं (दिव्यांगजन पेंशन, दुकान निर्माण/संचालन योजना, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन योजना आदि) योजनाओं का का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## टेबल टेनिस चैंपियनशिप के खिलाड़ियों ने कानपुर का नाम किया रोशन




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपु। टीएसएच (द स्पोर्ट्स हब) ने अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के दम पर एक बार फिर उत्तर प्रदेश खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित 71वीं उत्तर प्रदेश राज्य टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 400 से अधिक खिलाड़ियों के बीच टीएसएच के सितारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सीनियर पुरुष वर्ग में सत्यम गिरी गुप्ता का जलवा सीनियर पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में, टीएसएच के स्टार खिलाड़ी सत्यम गिरी गुप्ता ने गाजियाबाद के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सार्थ मिश्रा को 3-1 से हराकर राज्य चैंपियन का खिताब जीता। यह जीत केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है,बल्कि टीएसएच की कोचिंग प्रणाली और खिलाड़ियों की तैयारी का प्रमाण है। सत्यम की इस शानदार जीत ने कानपुर के साथ-साथ पूरे टीएसएच परिवार को गर्व से भर दिया है।अंडर-13 बालक वर्ग में अनय राज वर्मा का सिल्वर मेडल अंडर-13 बालक वर्ग के फाइनल में टीएसएच के होनहार खिलाड़ी अनय राज वर्मा ने भी दमदार खेल दिखाया। उन्होंने लखनऊ के शौर्य के खिलाफ जोरदार मुकाबला किया और सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अनय की यह उपलब्धि भविष्य के चैंपियनों की तैयारी में टीएसएच के योगदान को रेखांकित करती है। टीएसएच की लाइफ टाइम मेंबर अर्चना खेतान ने वेटरन्स 59 प्लस वूमेंस कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करके रनरअप रहीं। टीएसएच की सफलता के पीछे की कहानी टीएसएच कानपुर की सफलता का

# श्री हनुमान की अद्भुत श्रंगार देख भक्त हुए मंत्रमुग्ध ,राम मयी हुआ शहर

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर में लगभग 300 वर्ष पुराना हनुमान जी का मंदिर कांच वाला प्रसिद्ध मन्दिर है रविवार को जिसका 14वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया जहां पर हजारों की तादाद में भक्तो ने पहुंचकर इस महोत्सव का आनंद उठाया इस अवसर पर शहर के कई विधायक, डाक्टर, वरिष्ठ अधिकारियों ने बारी बारी शिरकत की बता दें वही महोत्सव में मन्दिर की साज सज्जा भगवान का श्रंगार देखकर भक्तों को रोंगटे खड़े हो गए मानो साक्षात भगवान खुद आकर आसन लगाकर बैठ गए हो वहीं भगवान की झांकियो ने भी भक्तों का मन मोहित कर लिया वहीं प्रख्यात भजन गायक प्रदीप श्रीवास्तव के श्रीमुख से संगीतमय भजन संध्या का आयोजन व डा० डी० देवराय के द्वारा विशेष प्रस्तुत दी गयी भक्त झूमने को मजबूर हो गए बता दें कि इस मन्दिर में लोग कानपुर से ही नहीं प्रदेश के अलग अलग जिलों से दर्शन करने आते हैं मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से इस कांच वाले हनुमान मंदिर में माथा टेकता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है क्योंकि कलयुग में हनुमान जी के साक्षात्कार दर्शन होते हैं । पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी केवल बलशाली ही नहीं बल्कि दयालु भी हैं। हनुमान जी इतने दयालु हैं कि अपने शत्रुओं पर भी दया करके उन्हें संकट से निकाल देते हैं। इसका अर्थ यह है कि हनुमान जी केवल एक देवता ही नहीं बल्कि एक योद्धा भी हैं। ज्ञान, बल, पराक्रम के साथ एक योद्धा में दयाभाव का होना ही उसे महान बनाता है। कई पौराणिक कहानियों में इस बात का उल्लेख भी मिलता है कि हनुमान जी कलियुग के संकटों को पार करने में हर उस मनुष्य की सहायता करते हैं, जो भी हनुमान जी का स्मरण पूरी श्रद्धा के साथ करता है।

## पांच दिसंबर तक मंडलों में बूथ अध्यक्षों का कराएं चुनाव : दीपू पाण्डेय

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी में इन दिनों संगठनात्मक चुनाव चल रहे हैं। उसके लिए रोजाना बैठकें भी हो रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को उत्तर जिला की बैठक अध्यक्ष दीपू पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने साफ कहा कि अपने-अपने मंडलों के बूथ अध्यक्षों का चुनाव पांच दिसंबर तक सर्वसम्मति से संपन्न हो जाने चाहिये। भाजपा कानपुर उत्तर जिले की बैठक नवीन मार्केट कार्यालय में जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के सभी 14 मंडलों के संगठन पर्व चुनाव अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय ने सभी मंडलों के चुनाव अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पांच दिसंबर तक अपने-अपने मंडलों में बूथ अध्यक्ष के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराएं।

## रियल स्टेट फर्म के चेयरमैन जितेंद्र सिंह के ख़िलाफ़ जान से मारने की धमकी में एफआईआर दर्ज

**कानपुर।** कानपुर में एक पीड़िता के रुपए एक रियल स्टेट फर्म ने हड़प लिए। पीड़िता ने उसके खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए सभी अधिकारियों के यहां चक्कर काटे। जांच पर जांच हुई मगर कोई भी उसे न्याय नहीं दिला सका। आखिर में पांच साल बाद नजीराबाद पुलिस ने उसकी सुन ली और अब सन 2024 में उसकी एफआईआर नजीराबाद थाने में दर्ज हो सकी है। पुलिस के मुताबिक महिला से रुपए लेन देन से जुड़े दस्तावेज मंगाए गए हैं। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। गांधी नगर पी रोड निवासी रंजना शर्मा के पति संतोष शर्मा प्राइवेट नौकरी करते थे। तबियत खराब होने के कारण उनकी नौकरी चली गई। रंजना के मुताबिक उन्होंने अपने पति के नाम से वियाण्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट नाम की रियल स्टेट फर्म जो कि लाजपत नगर से संचालित होती है उसमें एक जमीन के लिए किश्तों में पैसे लगाए। पीड़िता बताती है कि चेयरमैन जितेन्द्र कुमार द्वारा सस्ती किश्तों में प्लॉट की स्कीम निकाली थी। 1 फरवरी 2016 से रंजना शर्मा ने किश्ते देना शुरू किया। जो कि 1500 रुपए थी। रंजना के मुताबिक किश्त ढाई साल में पूरी होनी थी और उसके एवज में उन्हें सनिगवां चकेरी में एक प्लॉट मिलना था। मगर ऐसा नही हुआ।

पीड़िता के मुताबिक जब उन्होंने एक साल किश्त जमा करने के बाद चेयरमैन से बात की तो तो उसने कहा कि अभी आपको सर्टीफिकेट नम्बर 06958 दिया जाएगा। प्लॉट आपके नाम बुक है और ढाई साल बाद इसके पक्के कागज दूंगा।

# फूलबाग स्थित गांधी भवन में नगर निगम 9.63 करोड़ रुपये से बनेगी ई-लाइब्रेरी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**कानपुर।** फूलबाग स्थित गांधी भवन में नगर निगम ई-लाइब्रेरी (डिजीटल) बनाने जा रहा है। 9.63 करोड़ रुपये से बनने वाली ई-लाइब्रेरी के लिये नगर निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। लाइब्रेरी में जहां छात्र कम्पटीटिव परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। वहीं, लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम की भी पढ़ाई भी कर सकेंगे। पार्षद पुस्तकालय की हालत का होगा सुधार सीएम वैश्विक नगरोदय योजना के तहत शासन ने जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिये हैं। योजना के क्रियान्वयन के बाद फूलबाग स्थित गांधी भवन के पार्षद पुस्तकालय की हालत का सुधार होगा और शहर में युवाओं को एक पढ़ने के लिये अच्छा स्थान मिल जायेगा। 38.19 करोड़ से होंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना वैश्विक नगरोदय योजना (सीएम-वीएनवाई) के तहत 38.19 करोड़ से शहर में 5 कार्यों को स्वीकृति मिली है। इसमें साकेत नगर में जोनल कार्यालय एवं सह कार्य स्थल का निर्माण कार्य 16.26 करोड़ रुपये से होना है। शासन की ओर से नगर निगम कानपुर को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। 10 करोड़ रुपए से बनेगी ई-लाइब्रेरी

जोनल कार्यालय के लिये जमीन का चयन कर लिया गया है। इसके साथ 9.63 करोड़ रुपये से फूलबाग गांधी भवन में ई लाइब्रेरी बनाने को लेकर भी शासन की स्वीकृति मिली है। कार्यदायी संस्था नगर निगम ने इस कार्य कराने के लिये स्थलीय निरीक्षण शुरू कर दिया है।

इसके साथ ही जोन 4 में नेहरू नगर चौराहे का सौंदर्यीकरण भी नगर निगम करेगा। योजना के तहत लगभग 0.485 करोड़ रुपये प्रस्तावित किये गये हैं। इसके बाद नेहरू नगर चौराहे का रूप बदल

## हॉस्टल में जेईई मेंस की तैयारी कर रहे छात्र का बाथरूम में मिला शव



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**कानपुर।** कानपुर काकादेव नवीन नगर के हॉस्टल में जेईई मेंस की तैयारी कर रहे छात्र का शव बाथरूम में मिला। साथी छात्र की सूचना पर हॉस्टल संचालक ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सोमवार को परिवार के लोग कानपुर पहुंचे हैं। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए काकादेव थाने में शिकायत की है। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची है। पुलिस की माने तो गैस गीजर या फिर करंट से छात्र की मौत होने की आशंका है।

वाराणसी निवासी संतोष गुप्ता का बेटा उत्कर्ष गुप्ता (19) काकादेव के नवीननगर में रहकर जेईई मेन्स की तैयारी कर रहा था। उत्कर्ष के साथ हॉस्टल में रहने वाले एक छात्र ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को उत्कर्ष नहाने के लिए बाथरूम में गया था। करीब एक घंटे तक वह बाथरूम से बाहर नहीं निकला तो मकान मालिक को जानकारी दी।

मकान मालिक ने अन्य छात्रों के साथ मिलकर बाथरूम का दरवाजा तोड़ा। भीतर उत्कर्ष बेहोश पड़ा था। उसे फौरन पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मकान मालिक ने काकादेव थाने में सूचना दी।

छात्र की मौत की सूचना पाकर एडीसीपी सेंट्रल मनोज पांडेय ने देर रात फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बाथरूम में गैस का गीजर लगा है। गैस गीजर या फिर करंट से छात्र की मौत की आशंका जताई जा रही है।

# प्रवर्तन जोन-1 श्री सत शुक्ला कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण अभियान चलाया

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



**कानपुर।** उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश के क्रम में आज दिनांक 02.12.2024 को विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन जोन-1 श्री सत शुक्ला द्वारा के0डी0ए0 की प्रस्तावित आवासीय योजना न्यू कानपुर सिटी के अन्तर्गत ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया

1-मैनावती मार्ग पर श्री हरि प्रसाद गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता इत्यादि द्वारा शारदाकुटी के नाम से (क्षेत्रफल लगभग 400 वर्ग गज) अवैध गेस्ट हाउस का निर्माण कर संचालन किया जा रहा था। उक्त अवैध गेस्ट हाउस को रिक्त करा करके गेस्ट हाउस के अग्र भाग को ध्वस्त कराया गया।

2- उक्त गेस्ट हाउस के समीप क्षेत्रफल लगभग 150 वर्ग गज में अवैध रूप से निर्मित भवन को भी ध्वस्त कराया गया।

उक्त कार्यवाही को नेतृत्व विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन जोन-1 श्री सत शुक्ला द्वारा किया गया जिसमें सहायक अभियन्ता श्री सन्दीप मोदनवाल अवर अभियन्ता श्री जर्नादन सिंह तथा श्री कैलाश सिंह के0डी0ए0 की प्रवर्तन दल, सुरक्षा बल तथा सुपरवाइजर इत्यादि की टीम उपस्थित रही। कार्यवाही के दौरान थाना बिठूर तथा अन्य थानो का पुलिस बल उपस्थित रहा। न्यू कानपुर सिटी योजना के अन्तर्गत स्थित अन्य अवैध निर्माणो का भी ध्वस्तीकरण कराया जायेगा।

## आईआईटी कानपुर : कैंपस प्लेसमेंट सीजन के पहले दिन मिले 579 ऑफर

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने अपने पहले चरण के प्लेसमेंट सत्र की शानदार शुरुआत की जिसमें पहले दिन के अंत तक 579 ऑफर प्राप्त हुए। कैंपस प्लेसमेंट और प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) दोनों के संयोजन के माध्यम से 523 छात्रों को पदों की पेशकश की गई है। यह संख्या आईआईटी कानपुर में शिक्षा की उत्कृष्ट गुणवत्ता को उजागर करती है, जहां छात्र उद्योग क्षेत्रों की मांग को पूरा करने के लिए कौशल से परिपूर्ण हैं, जिन्हें दुनिया भर की अग्रणी कंपनियां पसंद करती हैं। इनमें से 199 छात्रों ने प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से पीपीओ स्वीकार किया है। संस्थान की वैश्विक प्रतिष्ठा में इज़ाफा करते हुए 13 छात्रों को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय नौकरी के प्रस्ताव मिले, जिसने आईआईटी कानपुर की असाधारण प्रतिभा की वैश्विक मांग को उजागर किया।

## विकास नगर बस डिपो में खड़ी एसी जनरथ बस में लगी आग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**कानपुर।** कानपुर के विकास नगर बस डिपो में खड़ी AC जनरथ बस में सोमवार सुबह आग लग गई। बस के अंदर से धुआं निकला देख लोग पास पहुंचे तो देखा कि बस के केबिन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही अन्य कर्मचारी भी मौके पर आ गए और आग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। विकास नगर डिपो के एआरएम राम लवट ने बताया कि जिस बस में आग लगी थी वो बस 20 नवंबर को ही क्षेत्रीय कार्यशाला लखनऊ से बनकर आई है। 28 नवंबर को बस को रोड पर निकाला गया था। 30 नवंबर को बस लखनऊ से आकर रात में डिपो में खड़ी हो गई थी। इसके बाद से बस कही नहीं गई।

सुबह करीब 9 बजे बस से धुआं निकलता देख कर्मचारियों ने इसकी सूचना पहले विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद कंट्रोल रूम में दी। सूचना मिलती है मौके अधिकारियों और कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने की मसकद शुरू की और करीब 20 मिनट में आग को पूरी तरह से काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के आने से पहले ही आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया था। फायर विभाग के अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। जैसे ही बस में आग लगी तो पूरे डिपो में हड़कंप मच गया। आसपास खड़ी सवारियां भी इधर-उधर भागती हुई नजर आई। वहीं, डिपो के अंदर खड़ी बसे में आनन फानन में मौके से हटाई गई। फायर अधिकारियों की माने तो शॉर्ट सर्किट केबिन के पास हुआ है, जिसके चलते आग लगी हैं।

# बुमराह महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे: हेड

**एडिलेड**, (भाषा) ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को लगता है कि जसप्रीत बुमराह इस खेल के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे और उन्होंने कहा कि वह बड़े गर्व से अपने पोते-पोतियों को भारतीय तेज गेंदबाज का सामना करने की कठिन चुनौती के बारे में बताएंगे।




बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत यह मैच 295 रन से जीतने में सफल रहा।

हेड ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा, ''जसप्रीत को शायद इस खेल को खेलने वाले सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। अभी हम यह पता लग रहे हैं कि वह हमारे लिए कितना चुनौती पूर्ण हो सकता है। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है।'' उन्होंने कहा,''जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते पोतियों को बताऊंगा कि मैंने उनका सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना बुरा नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा लेकिन उनका सामना करना चुनौती पूर्ण है।''

हेड पर्थ में अर्धशतक बनाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन मध्यक्रम के इस विस्फोटक बल्लेबाज को यकीन है कि उनके साथी टिप्स के लिए उनसे संपर्क नहीं करेंगे। उन्होंने कहा,''यह निश्चित है कि वे मुझसे बल्लेबाजी के टिप्स नहीं लेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी का खेलने काअपना तरीका होता है।'' दोनों टीमें अब शुक्रवार से एडिलेड में उसी स्थान पर गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलेंगी जहां भारत 2020 में 36 रन पर आउट हो गया था।

हेड ने उस मैच को याद करते हुए कहा, ''मुझे याद है कि वह मैच जल्दी समाप्त हो गया था। हमने उस मैच का भरपूर आनंद लिया था। फिर से ऐसा करना अच्छा होगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि अगले मैच में ऐसा होगा।''

हेड ने इसके साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया की संघर्षरत बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है। पहले टेस्ट के दौरान जोश हेज़लवुड की एक टिप्पणी के बाद टीम के भीतर संभावित मतभेद की आशंका व्यक्त की जाने लगी थी। उन्होंने कहा,''हमें दोनों विभाग (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) से काफी उम्मीदें हैं और यह एक बहुत ही व्यक्तिगत खेल है। बल्लेबाजी में हम मजबूत पकड़ बनाना चाहते हैं और हम जानते हैं कि हमारे गेंदबाजों ने अतीत में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने हमें कई बार परेशानियों से बाहर निकाला है।''

हेड को पूरा विश्वास है कि पहले टेस्ट में करारी हार के बावजूद उनकी टीम वापसी करने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा,''हमारी टीम प्रतिकूल परिस्थितियों से अच्छी तरह से निपटी है। पिछले तीन या चार वर्षों में हमने हर चुनौती का अच्छी तरह से सामना किया है।

## डीएवी संस्थानों के 19 हजार खिलाड़ी डीएवी राष्ट्रीय खेल उत्सव में हिस्सा लेंगे

नयी दिल्ली, (भाषा) डीएवी के 22 राज्यों के संस्थानों के 19 हजार खिलाड़ी और कोच यहां पहले डीएवी खेल महोत्सव में हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन दो से चार दिसंबर तक किया जाएगा।

डीएवी के छात्रों के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के छह स्थलों मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, राष्ट्रमंडल खेल गांव, यमुना खेल परिसर, पूर्वी विनोद नगर में छत्रसाल स्टेडियम की इकाई, महामाया स्टेडियम और नोएडा इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम में इन खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 30 खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता का आयोजन लड़के और लड़कियों के लिए अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सोमवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किया गया।

# हमने सही मिश्रण ढूंढ लिया है: पंड्या

**मुंबई,** (भाषा) मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने जेद्दा में इंडियन प्रीमियर लीग की बड़ी नीलामी में उनके लिए जिस तरह से चीजें हुईं उस पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों का 'सही मिश्रण' ढूंढ लिया है।



स्टार ऑलराउंडर पंड्या ने कहा कि उनके पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण रखने की स्पष्ट योजना थी।

पंड्या ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए मुंबई इंडियन्स के वीडियो में कहा, ''मैं टेबल (बोली लगाने वाले लोग) के संपर्क में था कि हम किसके लिए बोली लगाने जा रहे हैं और मुझे लगता है कि हमने नीलामी में काफी अच्छा किया और टीम अच्छी दिख रही है।''

उन्होंने कहा, ''हमने सही मिश्रण ढूंढ लिया है। हमारे पास बोल्टी (ट्रेंट बोल्ट) वापस आया है, दीपक चाहर भी है और साथ ही बिल जैक्स, रोबिन मिंज और रिकेलटन जैसे युवा खिलाड़ी हैं।''

पंड्या ने कहा, ''इसलिए मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा किया। हमने सभी विभागों पर ध्यान दिया है।''

पंड्या ने स्वीकार किया कि नीलामी की पूरी प्रक्रिया रोमांचक है लेकिन भावनाओं को काबू में रखना महत्वपूर्ण है, विशेषकर उस विशेष खिलाड़ी के लिए जाते समय जिसकी टीम को सख्त जरूरत है।

उन्होंने कहा, ''नीलामी की गतिशीलता हमेशा मुश्किल होती है। जब आप इसे लाइव देख रहे होते हैं तो यह बहुत रोमांचक होता है और भावनाएं हमेशा ऊपर-नीचे होती रहती हैं क्योंकि आप किसी खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ना चाहते हैं।''

कप्तान ने कहा, ''लेकिन कभी-कभी आप पिछड़ जाते हैं। (इसलिए) यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम बहुत भावुक नहीं हों क्योंकि अंत में हमें एक पूरी टीम बनानी होती है।''

मुंबई की टीम ने कई अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) युवा खिलाड़ियों को खरीदा जिसमें नमन धीर, रोबिन मिंज, विग्नेश पुथुर, अर्जुन तेंदुलकर, बेवन जॉन जैकब्स, वेंकट सत्यनारायण पेनमेत्सा, राज अंगद बावा, श्रीजीत कृष्णन और अश्विनी कुमार शामिल हैं।

इन युवाओं का जिक्र करते हुए पांड्या ने उनसे कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया और कहा कि मुंबई इंडियन्स के पास उन्हें शीर्ष क्रिकेटरों के रूप में विकसित करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं हैं।

# विश्व शतरंज चैम्पियनशिप: ड्रॉ की हैट्रिक के बाद गुकेश और लिरेन की निगाहें जीत पर

**सिंगापुर**, (भाषा) भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप के सातवें दौर में जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य लगातार तीन बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद जीत हासिल करना होगा।




शतरंज के कई जानकारों की नजर में खिताब के प्रबल दावेदार 18 वर्षीय गुकेश अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उन्होंने अभी तक किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा है। दोनों खिलाड़ी अभी तीन अंक लेकर बराबरी पर हैं।

गुकेश सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद पहली बाजी हार गए थे लेकिन दूसरी बाजी इस भारतीय खिलाड़ी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी क्योंकि चीन के खिलाड़ी ने जीत के लिए किसी तरह का प्रयास नहीं किया और आसान ड्रॉ होने दिया।

गुकेश ने लिरेन की गलती का फायदा उठाकर तीसरी बाजी जीतकर अच्छी वापसी की लेकिन इसके बाद अगली तीन बाजियों में किसी भी खिलाड़ी ने जोखिम लेना उचित नहीं समझा और आपस में अंक बांटे।

यह मुकाबला 14 दौर का है तथा जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा वह विश्व चैंपियन बनेगा।

अभी तक दोनों खिलाड़ियों ने जिस तरह का खेल दिखाया है उसे देखते हुए किसी को भी प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता। गुकेश मंगलवार को सातवीं बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे। वह इसका फायदा उठाकर चीन के खिलाड़ी पर दबाव बनाना चाहेंगे।

गुकेश अगली तीन बाजियों में से दो बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे और अगर उन्हें विश्व चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाने हैं तो उन्हें इनमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

सातवीं बाजी भारतीय समयानुसार दोपहर बाद दो बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी।

## प्राणवी ने तीसरे स्थान के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

मालागा (स्पेन) दो दिसंबर (भाषा) भारत की प्राणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ में तीसरे स्थान पर रहते हुए लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

एलईटी पर अपने शुरुआती वर्ष में खेल रही प्राणवी ने सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के अंतिम दौर में चार अंडर 68 के कार्ड के साथ कुल 14 अंडर का स्कोर किया।

प्राणवी को इस शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार के तौर पर 42,000 यूरो (लगभग 37.40 लाख रुपये) मिले और वह एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट (ओएमएम) में 17वें स्थान पर पहुंच गई।

स्पेन की कार्लोटा सिगांडा ने अंतिम राउंड में 71 के कार्ड के साथ एक स्ट्रोक से जीत हासिल की।

इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीयों में अदिति अशोक (70) संयुक्त 16वें, दीक्षा डागर

# सील्स ने 15.5 ओवर में पांच रन देकर चार विकेट लिए, वेस्टइंडीज मजबूत स्थिति में

किंग्स्टन (जमैका), दो दिसंबर (एपी) तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने 15.5 ओवर में केवल पांच रन देकर चार विकेट लिये जिससे वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन अपना पलड़ा भारी रखा।



सील्स ने कुल 10 मेडन ओवर फेंके और बांग्लादेश को पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई।

वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 70 रन बनाए और वह बांग्लादेश से 94 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय कप्तान क्रैग ब्रैथवेट 33 रन और कीसी कार्टी 19 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश को एकमात्र सफलता मिकाइल लुइस के रूप में मिली जिन्हें नाहिद राणा ने विकेट के पीछे कैच कराया।

पहले दिन गीली आउटफील्ड और खराब रोशनी के कारण केवल 30 ओवर फेंके गए थे। दूसरे दिन भी लगभग 80 ओवरों के बाद खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त कर दिया गया।

बांग्लादेश ने सुबह दो विकेट पर 69 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसका कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने सर्वाधिक 64 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 75 गेंदों में 36 रन का योगदान दिया।।

# बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण हैं : पुजारा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण मौजूद हैं और भारत को रोहित शर्मा के इस पद से हटने के बाद उन्हें कप्तानी के दीर्घकालिक विकल्प के रूप में देखना चाहिए।



बुमराह ने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपने नेतृत्वकौशल का अच्छा नमूना पेश किया था और भारत को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा,' इसमें कोई संदेह नहीं कि वह (दीर्घकालिक कप्तानी का व्यवहारिक विकल्प) हैं। भारत जब घरेलू धरती पर श्रृंखला में करारी हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच खेल रहा था तब इन मुश्किल परिस्थितियों में उन्होंने अपने नेतृत्वकौशल की शानदार बानगी पेश की।'

उन्होंने कहा,''मेरा मानना है कि उनमें टीम का नेतृत्व करने की क्षमता है और वह एक टीम मैन हैं। आप उन्हें देखिए, वह कभी भी केवल अपने बारे में बात नहीं करते, वह टीम और अन्य खिलाड़ियों के बारे में बात करते हैं।''

भारत को न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने की उसकी उम्मीदों को भी काफी झटका लगा।

पुजारा ने कहा,''कई बार ऐसा होता है जब खिलाड़ियों को सलाह की ज़रूरत नहीं होती और वह इसे स्वीकार करते हैं। उनका मानना है कि अगर कोई अनुभवी खिलाड़ी है तो वह शांत रहेगा। यह एक अच्छे कप्तान की निशानी है।'' इस स्टार बल्लेबाज ने बुमराह के बारे में आगे कहा, ''वह ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं और मदद करने के लिए उत्सुक रहते हैं और बातचीत करने के लिए वह अच्छे इंसान हैं। क्रिकेट से इतर भी वह विनम्र हैं।''

# सिराज ने फॉर्म में वापसी का श्रेय बुमराह को दिया

कैनबरा, (भाषा) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में भारत की शानदार जीत में पांच विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लचर प्रदर्शन के बाद फॉर्म में वापसी का श्रेय भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह को दिया।




यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज घरेलू सत्र में विकेट लेने के लिए जूझ रहा था। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ जो दो मैच खेले उनमें वह केवल दो विकेट ले पाए थे लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में वापसी करने में सफल रहे।

सिराज ने कहा कि पहले टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान और दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बुमराह के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले बात करने से उन्हें फायदा मिला।

सिराज ने प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में भारत की छह विकेट से जीत के बाद कहा,''मैं हमेशा जस्सी भाई (बुमराह) से बात करता रहता हूं। यहां तक की पहले टेस्ट मैच से पूर्व भी मैंने उनसे अपनी गेंदबाजी को लेकर बात की थी। उन्होंने मुझसे कहा कि विकेट लेने के लिए आतुर नहीं रहो तथा लगातार एक क्षेत्र में गेंदबाजी करते रहो और अपने खेल का आनंद लो। अगर तब भी विकेट नहीं मिले तो फिर मुझसे बात करना।' उन्होंने कहा, ''इसलिए मैंने अपनी गेंदबाजी का पूरा आनंद लिया और विकेट भी हासिल किए।''

सिराज ने अपनी गेंदबाजी को लेकर भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण के साथ भी बात की। उन्होंने कहा,''मैंने भरत सर से भी अपनी गेंदबाजी को लेकर बात की क्योंकि वह मुझे लंबे समय से जानते हैं। उन्होंने भी मुझे अपनी गेंदबाजी का आनंद लेने और विकेट हासिल करने के लिए आतुर नहीं रहने की सलाह दी।'

सिराज ने कहा,''ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने से पहले मैं हैदराबाद में (क्षेत्ररक्षण कोच) दिलीप सर से मिला और हमने साथ में अभ्यास भी किया। इसलिए, यह अच्छा लगा और अब मैं अपनी गेंदबाजी का भरपूरआनंद ले रहा हूं।''

उन्होंने कहा,''मोर्ने (मोर्कल, भारत के वर्तमान गेंदबाजी कोच) मुझसे कहते रहते हैं कि तुम एक योद्धा हो। तुम हमें विकेट दिलाओगे, लेकिन तुम बस अपनी गेंदबाजी का आनंद लेते रहो।''

प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में सिराज अच्छी लय में दिख रहे थे, जो गुलाबी गेंद से उनका पहला मैच था। उन्हें पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ का विकेट मिला।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से एडिलेड में खेला जाएगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। यह पहला अवसर होगा जब सिराज दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से गेंदबाजी करेंगे।

सिराज ने कहा, ''(गुलाबी) गेंद लाल गेंद से अलग है। इसकी सीम बहुत सख्त है। यह चमकदार है। इससे आप जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना बेहतर होगा। मुझे लगता है कि गुलाबी गेंद से बैक लेंथ से गेंदबाजी करना बेहतर होगा।''

## संतोष ट्रॉफी फुटबॉल का फाइनल राउंड 14 से हैदराबाद में

नयी दिल्ली, (भाषा) संतोष ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली 78वीं सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतिम दौर के मुकाबले 14 दिसंबर से हैदराबाद में शुरू होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

इस प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 12 टीम भाग लेंगी। इनमें ग्रुप चरण के नौ विजेता, पिछले सत्र के दो फाइनलिस्ट (सेना और गोवा) और मेजबान तेलंगाना शामिल हैं। इन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 26 और 27 दिसंबर को खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वार्टर फाइनल तक सभी मैच डेक्कन एरेना में खेले जाएंगे। एआईएफएफ के अनुसार 29 दिसंबर को सेमीफाइनल और 31 दिसंबर को फाइनल जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेला जाएगा।

# प्रमुख कंपनियों में खरीदारी से बाजार मजबूत, सेंसेक्स 445 अंक चढ़ा

मुंबई, (भाषा) अमेरिकी एवं एशियाई बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू स्तर पर सोमवार को रिलायंस, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 445 अंक और निफ्टी 145 अंक चढ़कर बंद हुए।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 445.29 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,248.08 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 80,337.82 के ऊपरी और 79,308.95 के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 144.95 अंक यानी 0.60 प्रतिशत बढ़कर 24,276.05 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, टाइटन, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

इस तरह घरेलू बाजार जीडीपी की वृद्धि दर में आई सुस्ती से बेअसर रहे। शुक्रवार को कारोबारी अवधि खत्म होने के बाद घोषित सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर करीब दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर रही। विनिर्माण, खनन और खपत गतिविधियों में सुस्ती से वृद्धि दर में कमी आई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट रही, जबकि जापान के निक्की, चीन के शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी रही।

हालांकि यूरोप के ज्यादातर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,383.55 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,723.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत बढ़कर 72.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शुक्रवार को सेंसेक्स 759.05 अंक बढ़कर 79,802.79 और निफ्टी 216.95 अंक चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ था।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में वैकल्पिक निवेश कोष से 75,500 करोड़ रुपये का निवेश: एनारॉक

नयी दिल्ली, (भाषा) देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के जरिये निवेश एक दशक से अधिक समय में लगभग 75,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह इस मार्ग के माध्यम से कुल प्रवाह में 17 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ सभी क्षेत्रों में सबसे अधिक है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।



रियल एस्टेट के बारे में परामर्श देने वाली एनारॉक ने सोमवार को कहा कि पिछले दस साल में भारत में एआईएफ ने प्रभावशाली वृद्धि दिखाई है। सभी क्षेत्रों में से, रियल एस्टेट पूरे देश में एआईएफ निवेश के लिए अग्रणी विकल्प के रूप में सामने आया है। परामर्श कंपनी ने कहा, "एनारॉक ने बाजार नियामक सेबी के हाल के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) तक विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कुल 4,49,384 करोड़ रुपये के एआईएफ निवेश में से रियल एस्टेट का हिस्सा सबसे अधिक 17 प्रतिशत (लगभग 75,468 करोड़ रुपये) था।"

एआईएफ निवेश से लाभान्वित होने वाले अन्य क्षेत्रों में आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवाएं, एनबीएफसी, बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, खुदरा, नवीकरणीय ऊर्जा, आदि हैं। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, "चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत तक एआईएफ के माध्यम से रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल निवेश बढ़कर 75,468 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले वित्त वर्ष (2023-24)

## बिजली खपत नवंबर में पांच प्रतिशत बढ़कर 125.44 अरब यूनिट पर

नयी दिल्ली, (भाषा) देश में बिजली खपत नवंबर महीने में सालाना आधार पर 5.14 प्रतिशत बढ़कर 125.44 अरब यूनिट रही।

बीते वर्ष के इसी महीने में बिजली की खपत 119.30 गीगावाट थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति भी नवंबर, 2024 में मामूली रूप से बढ़कर 207.42 गीगावाट हो गई, जो एक साल पहले इसी माह में 204.56 गीगावाट थी। इस साल मई में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले सर्वाधिक 243.27 गीगावाट बिजली मांग सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी। इसी साल बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के दौरान 235 गीगावाट और शाम के समय 225 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था। जबकि जून के लिए दिन के समय 240 गीगावाट और शाम के समय 235 गीगावाट बिजली की मांग का अनुमान लगाया गया था।

# आरबीआई के कदम से एनबीएफसी की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति की वृद्धि में आएगी कमी : रिपोर्ट

मुंबई, (भाषा) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय पहल और परिसंपत्ति गुणवत्ता के रुझान से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति में वृद्धि चालू वित्त वर्ष 2024-25 और अगले वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर 15 से 17 प्रतिशत रहने का अनुमान है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।




इस क्षेत्र की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) में वित्त वर्ष 2023-24 में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। धीमी वृद्धि के बावजूद एयूएम विस्तार पिछले दशक के 14 प्रतिशत से अधिक होगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि नियामकीय माहौल और परिसंपत्ति गुणवत्ता के रुझान से संस्थाएं 'टिकाऊ वृद्धि' का विकल्प चुनेंगी। साथ ही वर्तमान स्थिति रणनीतियों में पुनः समायोजन की ओर ले जाएगी।

आरबीआई ने पिछले साल नवंबर में बैंकों के गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान (एनबीएफसी) को दिए जाने वाले ऋण के साथ-साथ असुरक्षित ऋणों पर जोखिम भार बढ़ा दिया था। इसके अतिरिक्त, छोटी राशि के ऋण खंड में भी हाल ही में परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं।

एजेंसी के मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि नियामक परिदृश्य (जिसमें अनुपालन कार्रवाइयां भी तेज हो गई हैं) का इस क्षेत्र के संचालन के तरीके पर असर पड़ेगा। आरबीआई के कदम का मकसद व्यवस्था के स्तर पर जोखिमों को कम करना और ग्राहक संरक्षण सुनिश्चित करना है।

## मोदी असम निवेशक शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

नयी दिल्ली, (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले साल फरवरी में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले 'असम निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' में हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को असम के आदिवासी समुदाय के झुमुर नृत्य के प्रदर्शन के लिए भी निमंत्रण दिया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' मुझे आज नयी दिल्ली में विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मार्गदर्शन हासिल करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। असम के लोगों की ओर से मुझे उन्हें फरवरी 2025 में असम निवेशक एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन और मेगा झुमुर प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का सौभाग्य भी मिला, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। ''गुवाहाटी में शिखर सम्मेलन 24 से 25 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा।

# सरकार ने देशभर में पेट्रोल पंपों की निगरानी के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाई : संसदीय रिपोर्ट

नयी दिल्ली, (भाषा) सरकार ने पेट्रोल पंप की नियामकीय निगरानी बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस एक व्यापक निगरानी प्रणाली लागू की है। सोमवार को पेश संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



इस निगरानी ढांचे में ओटीपी-आधारित मापांकन और डिजिटल भुगतान प्रणालियों सहित उन्नत प्रौद्योगिकियों को एकीकृत किया गया है, जिससे देश के ईंधन वितरण नेटवर्क में वास्तविक समय पर संकलित आंकड़ों का विश्लेषण संभव हो सकेगा। संसद की उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति की कार्रवाई रिपोर्ट से पता चला है कि निगरानी प्रणाली को देशभर में विस्तारित किया गया है, जिसमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया है।

विधिक माप-विज्ञान अधिनियम, 2009 और विधिक माप-विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत विकसित नियामकीय तंत्र एक मजबूत निगरानी ढांचा प्रदान करता है।

रिपोर्ट कहती है, "अधिनियम के प्रावधानों का पालन करके और आधुनिक निगरानी उपकरणों का लाभ उठाकर, सरकार का लक्ष्य नियामकीय निगरानी को बढ़ाना, उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और देशभर में सभी खुदरा पेट्रोल पंपों पर निष्पक्ष और पारदर्शी बाजार को बढ़ावा देना है।"

यह निगरानी राज्य और केंद्र सरकार, दोनों स्तरों पर विधिक माप विज्ञान विभागों और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा संयुक्त रूप से की जाती है। यह पहल संसद की स्थायी समिति की सिफारिशों के बाद की गई है।

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



राष्ट्रीय राजमार्गों, बाईपास, इनर रिंग रोड व सेतु निर्माण के शेष कार्यों को हर-हाल में आगामी 25 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाए। इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पूर्णतः सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



माल्देपुर घाट बलिया पर गंगोत्री से चल कर गंगासागर तक जाने वाले ऑल वुमेन गंगा रिवर राफ्टिंग अभियान 2024 में सम्मिलित सीमा सुरक्षा बल की बेटियों का स्वागत अभिनंदन किया।






## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा चार दिसंबर को होगी

**मुंबई/नयी दिल्ली,** (भाषा) महाराष्ट्र का नया मुख्यमंत्री कौन होगा यह चार दिसंबर को तय हो जाएगा, जब भाजपा विधायक दल अपना नया नेता चुनेगा। यह जानकारी भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने सोमवार को दी।

इससे पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को महाराष्ट्र विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया।

भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि दो बार मुख्यमंत्री रह चुके देवेंद्र फडणवीस को इस शीर्ष पद के लिए दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। पदाधिकारी ने बताया कि बैठक बुधवार सुबह विधान भवन में होगी।

बीस नवंबर को हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'महायुति' ने 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट पर जीत दर्ज की थी। भाजपा 132 सीट के साथ आगे रही थी, जबकि शिवसेना को 57 और राकांपा को 41 सीट मिली थीं। ऐसी खबरें थीं कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सतारा जिले में अपने गांव दारे का दौरा करके मुख्यमंत्री के रूप में दूसरा



मौका नहीं मिलने को लेकर अपनी अप्रसन्नता जतायी थी, हालांकि उन्होंने कहा था कि व्यस्त चुनाव प्रचार के बाद वह आराम करने के लिए अपने गांव गए थे।

शिंदे शुक्रवार को इन अटकलों के बीच सतारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हुए थे कि जिस तरह से नयी सरकार आकार ले रही है, वह उसको लेकर प्रसन्न नहीं हैं। कार्यवाहक मुख्यमंत्री रविवार दोपहर को ठाणे में स्थित अपने आवास लौट आए। शिंदे के अचानक ''अस्वस्थ होने'' और दिल्ली में भाजपा नेतृत्व के साथ बातचीत के बाद अपने पैतृक गांव जाने के फैसले को लेकर सवाल उठे थे।

चुनाव परिणाम आने के चार दिन बाद शिंदे ने संवाददाताओं से कहा था, ''मैंने प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी को फोन किया और उनसे कहा कि मैं कोई बाधा नहीं बनूंगा... हम (चुनाव जीतने वाला महायुति गठबंधन) उनके निर्णय का पालन करेंगे।''

भाजपा ने पहले ही घोषणा कर दी है कि नया मुख्यमंत्री पांच दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में मुंबई के आजाद मैदान में शपथ लेगा। समारोह को लेकर तैयारियां जारी हैं।

'महायुति' गठबंधन में भाजपा के दो मुख्य सहयोगी दलों, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), को नयी सरकार में उपमुख्यमंत्री पद दिए जाने की संभावना है।

इस बीच, एकनाथ शिंदे के पुत्र एवं शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने राज्य में बनने वाली नयी सरकार में खुद को उपमुख्यमंत्री का पद मिलने संबंधी अटकलों को निराधार और झूठा बताकर खारिज कर दिया।

सांसद श्रीकांत शिंदे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि इस साल की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव के बाद उनके पास केंद्र में मंत्री बनने का मौका था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया क्योंकि वह पार्टी संगठन के लिए काम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ''मुझे सत्ता के पद की कोई इच्छा नहीं है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं राज्य में किसी भी मंत्री पद की दौड़ में नहीं हूं।''

शिवसेना के गृह विभाग के लिए इच्छुक होने की अटकलों के बीच, एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा था कि महायुति के सहयोगी दल आम सहमति से सरकार गठन के तौर-तरीके तय करेंगे।

राकांपा नेता अजित पवार सोमवार को दिल्ली रवाना हुए, जबकि एकनाथ शिंदे और फडणवीस मुंबई में ही रहे और वे अपनी पार्टियों के कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।

## आप को दिल्ली के नागरिकों के स्वास्थ्य से ज्यादा शराब की बिक्री में दिलचस्पी: मांडविया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू नहीं करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना की और कहा कि उसे दिल्ली के नागरिकों के स्वास्थ्य से ज्यादा दिलचस्पी शराब की बिक्री में है। दिल्ली विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित हैं। मंत्री की टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली के भारतीय जनता पार्टी सांसदों की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के अनुरोध वाली याचिका पर आप सरकार से जवाब मांगे जाने के एक सप्ताह बाद आई है। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बार-बार अनुरोध और इस आशय में केंद्र के पत्रों के बाद भी इस योजना को लागू नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन सभी के कल्याण के लिए भारत की संघीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत लोक कल्याण कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।''

## तमिलनाडु के विल्लुपुरम में बाढ़ का प्रकोप, रेलवे ने परिचालन रद्द किया

**चेन्नई,** (भाषा) उत्तरी तमिलनाडु का विल्लुपुरम जिला अभूतपूर्व बाढ़ से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को क्षेत्र का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की।

विल्लुपुरम से होकर गुजरने वाली सभी रेल सेवाओं के अस्थायी रूप से निलंबित हो जाने से सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने स्थिति में सुधार होने पर सुरक्षा मानदंडों का पालन करते हुए सेवाओं को फिर से शुरू करने का संकेत दिया है। विल्लुपुरम और उसके आसपास के प्रमुख चेन्नई-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि उत्तर तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी के ऊपर पहुंचा चक्रवाती तूफान 'फेंगल' सोमवार को कमजोर होकर कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया।

विल्लुपुरम शहर, आस-पास के कस्बे और गांव भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं और बाढ़ का पानी निचले इलाकों में चला गया है। एक पुल का हिस्सा बह जाने के कारण तिरुवन्नामलाई जिले में अरनी के निकट कई गांवों का संपर्क टूट गया। विल्लुपुरम में विक्रवंडी और मुंडियामपक्कम के बीच एक मुख्य पुल पर पानी खतरे के निशान से ऊपर बहने



के कारण दक्षिणी रेलवे ने सोमवार सुबह उस प्रमुख खंड पर परिचालन स्थगित करने की घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों सहित कई सेवाओं को रद्द किया गया, कुछ का मार्ग परिवर्तित किसर गया और कुछ ट्रेनों को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। विल्लुपुरम चेन्नई, राज्य के अन्य उत्तरी भागों और तमिलनाडु के मध्य एवं दक्षिणी क्षेत्रों के बीच आसान संपर्क है, जहां बेहतर 'कनेक्टिविटी' है। थेनपेन्नई नदी उफान पर है और उत्तरी तटीय शहर कुड्डालोर भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्री एमआरके पनीरसेल्वम ने क्षेत्र का दौरा किया।

पश्चिमी जिले धर्मपुरी और कृष्णगिरि जिले भी बाढ़ की चपेट में हैं। कृष्णगिरि में पिछले दो से तीन दशकों में अभूतपूर्व बाढ़ आई और कार एवं वैन सहित कई वाहन बाढ़ के पानी में बहकर निचले इलाकों में चले गए। बाढ़ के कारण उथंगराई से कृष्णगिरि और तिरुवन्नामलाई जैसे शहरों तक सड़क मार्ग से पहुंचना मुश्किल हो गया है।

आईएमडी ने कहा, ''उत्तर तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी पर चक्रवाती तूफान 'फेंगल' के कारण बना कम दबाव का क्षेत्र लगभग पश्चिम की ओर बढ़ गया और आज दो दिसंबर, 2024 को सुबह साढ़े पांच बजे तक यह उत्तर आंतरिक तमिलनाडु में कमजोर होकर निम्न दबाव क्षेत्र में तब्दील हो गया। शेष निम्न दबाव क्षेत्र तीन दिसंबर 2024 के आसपास उत्तर केरल-कर्नाटक तटों से दूर दक्षिण-पूर्व और आसपास के पूर्व-मध्य अरब सागर में उभरने की संभावना है।''

## महाराष्ट्र में भाजपा विधायक दल के नेता के चयन के लिए सीतारमण, रूपाणी होंगे केंद्रीय पर्यवेक्षक

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में यह घोषणा की गई।

भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''पार्टी के संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिये विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।'' जो विधायक नेता चुने जाएंगे, उनका राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय हो जाएगा। इस बारे में भाजपा की ओर से अभी तक कोई संकेत नहीं दिए गए हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि इस दौड़ में पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस सबसे आगे हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को भारी जीत मिली है। महायुति ने 288 सदस्यीय



विधानसभा में 230 सीट पर जीत हासिल की है। भाजपा ने सबसे ज्यादा 132 सीट पर जीत दर्ज की, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को 41 सीट मिलीं।

चुनावी नतीजों की घोषणा के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी महाराष्ट्र में नयी सरकार का गठन नहीं हुआ है।

कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह नये मुख्यमंत्री के चयन को लेकर भाजपा के फैसले का समर्थन करेंगे। उनकी इस घोषणा के बाद लगभग यह स्पष्ट हो गया है कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा।

भाजपा ने घोषणा की है कि नयी महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर की शाम दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल होंगे।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि चार दिसंबर को पार्टी विधायक दल की बैठक हो सकती है।

## बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग परिसर में अनधिकृत तरीके से प्रवेश करने की घटना 'बेहद खेदजनक': भारत

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत ने अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग के परिसर में कुछ लोगों द्वारा अनधिकृत तरीके से प्रवेश किए जाने की घटना को ''बेहद खेदजनक'' बताते हुए सोमवार को कहा कि किसी भी स्थिति में वाणिज्य दूतावास की संपत्तियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब बांग्लादेश में आध्यात्मिक हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी तथा वहां अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में हजारों लोगों ने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला स्थित बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग के पास एक विशाल रैली निकाली थी। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग परिसर में आज अनधिकृत तरीके से प्रवेश करने की घटना अत्यंत खेदजनक है।'' ऐसी जानकारी मिली कि 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों ने अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग परिसर में कथित तौर पर अनधिकृत तरीके से प्रवेश किया।

## भाजपा ने विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को 'कारण बताओ' नोटिस दिया

**बेंगलुरु,** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय अनुशासन समिति ने विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को ''प्रदेश पार्टी नेतृत्व के खिलाफ लगातार तीखी टिप्पणी'' करने को लेकर 'कारण बताओ' नोटिस दिया है और उनसे 10 दिन के भीतर जवाब देने को कहा है।

कुछ ही दिन पहले ही यतनाल ने प्रदेश नेतृत्व की अनुमति के बगैर ही एक माह तक चलने वाला वक्फ विराधी मार्च शुरू किया । नोटिस का जवाब देते हुए यतनाल ने कहा कि हिंदुत्व के लिए लड़ाई और 'वंशवादी राजनीति' के खिलाफ उनकी प्रतिबद्धता जारी रहेगी।

केंद्रीय अनुशासन समिति के सदस्य सचिव ओम पाठक ने एक दिसंबर को भेजे अपने 'कारण बताओ' नोटिस में कहा, ''प्रदेश पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आपके तीखे हमले, पार्टी के निर्देशों की अवहेलना और राजनीतिक तथा सार्वजनिक महत्व के सभी मामलों पर पार्टी के आधिकारिक रुख के विपरीत सार्वजनिक बयानबाजी तथा रुख अपनाने की खबरें मीडिया के साथ-साथ विभिन्न पार्टी मंचों पर भी सामने आई हैं।' यह नोटिस मीडिया के साथ सोमवार को साझा किया गया है।

पार्टी ने बताया कि अगर वह निर्धारित समय के भीतर जवाब नहीं दे पाते हैं तो वह इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेगी। यतनाल पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा और उनके परिवार, खासकर भाजपा की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी वाई विजयेंद्र के कड़े



आलोचक माने जाते हैं। वह अक्सर उन पर निशाना साधते हैं और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मांग करते रहते हैं कि कांग्रेस की परिवारवादी राजनीति के खिलाफ प्रभावी लड़ाई के लिए येदियुरप्पा की ''वंशवादी राजनीति'' पर लगाम लगाई जाए।

पाठक ने कहा, ''यह 'गंभीर चिंता' की बात है कि अतीत में कई बार 'कारण बताओ' नोटिस जारी किए जाने और अच्छे आचरण के आपके आश्वासन के बावजूद अनुशासनहीनता बेरोकटोक जारी है।'' पार्टी में उनकी वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए पाठक ने कहा कि केंद्रीय अनुशासन समिति ने अतीत में उनके द्वारा दिए गए स्पष्टीकरणों पर नरम रुख अपनाया है। उन्होंने कहा, ''आपने पार्टी नेताओं के खिलाफ झूठे और परोक्ष आरोप लगाये हैं। आपने राजनीतिक और सार्वजनिक महत्व के मामलों पर पार्टी के आधिकारिक रुख की अवहेलना की है जो भाजपा के पार्टी नियम का गंभीर उल्लंघन है।'' पाठक ने यतनाल से कहा, ''कृपया कारण बताएं कि पार्टी को क्यों नहीं आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए? आपका स्पष्टीकरण इस नोटिस मिलने के दस दिन के भीतर पेश किया जाना चाहिए।''

निर्धारित समय में स्पष्टीकरण नहीं मिलने की स्थिति में केंद्रीय अनुशासन समिति यह मान सकती है कि यतनाल के पास अपने जवाब में कहने को कुछ नहीं है और तब वह इस मामले में अंतिम निर्णय ले सकती है।

यतनाल ने विधायक रमेश जरकीहोली, अरविंद लिंबावली, महेश कुमाथल्ली, मधु बंगारप्पा सहित भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर बीदर से चमराजनगर तक वक्फ विरोधी मार्च निकाला है।

यह मार्च 25 नवंबर को शुरू हुआ और 25 दिसंबर को समाप्त होगा।

इस मार्च को भाजपा में विजयेंद्र के विरोधी गुट के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। यतनाल ने कहा कि यह मार्च किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य ''किसानों, सनातन धर्म और हिंदुओं को राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा जारी बेदखली नोटिस से बचाना है।''

इस नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए यतनाल ने कहा कि हिंदुत्व की लड़ाई और ''वंशवादी राजनीति'' के खिलाफ उनकी प्रतिबद्धता जारी रहेगी।

## बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन तैनात करने और संसद में केंद्र के बयान की मांग की

**कोलकाता,** (भाषा) बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्र से इस पड़ोसी देश में शांति मिशन तैनात करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से संपर्क करने का अनुरोध किया।

साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वहां से सताए गए भारतीयों को वापस लाने के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की।

बनर्जी ने यह भी मांग की कि विदेश मंत्री को बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति पर भारत के रुख से संसद को अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अगर प्रधानमंत्री मोदी खुद यह काम करने के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं, तो विदेश मंत्री का बयान वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान आना चाहिए।''

विधानसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि दोनों देशों के बीच के द्विपक्षीय मुद्दों पर टिप्पणी करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है, क्योंकि बंगाल देश की संघीय व्यवस्था में केवल एक राज्य है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, हाल के घटनाक्रमों और जिन लोगों के बांग्लादेश में रिश्तेदार और ठिकाने हैं, उनके द्वारा बताए गए अनुभव, हमारी तरफ से आने वाले लोगों की गिरफ्तारी और यहां इस्कॉन के प्रतिनिधियों के साथ मेरी बातचीत के मद्देनजर मुझे इस सदन में यह बयान देने के लिए मजबूर होना पड़ा है।''

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस विषय पर आधिकारिक तौर पर टिप्पणी करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है, ऐसे में विदेश मंत्रालय से उनकी अपील है कि वह बांग्लादेश प्रशासन के साथ यह मुद्दा उठाये तथा यदि जरूरी हो तो संयुक्त राष्ट्र के सामने भी यह विषय रखे। उन्होंने कहा, ''यदि जरूरी हो तो, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत कर सामान्य स्थिति की बहाली में मदद के लिए वहां अंतरराष्ट्रीय शांति बल भी भेजा जाए।''

उन्होंने कहा कि सताए गए भारतीयों को बचाकर सीमा के इस तरफ लाने एवं उनका पुनर्वास करने की तत्काल जरूरत है। उन्होंने



कहा, ''यदि जरूरत पड़ी तो हम उन भारतीयों का पुनर्वास भी कर सकते हैं जिनपर बांग्लादेश में हमला हुआ है। यदि जरूरत पड़ी तो हमें उनके साथ एक रोटी साझा करने में कोई दिक्कत नहीं है। उनके लिए अनाज की कोई कमी नहीं होगी।''

बनर्जी ने कहा कि वह चाहती हैं कि बांग्लादेश और अन्य देशों के सभी समुदायों के बीच सद्भाव, भाईचारा और सौहार्दपूर्ण संबंध बना रहे। बनर्जी ने केंद्र सरकार पर सीमा के दूसरी ओर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के बावजूद 'पिछले 10 दिन से चुप रहने' का आरोप लगाया ।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, ''वे (स्थानीय भाजपा नेता) अपने केंद्रीय नेतृत्व से बांग्लादेश की स्थिति में केंद्र से सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करने के लिए क्यों नहीं कहते? इसके बजाय, उनके नेता हमारी सीमाओं पर माल की आवाजाही बंद करने की मांग कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' उन्हें पता होना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय सीमा समझौतों के मुताबिक माल की आवाजाही पर रोक लगाना हमारे हाथों में नहीं है । हम बस केंद्र द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार ही कदम उठा सकते हैं।'' इस बीच भाजपा ने सीमा पार सताये जा रहे हिंदुओं की जिंदगी एवं आजीविका को बचाने की मुख्यमंत्री की इच्छा पर सवाल उठाया।

विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने हिंदू संतों के विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए पेट्रापोल सीमा की ओर जाते समय कहा, ''उनके पास अपने सांसद हैं जिन्हें संसद में इस मामले को उठाना चाहिए, जो उनकी सही राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतिबिंब होगा। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि बांग्ला भाषी हिंदुओं के अस्तित्व का संकट है, और मुख्यमंत्री को राजनीति से ऊपर उठकर उनके साथ खड़ा होना चाहिए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले सप्ताह जब वह और अन्य प्रदर्शनकारी बांग्लादेश उच्चायोग की ओर कूच कर रहे थे तब बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अपनी पुलिस से बैरीकेड लगवा दिया।

हालांकि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति सैन्य मिशन की तैनाती की बनर्जी की मांग का समर्थन किया एवं दावा किया कि दो-तीन दिन पहले उन्होंने भी यह मांग की थी। इस बीच भाजपा के बंगाल मामलों के सह प्रभारी अमित मालवीय ने कहा, '' ममता बनर्जी को बांग्लादेश में हिंदुओं की खातिर घड़ियाली आंसू बहाना बंद कर देना चाहिए....।''

## उत्तर प्रदेश सरकार सिलिका रेत खनन इलाकों में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए : एनजीटी

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन क्षेत्रों में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करने का निर्देश दिया है, जहां निजी पट्टाधारक सिलिका रेत का खनन कर रहे हैं।

अधिकरण शंकरगढ़, परवेजाबाद, लालापुर, बांकीपुर, जनवा और धारा सहित प्रयागराज जिले के कुछ हिस्सों में अवैध सिलिका रेत खनन पर एक याचिका की सुनवाई कर रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि खनन की उपयुक्त प्रक्रिया का पालन किए बिना अनधिकृत खनन के कारण लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है और उन्हें सिलिकोसिस सहित कई बीमारियां हो रही हैं। सिलिकोसिस फेफड़े से जुड़ी बीमारी है जो बड़ी मात्रा में सिलिका धूल के फेफड़े में प्रवेश करने के कारण होती है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 29 नवंबर के आदेश में, पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन करने को लेकर 12 निजी पट्टाधारकों को मुआवजा देने का निर्देश दिया। पीठ ने 14 निजी पट्टाधारकों को सिलिका धुलाई संयंत्र में भूजल के अवैध दोहन के लिए जुर्माना भरने का भी आदेश दिया। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी हैं। अधिकरण ने कहा, ''उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संबद्ध विभागों के साथ समन्वय कर उन इलाकों में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करने के लिए तत्काल कदम उठाये।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।